राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 पीसीबी ने ड्रॉट शेड्यूल में भारत के सभी मैच लाहौर में ...

राफा में नरसंहार रोकने की कोशिश; नेतन्याहू को मनाने में जुटा ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 348 | पटना, शुक्रवार, 03 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### यूएससीआईआरएफ राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन : भारत

नई दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता संबंधी अमेरिकी आयोग पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वार्षिक रिपोर्ट के नाम पर भारत को लेकर उसका दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी है। धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन को लेकर भारत की आलोचना करने वाली यूएससीआईआरएफ रिपोर्ट पर असामान्य रूप से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उसे राजनीतिक एजेंडे वाले पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, हमें यह उम्मीद नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग भारत के विविधतापूर्ण, बहुलवादी और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश भी करेगा। जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अपनी नई वार्षिक रिपोर्ट में, यूएससीआईआरएफ ने धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन के साथ ही कुछ अन्य मुद्दों पर भारत की आलोचना की है।

### भाजपा में शामिल हुईं अभिनेत्री रूपाली गांगुली

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले मशहूर अभिनेत्री और चर्चित टेलीविजन सीरियल अनुपमा में मुख्य किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह-प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने गांगुली का पार्टी में स्वागत किया और इस अवसर का इस्तेमाल सपा नेता मारिया आलम की वोट जिहाद की अपील को लेकर विपक्षी दलों पर हमला करने के लिए किया। आलम ने फरुखाबाद लोकसभा सीट से विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के लिए वोट मांगते हुए वोट जिहाद का आह्वान किया था और कहा था कि मौजूदा हालात में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल करना जरूरी है।

### रसोई गैस सिलेंडर फटने से महिला और तीन बच्चों की जलकर मौत

किशनगंज-पटना। बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली इलाके में एक घर में रसोई गैस के एक सिलेंडर के अचानक फटने के बाद लगी आग में 30 वर्षीय एक महिला और उसके तीन बच्चों की जलकर बुधवार सुबह मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किशनगंज जिले के पौआखाली इलाके के ननकार गांव में एक घर में खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर के अचानक फटने से हुए हादसे में चार लोगों की जान जाने पर शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, नीतीश ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए घटना में घायल हुए लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से मृतक के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया, मैंने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारी विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

मुख्यमंत्री ने मधेपुरा व सुपौल लोस सीट के लिए चुनावी सभा को किया संबोधित

# हमारे लिए पूरा बिहार ही हमारा परिवार है : नीतीश

- सीएम का तंज -उनके लिए तो परिवार ही सबकुछ है
- विपक्ष वाला खाली क्रेडिट लेने में जुटा रहता है

प्रात : किरण

पटना/सुपौल/ मधेपुरा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्य विपक्षी दल राजद पर एक बार फिर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सुपौल के राघोपुर प्रखंड स्थित लखीचंद साहू उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 के पहले वह लोग 15 साल शासन किए। तब कोई काम होता था? कहीं बिजली थी? सड़क था? अपने जब कुर्सी छोड़ना पड़ा तो पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया। अब बेटा बेटी, सबको चुनाव मैदान में उतार दिया है। उनके लिए तो परिवार ही सबकुछ है। हम 2005 में आए तो सारा काम कराए और अभी भी हो ही रहा है।

हर घर बिजली पहुंचाए, सड़क से लेकर अस्पताल और शिक्षण संस्थान बनवाए। पैसा नहीं था तो विश्व बैंक से कर्जा लिए। क्योंकि हमारे लिए पूरा बिहार ही हमारा परिवार है। मंच पर जितने लोग बैठे हैं, किसी का परिवार राजनीति में नहीं है। जाति जनगणना हम करवाए और आरक्षण को 50 फीसदी से बढा कर 65 फीसदी कर दिए। लेकिन विपक्ष वाला खाली क्रेडिट लेने में जुटा रहता है। केंद्र सरकार के तरफ से गरीब सवर्ण के लिए भी 10 फीसदी आरक्षण लागू है। नगर निकाय और पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 के पहले हम केंद्र सरकार में भी मंत्री थे। तब देखते थे कि विभिन्न राज्यों में स्वयं सहायता समूह चल रहा है। जब बिहार में हमको मौका मिला तो विश्व बैंक से कर्जा लेकर महिलाओं का स्वयं सहायता समूह बनाए और उसका नाम रखे जीविका। बाद में उस समय के केंद्र के सरकार ने हमारा ही मॉडल देखकर पूरे देश में आजीविका नाम से स्वयं सहायता समूह बनाया। आज बिहार में 10 लाख से ज्यादा जीविका समूह है, जिसमें एक करोड़ से ज्यादा महिला शामिल है और सबको हम जीविका दीदी बुलाते हैं।

अब तो शहर में भी दीदियों का समूह बन रहा है। सीएम ने कहा कि हर पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनवा रहे हैं और अगले साल तक सबका काम पूरा हो जाएगा। पहले लोग केंद्र और राज्य सरकार को ही सरकार समझते थे। हम अब पंचायत को भी अपना सरकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले सरकारी अस्पताल में महीना में 39 मरीज जाता था इलाज कराने और अब यह स्थिति है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महीना में 11000 से ज्यादा मरीज का इलाज होता है। हर जिला में इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज खुल गया है। हर अनुमंडल में एएनएम और जीएनएम कॉलेज खोले हैं। कृषि फीडर से किसानों को बिजली दे रहे हैं।




सीएम ने कहा कि 2020 के चुनाव में हम लोग बोले थे कि 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे। अभी तक 3 लाख लोगों को नौकरी और 5 लाख को रोजगार दे चुके हैं। एक लाख नौकरी पाइपलाइन में है, वह भी जल्दी पूरा हो जाएगा। इस साल के अंत तक जो 10 लाख नौकरी का वादा किए हैं, वह पूरा करेंगे, और जरूरत पड़ेगा तो उससे ज्यादा भी बहाली करेंगे। लेकिन जिस पार्टी को 15 साल जनता ने मौका दिया और कुछ काम नहीं किया वह लोग झूठ बोलकर वोट मांगने आता है। वोट डालते समय इस बात को याद रखिएगा। सीएम ने कहा कि 2008 में जब कोशिका बांध टूटा था तब सहरसा सुपौल और मधेपुरा के लोग कुशहा त्रासदी में परेशान थे। तब भी हम लोग यहां लगातार काम में जुटे रहे। बहुत काम कर चुके हैं, और जो बाकी बचा है, उस पर भी काम चल ही रहा है। सुपौल में 605 करोड़ की लागत से लोहिया मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। सीएम ने अन्य कई उपलब्धियां भी गिनाई और लोगों से निवर्तमान जदयू सांसद दिलेश्वर कामैत के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव, विधान परिषद के पूर्व कार्यकारी सभापति हारून रशीद सहित अन्य नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**राजद शासनकाल में भय एवं भ्रष्टाचार का माहौल था :** उदाकिशुनगंज में नीतीश कुमार ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा करते राजद और कांग्रेस पर जोरदार हमला किया।उन्होंने कहा कि मेरे लिए पूरा बिहार एक परिवार की तरह है। कुछ लोग अपना परिवार पत्नी, बेटा, बेटी को मानते हैं। जदयू और बीजेपी का कोई परिवार है क्या। एनडीए प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव के समर्थन में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित हरिहर साहा महाविद्यालय मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते यह बातें कही।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल 2005 के पूर्व के बिहार की याद दिलाते हुए कहा कि बिहार में भय एवं भ्रष्टाचार का माहौल था। उस समय बिहार का सालाना बजट 24 हजार करोड़ रूपया था, लेकिन अभी बिहार का सालाना बजट दो लाख 72 हजार करोड़ रूपया है। कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित अन्य क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी मदरसा को मान्यता भी दे दी गई है। जिसे अन्य सरकारी स्कूलों की तरह लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में चार लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया गया है और बहुत जल्द एक लाख और लोगों को रोजगार दिया जाएगा। इसलिए आप लोग दायें बाएं मत देखिए और एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से चुनाव जिताइये। उन्होने कहा कि लालू परिवार सिर्फ अपने ही परिवार के बारे में सोचता है और हम पूरे बिहार के बारे में सोचते हैं। इस दौरान मंच पर मंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ एनडीए घटक दल के कई नेता मौजूद रहे।

केन्द्रीय रक्षामंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित

# लोकतंत्र बिना लोकलाज के नहीं चल सकता : राजनाथ

## बोलें-जनता को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा है

प्रात : किरण

छपरा/एजेंसी। केंद्रीय रक्षामंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मामलों में आरोपित होने के बावजूद ये दोनों दल लोगों के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं, इनमें थोड़ी तो लोक-लाज होनी चाहिए। श्री सिंह ने गुरुवार को सारण संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस-राजद पर भ्रष्टाचार का आरोप है। ये लोग बिना भ्रष्टाचार के चल ही नहीं सकते हैं। उसके बाद भी लोगों के बीच जाकर वोट मांगते हैं। थोड़ी तो लोक-लाज होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बिना लोकलाज के नहीं चल सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से चला 100 पैसा पूरा का पूरा ही आपके क्षेत्र में चला आता है जबकि पूर्व की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में 100 में से 85 पैसे ऊपर ही ऊपर खत्म हो जाते थे और मात्र 15 पैसे ही आपके पास आते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी ने आधार कार्ड, जनधन और मोबाइल की त्रिमूर्ति के कारण ही यह काम सम्भव हो सका है। श्री सिंह ने कहा, आप एक सांसद नहीं बल्कि एक बड़ी हस्ती को चुनने जा रहे हैं। राजीव प्रताप रूडी सांसद हैं और दिल्ली में कम समय देते हैं। पूछे जाने पर बताते हैं कि जिस जनता ने मुझे चुनकर भेजा है उनके बीच रहने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा, राजीव प्रताप रूडी एक कुशल पायलट हैं और मुझे भरोसा है कि वे बाकी सभी को हवा में उड़ा देंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि सारण की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। अब मुझे यह भी भरोसा है कि बिहार में लालटेन युग की वापसी नहीं होगी। इस मौके पर श्री रूडी ने सारण से राजद उम्मीदवार और पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य पर जमकर निशाना साधा और कहा, रोहिणी ने वोट के लिए खून का हवाला दिया, इसका क्या मतलब है।

# चुनाव के दौरान प्रस्तावित योजनाओं के लाभार्थियों के सर्वे पर कार्रवाई करेगा आयोग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए संभावित लाभाथीर्यो के सर्वेक्षण और लोगों से विवरण की अपील जारी न करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अधिकारियों से इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने इस तरह के सर्वे और अपील को गंभीरता से लिया है और इसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 (1) के तहत मतदाताओं को रिश्वत देने जैसा भ्रष्टाचार मानता है। आयोग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहे हैं जो किसी वैध सर्वेक्षण और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के




लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच के अंतर को धुंधला करती हैं। आयोग ने इस समय चल रहे आम चुनाव 2024 में इस प्रकार की विभिन्न घटनाओं पर गौर करते हुए आज इस सबंध में एक परामर्श-पत्र जारी किया है।

इसमें सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन/सर्वेक्षण/ऐप के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने और उससे दूर रहने के लिए कहा गया है। आयोग ने कहा कि चुनाव के बाद के प्रस्तावित लाभों के लिए पंजीकरण करने के लिए व्यक्तिगत मतदाताओं को आमंत्रित करना या उनका आह्वान करना उनके बीच पारस्परिक लेन-देन के सौदे का आभास उत्पन्न कर सकता है।

यह एक विशेष तरीके से एकतरफा मतदान के प्रलोभन की व्यवस्था है। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वैधानिक प्रावधानों के तहत ऐसे किसी भी विज्ञापन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जैसे कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 ए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 (1), और भारतीय दंड संहिता की धारा 171 (बी) के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# राजग शासन में ही बिहार का हुआ है विकास : नड्डा

## कहा- भारत 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा

प्रात : किरण

अररिया/एजेंसी । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए इसे भ्रष्ट लोगों और राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा देने वालों का कुनबा बताया। नड्डा ने अररिया में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट लोगों की रक्षा कर रहा है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, मोदी जी के 10 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के रहे। एक तरफ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण है, तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस के



शासन की लूट, कुशासन और उनके परिवार का कल्याण। नड्डा ने कहा कि राजग शासन में ही बिहार का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि वाराणसी से कोलकाता तक छह लेन का कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है जो बिहार से होकर गुजरेगा। नड्डा ने कहा, जब मोदी जी सत्ता में आए तो हम अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में 11वें स्थान पर थे और अब हम ब्रिटेन और अन्य मजबूत देशों को पीछे छोड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गये हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा। इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने जे पी आंदोलन के समय के लालू प्रसाद को भी देखा है जो अब राहुल गांधी (कांग्रेस नेता) को मटन बनाना सिखा रहे हैं। यह कैसी जुगलबंदी हो रही है। जिस लालू प्रसाद ने जयप्रकाश नारायण (जेपी) आंदोलन के समय परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायी थी, आज वही आकंठ भ्रष्टाचार में डूबकर उन कांग्रेसियों के साथ हाथ मिलाकर खड़े हो गए जिनके खिलाफ आपातकाल के दौरान आपने लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा, आज आरजेडी का मतलब रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल है। आर का मतलब रिश्वतखोरी, जे का मतलब जंगलराज और डी का मतलब दलदल है। नड्डा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के ज्यादातर नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्ट लोगों को बचाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस पार्टी ने कोयला घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, 2जी घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला किया। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने कोविड महामारी का बेहतरीन ढंग से मुकाबला किया। उन्होंने कहा, कोरोना का टीका देश को नौ महीने में ही मिल गया था। सौ देशों को टीका भेजा गया और 48 देशों को हमने मुफ्त में टीका दिया। मोदी जी के नेतृत्व में भारत, मांगने वाला भारत नहीं, देने वाला भारत बन गया है। उन्होंने दावा किया आज गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, बच्चे, युवा, महिला और किसान प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण ताकतवर हो गये हैं।

# 17 महीनों में 5 लाख लोगों को नौकरियां दी : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भाजपा पर लगातार हमलावर हैं। तेजस्वी अपने चुनावी सभाओं में लगातार नौकरी, रोजगार को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साध रहे हैं। अब तेजस्वी यादव ने दुनिया में चार चीजों का जिक्र किया है। उन्होंने अपने सोशल एकाउंट एक्स पर लिखा है कि यह कभी संभव नहीं हो सकता है। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए लिखा है कि उनके लिए



यह काम कर पाना असंभव है। जिन चार चीजों का होना तेजस्वी यादव ने असंभव बताया है। उनमें सूरज का पश्चिम से उगना, रेगिस्तान में मछली पकड़ना, आसमान में पेड़ लगाना शामिल है। इसके अलावा जिस चौथी चीज को तेजस्वी यादव ने असंभव बताया है। वह है नौकरी, रोजगार, प्रेम अमन व भाईचारे की बात पीएम मोदी से सुनना। तेजस्वी यादव अपनी कई सभाओं में अपने 17 महीने के कार्यकाल में बिहार में चार लाख नौकरी का जिक्र करते हुए नजर आते हैं। साथ ही वह लगातार पीएम मोदी पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह कभी भी नौकरी , रोजगार, प्रेम अमन व भाईचारे की बात नहीं करते हैं। वहीं, गुरूवार को मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी ने कहा है कि सर्वप्रथम देश-प्रदेश में हमने 10 लाख नौकरियों की बात की तो मुख्यमंत्री कहते थे कि यह असंभव है, बजट में पैसा कहाँ से आएगा? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पटना बुलाकर भाजपा ने घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि भाजपा 19 लाख रोजगार देगी। ये लोग 17 वर्षो तक सरकार में रहे कभी नौकरी-रोजगार नहीं दिया। 17 महीनों में हमने उपमुख्यमंत्री की हैसियत से ही 5 लाख नौकरियां दी और 3 लाख प्रक्रियाधीन करवाई।

# राहुल ने भाजपा पर लगाया प्रज्वल रेवन्ना का समर्थन करने का आरोप

प्रात : किरण

शिवमोग्गा/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को हासन के सांसद एवं जद (एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना पर जोरदार हमला करते हुए हालिया सेक्स स्कैंडल को सामूहिक दुष्कर्म बताया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते को समर्थन देने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने यहां एक चुनावी रैली के दौरान जोर देकर कहा, प्रत्येक भाजपा नेता अच्छी तरह से जानता था कि प्रज्वल रेवन्ना एक सामूहिक दुष्कर्मी है, फिर भी उन्होंने जेडीएस के साथ गठबंधन करके उसका समर्थन करने का फैसला किया। उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना पर जघन्य अपराधों का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं के साथ बलात्कार किया और वीडियो रिकॉर्ड किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर एक सामूहिक बलात्कारी का खुले तौर पर समर्थन किया। उन्होंने श्री मोदी से महिलाओं से माफी मांगने की मांग की।इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने आज घोषणा की कि प्रज्वल की गिरफ्तारी के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि उस पर महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपनी विदेश यात्रा के कारण विशेष जांच दल के सामने पेश होने के लिए सात दिन की मोहलत की प्रज्वल की याचिका के बावजूद, 24 घंटे से अधिक समय देने का कोई प्रावधान मौजूद नहीं है। डॉ. परमेश्वर ने कहा, जैसे ही पता चला कि प्रज्वल विदेश चला गया है, लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। हमने लुकआउट नोटिस के बारे में सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को सूचित कर दिया है।

चुनाव | पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित, विपक्ष पर कसा तंज

# यह चुनाव मोदी के मिशन के लिए है न कि निजी महत्वाकांक्षा के लिए: प्रधानमंत्री

प्रात : किरण

जूनागढ़/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव उनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नहीं, बल्कि उनके मिशन को पूरा करने के लिए है। उन्होंने गुजरात के जूनागढ़ में एक चुनावी रैली में कहा कि एक मजबूत और स्थिर सरकार न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ये चुनाव मेरी महत्वाकांक्षा के लिए नहीं हैं, क्योंकि लोगों ने 2014 में उस महत्वाकांक्षा को पूरा किया है। 2024 का चुनाव मोदी के मिशन के लिए है। विपक्षी कांग्रेस पर खतरनाक मानसिकता रखने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि इसका घोषणापत्र मुस्लिम लीग की भाषा में लिखा गया है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के लिए यह चुनाव अपना अस्तित्व बचाने के लिए है और इसके वास्ते वह अपने मजहबी वोट बैंक की मदद ले रही है। अपने



संबोधन में उन्होंने कांग्रेस को जम्मू एवं कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने, संशोधित नागरिकता कानून हटाने और तीन तलाक को प्रतिबंधित करने वाले कानून को खत्म करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, मैंने अनुच्छेद 370 को दफन कर दिया है। यह अब चला गया है। मैं कांग्रेस के शाही परिवार और उसके शहजादे को चुनौती देना चाहता हूं कि अगर आपका छिपा हुआ एजेंडा है तो खुले में आइए और लोगों को बताएं कि आप अनुच्छेद 370 बहाल करने की कोशिश करेंगे। मोदी ने कहा, मैं देखना चाहता हूं कि बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का अपमान करने का उनमें कितना साहस है। आप (कांग्रेस) असफल होंगे क्योंकि यह मोदी (आपके रास्ते में खड़ा) है। कच्चातिवु द्वीप विवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान, केंद्र सरकार को भारत के पास द्वीपों की सटीक संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा, मैंने फिर उपग्रह से सर्वेक्षण कराया और पाया कि हमारे पास 1,300 द्वीप हैं। उनमें से कुछ सिंगापुर जितने बड़े हैं। हम उनमें से कुछ को पर्यटन उद्देश्यों के लिए विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने दक्षिण भारत को अलग करने और एक नया राष्ट्र बनाने की बात कही थी जबकि विपक्षी ह्यइंडियाह्न गठबंधन के सदस्य भी इसी तरह के बयान देते हैं। मोदी ने कहा, कांग्रेस नेताओं को विभाजन की यह मानसिकता विरासत में मिली है। यह कांग्रेस ही थी जिसने सत्ता के लिए देश के विभाजन को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने करीब 30 साल पहले श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप उपहार में दिया था मानो यह उनकी निजी संपत्ति थी। उन्होंने कहा, यदि सरदार पटेल मौजूद नहीं होते तो जूनागढ़ पाकिस्तान चला गया होता। अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो देश के लिए खतरनाक स्थिति पैदा करेगी। वे कच्छ के रेगिस्तान को यह कहकर छोड़ सकते हैं कि वहां कोई नहीं रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को इसकी परवाह नहीं है और उसने कई निर्जन द्वीप दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर खुली छूट दी गई तो वह पार्टी हिमालय की चोटियों को बेच देगी। भगवान राम और भगवान शिव से संबंधित एक हालिया टिप्पणी के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल ने ऐलान किया है कि यह चुनाव भगवान राम के खिलाफ लड़ाई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनका उद्देश्य भगवान राम को हराना है और भगवान शिव भगवान राम को हराएंगे।

# वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बने नौसेना के वाइस चीफ, कार्यभार संभाला

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना का अगला उप प्रमुख नियुक्त किया है। उन्होंने बुधवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को याद करके पदभार ग्रहण किया। उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वर्तमान कार्यभार से पहले वे नौसेना मुख्यालय में कार्मिक प्रमुख के पद पर तैनात थे। फ्लैग ऑफिसर को 01 जुलाई, 1987 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था और वह संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञ हैं। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला, संयुक्त सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज श्रीवेनहम, यूनाइटेड किंगडम, कॉलेज ऑफ नेवल वारफेयर, करंजा और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड, यूएसए के पूर्व छात्र हैं। अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित वाइस एडमिरल ने अपने नौसैनिक करियर में कई प्रमुख परिचालन स्टाफ और प्रशिक्षण नियुक्तियों पर काम किया है। उन्होंने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य के अलावा मिसाइल जहाजों आईएनएस विद्युत, आईएनएस विनाश, मिसाइल कार्वेट आईएनएस कुलिश, निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मैसूर और आईएनएस मैसूर की कमान संभाली है। रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर उन्होंने दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय में मुख्य कर्मचारी अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में कार्य किया और भारतीय नौसेना में प्रशिक्षण के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय नौसेना सुरक्षा टीम के गठन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो नौसेना के सभी क्षेत्रों में परिचालन सुरक्षा की देखरेख करती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा-माले ने मनाया मजदूर दिवस

फतुहा। बीते बुधवार को भाकपा-माले द्वारा प्रखंड कार्यालय व आजाद नगर उसफा में मजदूर दिवस मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में शहीद साथियों को 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और मजदूर की अधिकार के बारे में संविधान के बारे में विशेष रूप से बताया गया और संविधान के तहत तमाम देशवासियों को चलने का और संविधान की रक्षा करने के लिए एकता और मजदूरों की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया गया। जिसमें मजदूरों को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव एवं कामरेड मुन्ना पंडित ने कहा कि एक मई को हर वर्ष मजदूर दिवस मनाया जाता है। लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ के नारे के साथ दुनिया के मजदूर एक हो जिस तरह से आज पूरे देश में मजदूरों के अधिकार पर लगातार हमले हो रहे हैं अपने अधिकार को लड़कर लेंगे लड़कर लेंगे। इंकलाब जिंदाबाद और दुनिया के मजदूर एक हो। कार्यक्रम में भाकपा माले के कार्यकर्ता साधु शरण यादव, मुन्ना पंडित, डॉ अवधेश कुमार, बिंदा पासवान, विष्णु कुमार, मंजू देवी, गोरकी देवी, कामरेड पंकज यादव, दीनानाथ केसरी, सुदामा दास, कपिल पंडित, प्रदीप यादव सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया।

### महिमा मंदिर के निकट पनशाला की शुरूआत की गई

दानापुर नगर के अंतर्गत सर्वजन कल्याण समिति रुकनपुरा अंबेडकर पथ महिमा मंदिर के पास जन कल्याण समिति ने गर्मियों के मौसम में जरूरतमंद राहगीरों के लिए एक अद्वितीय पहल को सफलतापूर्वक पूरा किया। महिमा मंदिर के निकट पनशाला की शुरूआत की, जिसमें दीघा विधायक संजीव चौरसिया के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में सभी वर्ग के लोग भी शामिल थे। पनशाला राहगीरों को ठंडा पेय जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है।समिति के आध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ह्यटिकलह्न ने इसे नामी सामाजिक कार्यक्रम के रूप में देखा और उम्मीद की थी कि यह समारोह समाज में गरीबी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। समारोह की सफलता की सराहना की है। यह पनशाला अनेक गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए एक आश्रय स्थल के रूप में उपर्युक्त है और समिति इसे सफल बनाने के लिए अपने सभी सदस्यों की भी आर्ध्यान करती है।मौके पर सचिव शशि कु० सिन्हा, कृष्णा मुखर्जी, सतीश पासवान, मिथिलेश कु० सिन्हा, संजीव कर्ण, संतोष कु० सिन्हा, ए० के० पाण्डे, रमेशचन्द्र रमण, कुमार विवेक, उमेश प्रसाद, अरूण सिंह, श्याम किशोर प्रसाद, प्रो. ललन कुमार, मदन पासवान, उमेश चन्द्रा, एन०के० गुप्ता, देवेन्द्र कुमार लाल, अनिल कुमार सिन्हा एवं निकुंज कुमार सहित कई गणमान्य एंव स्थानीय निवासी उपस्थित थे

### गुरुद्वारा बाल लीला में फेज-2 के पहली मंजिल की अरदास बाद ढलाई

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत परिसर में लगातार संगतों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए कमरे के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। फेज-1 में पांच मंजिला इमारत में 50 आधुनिक कमरे के निर्माण का काम चल रहा है। वहीं इसके बगल में फेज-2 के तहत 20 आधुनिक कमरों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए पहली मंजिल के लिंटर का काम पूरा किया गया। इसके पूर्व तख्तश्री पटना साहिब के कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह और ज्ञानी सतनाम सिंह ने अरदास किया। इस दौरान स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा मिंटा सिंह, बाबा चमकौर सिंह, बाबा बलबीर सिंह, बाबा जसप्रीत सिंह, इंजीनियर मनप्रीत सिंह, राजन सिंह आदि मौजूद थे। बाबा गुरविंदर सिंह ने कहा कि फिलहाल बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह का पूरा ध्यान पटना साहिब में संगतों की बढ़ रही संख्या और कमरों की कमी को पूरा करने की ओर है। यही कारण है कि गुरुद्वारा बाललीला परिसर में बड़ा अंडरग्राउंड वाहन पार्किंग के साथ ही 50 आधुनिक कमरे का निर्माण के लिए काम चल रहा है ।

### प्रख्यात सर्जन पद्मश्री डॉ नरेंद्र प्रसाद के निधन

पटना सिटी (प्राकि)। प्रख्यात सर्जन पद्मश्री डॉ नरेंद्र प्रसाद के निधन से अधिकांश लोग मर्माहत हैं। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि वह एक मृदुभाषी, मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति होने के साथ ही एक अच्छे चिकित्सक भी थे। उनका निधन खासकर पटना वीडियो के लिएअपूरणीय क्षति है। पटना सिटी व्यापार मंडल के महामंत्री तथा प्रदेश कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिन्हा ने उनके निधन को दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से ही दीवान मोहल्ला स्थित जर्जर श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया गया था।

# जुआ व गेसिंग अड्डे पर छापा में सात गिरफ्तार, नगद व सामान जब्त

● चोरी की स्कूटी चलते वाहन चोर गिरफ्तार, गाड़ी जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सलामी थाना की पुलिस ने नूरुद्दीन गंज में जुआ और गेसिंग का अड्डा चने की सूचना पर छापेमारी किया इस दौरान सच लोगों को गिरफ्तार किया गया साथ ही नगदी सहित कैलकुलेटर रोल्डर कॉपी कटा हुआ टिकट पर्ची 22 रसीद कीपैड मोबाइल आदि बरामद किया गया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि पटना सिटी के डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार का निर्देश मिला था कि हर हाल में गेसिंग कूपन के खिलाफ अभियान चलाया जाए इसी आधार पर नुरुद्दीनगंज में जुआ और गेसिंग चलने की सूचना पर छापेमारी की गई। यहां से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में भट्ठी पर सोडा गोदाम का रहने वाला बबलू ठाकुर पिता महादेव ठाकुर, पिंटू मेहता पिता रामविलास महतो, विनोद महतो पिता स्व राजकुमार महतो, जमुनापुर ब्रह्मस्थान का रहने वाला राजेश कुमार पिता भोला पंडित, बुंदेल टोली का रहने वाला कन्हाई कुमार पिता विजय राय, राजेश कुमार पिता स्व सरयुग प्रसाद, नुरुद्दीनगंज का रहने वाला विनय सिंह पिता स्व रामानंद सिंह है। इन सबों के पास से एक कैलकुलेटर, एक मार्कर, एक रूलदार कॉपी, 22 कटा हुआ टिकट/पर्ची, 11,500 नगद, ब्लू रंग का झोला, तीन पीस रसीद (जिसमें दो में से फटा हुआ) एवं तीन की-पैड मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में मालसलामी थाना में कांड 219 धारा 11 बंगाल जुआ अधिनियम दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, परीक्ष्यमान एसआई अखिलेश कुमार, एएसआई संजय कुमार, अनिरुद्ध कुमार राय, निरंजन कुमार यादव, सिपाही संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव, संजीत कुमार और गौतम कुमार शामिल थे।

वाहन जब्त

इसी थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान मालसलामी रेल गुमटी के पास से एक स्कूटी जब्त किया है। उक्त स्कूटी पर पंजीयन संख्या बीआर 01एचएल 1334 के चालक को चोरी के स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ने अपना नाम पिंटू कुमार पिता किरू चौधरी, जो फतुहा थाना क्षेत्र के अदालतपुर बताया है। इस संबंध में मालसलामी थाना में कांड 218/24 दर्ज किया गया है।

## मुखिया पति को आजीवन कारावास की सजा

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत गुरूवार को दानापुर व्यवहार न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश पांच श्री प्रकाश ने छोटी टंगरैला नौबतपुर में 35 वर्षीय रूपेश कुमार की हत्या के मामले में नौबतपुर के मुखिया पति पप्पु सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त पप्पु सिंह मृतक की मां के सामने ही उसके पुत्र रूपेश की सिर में गोली मारकर निर्दयपूर्ण हत्या कर डाली थी। हत्या के वक्त पप्पू का साथ देने वाला नाबालिक का अभी मामला जुवेनाइल कोर्ट में लंबीत है। प्रभारी एपीपी रामकेश्वर प्रसाद ने बताया कि मामले की सेक्शन 274/21, नौबतपुर कांड संख्या 93/20 मे सूचिका मृतक की मां एवं राम बाबू सिंह की पत्नी ने अपने दिये बयान में बताया था कि विगत 19 फरवरी 2020 की रात्रि छोटी टंगरैला, नौबतपुर अपने घर में सोयी हुई थी। बगल के कमरे में उसका पुत्र रूपेश कुमार बेनी बिगहा, बिक्रम का रहने वाला अपने एक नाबालिग रिश्तेदार दीपक के साथ सोया हुआ था। रात करीब 2:30 बजे के करीब पास के कमरे से लड़ाई झगड़े की आवाज सून वह उठकर पुत्र के कमरे में चली गई। वहां पर पप्पू सिंह मौजूद था। वह उसे देखकर उसे पटक दिया और गमछा से मुंह बांध दिया। इस घटना में नाबालिग रिश्तेदार भी पप्पू सिंह का साथ दे रहा था। पप्पू सिंह अपने पास रखे पिस्टल निकाल उसके पुत्र के सिर में गोली मार दी और दोनों फरार हो गये। एपीपी ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश पांच ने मामले की सुनवाई करते हुए 302/34 के तहत आरोपी पप्पु सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा के साथ 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।इसरे साथ 120/इ के तहत 7 वर्ष का कारावास, 1 हजार रुपए का जुमार्ना, 27 आर्मस एक्ट के तहत 5 वर्ष की सजा व 5 हजार रुपए जुमार्ना लगाया है जो सभी सजा साथ साथ चलेगी। वहीं आरोपी का साथ देने वाला नाबालिग का अभी मामला जुवेनाइल कोर्ट में लंबीत है

## अर्पाटमेंट से गिरने पर विवाहिता की दर्दनांक मौत

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आशोपुर स्थित इन्द्रावती अर्पाटमेंट के चौथी मंजिल से गिरकर एक 28 वर्षीय विवाहिता की दर्दनांक मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंचे मृतक के भाईयों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट करने व चौथी मंजिल के फेक कर हत्या करने की बात कही है। उन्होने ससुराल पक्ष के सभी परिवार को आरोपी बनाते हुए स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतिका के पति व ससूर को गिरफ्तार किया है जबकी मृतिका का डेढ़ वर्षीय पुत्र को सास व ननद लेकर फरार हो गई है। मुसल्लहपुर, पटना के रहने वाले मृतिका पूजा कुमारी उर्फ खुशबू का भाई अशोक कुमार झा ने दर्ज मामले में बताया है कि विगत 26 अप्रैल 2022 को जयनगर, मधुबनी के रहने वाले सदानंद झा के पुत्र गौरव उर्फ गुड्डू के साथ बड़े धुमधाम से शादी हुआ था। वे लोग फिलहाल सभी परिवार आशोपुर के इन्द्रावती अर्पाटमेंट के फ्लैट नंबर 406 मे रहते है। उन्होने बताया कि बहन को दहेज में 16 लाख रुपए दिये थे। शादी के बाद और 10 लाख रुपए की मांग की जाने लगी। इस बीच मृतिका बहन का एक पुत्र भी हुआ। विगत रात करीब 8:56 बजे उसके बहनोई गौरव फोन पर सूचित किया कि उसकी बहन चौथे तल की बालकोनी से कूद गई है। और उसकी मौत हो गई है। वे आनन फानन में अपने पिता रत्नेश कुमार झा व भाई राकेश रौशन झा के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि बहन का शव कपड़े में लपेटा हुआ है और उसे कार में डाल भागने की तैयारी में है। कपड़े हटा शव को देखा गया तो बहन के शरीर पर पिटाई के जख्म के कई निशान भी मौजूद थे। उन्होने ससुराल के सभी लोगों पति गौरव, ससुर सदानंद झा, सास इंदिरा देवी व दो ननद पर दहेज के लिए मारपीट करने व चौथी मंजिल से फेंककर हत्या करने की बात कह शाहपुर थाने में मामला दर्ज का दिया। मृतिका के भाई ने बताया कि सास व ननद उसके मासूम भगीना को लेकर फरार हो गये है। उन लोगों से मासूम बच्चे को भी जान का खतरा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया है। वहीं इस मामले में मृतिका के पति व ससूर को गिरफ्तार किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## चुनाव को लेकर तैयारी में जुटे अनुमंडल प्रशासन

दानापुर नगर के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को लेकर अंतिम में होने वाले वाले पाटलिपुत्र लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी में अनुमंडल प्रशासन जुटा हुआ है। इसको लेकर गुरूवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में अनुमंडलाधिकारी सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रदीप सिंह के नेतृत्व सेक्टर प्रभारी का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अनुमंडलाधिकारी ने 12डी फार्म एवं आर्दश आचार संहिता व मतदान सभा को लेकर समीक्षा करते हुए सभी सेक्टर पदाधिकारी से अद्धतन जानकारी ली। जिसके बाद आगामी 05 मई तक मतदान सभा कार्य सम्पन्न करने एव 12 डी का कार्य यथाशीघ्र पुरा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी मतदाता तक मतदाता परिचय पत्र वितरण सुनिश्चित कराने को निर्देश दिया गया। ताकि कोई मतदाता परिचय पत्र से वंचित नही रहे। सभी आसानी से मतदान का प्रयोग कर सके। उन्होने मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर मतदाताओ को जागरूकर करने के कार्य का पुरा करने का निर्देश दिया। बैठक में अवर निर्वाचन पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार, प्रखड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद समेत सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हत्या के ब्लाइंड केस को सुलझा दो को किया गिरफ्तार, बाइक व 3 सेल जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर देवी स्थान नहर के सामने, न्यू सेंट्रल हाई स्कूल के पास नहर से बोरा में बंद अज्ञात शव बरामद किया गया था। घटना छह अप्रैल को पूर्वाह्न करीब 10.50 बजे की है। इस ब्लाइंड केस को पुलिस ने सुलझा लिया है और इस संबंध में मृतक की पहचान करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही घटना में इस्तेमाल किया गया मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल को भी जब्त किया गया है। इस संबंध में एएसपी शरथ आरएस ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि छह अप्रैल को पूर्वाह्न करीब 10.50 में पुलिस ने बोरा में बंद अज्ञात शव को बरामद किया था। उसमें युवक का शव था और उसे गोली मार कर हत्या की गई थी। शव की पहचान स्थानीय लोगों के द्वारा नहीं की जा सकी। इस संबंध में बहादुरपुर थाना में कांड 152 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात शव की पहचान करते हुए इस कांड का उद्भेदन किया है। साथ ही घटना में शामिल दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की गई है। तकनीकी विश्लेषण एवं प्रारंभिक अनुसंधान के आधार पर घटना में शामिल अपराधियों की पहचान करते हुए घटना को अंजाम देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में सुलतानगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर टिकिया टोली का रहने वाला छोटू कुमार और विष्णु कुमार, दोनों पिता गुलाब साह है। गिरफ्तार दोनों से पूछताछ की गई, तो दोनों ने अपना दोष स्वीकार करते हुए बताया कि यह सब अवैध कारोबार करते हैं। उसी के तहत लेन-देन में विवाद हो गया। तभी घघा घाट में किराए के मकान में रहने वाला बंटी उर्फ विक्की की हत्या छोटू गैराज में चार अप्रैल की रात गोली मारकर इन लोगों के द्वारा कर दिया गया था। इसके बाद शव को छुपाने एवं साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को बोरा में बंद कर मोटरसाइकिल से सैदपुर स्थित रामपुर नहर में फेंका गया था। गिरफ्तार के द्वारा घटना में शामिल अन्य सहयोगियों का नाम बताया गया है। इस संबंध में साक्ष्य के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मोटरसाइकिल, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 01एफएच 4221, को भी बरामद किया है। इसी बाइक की मदद से शव को ठिकाने लगाया गया था। साथ ही तीन मोबाइल भी बरामद किया गया है। मामले के उद्भेदन में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष पूणार्नेंदु कुमार, परि. एसआई रौशनी कुमारी, एसआई राकेश कुमार, एएसआई विनोद कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, इमरान खान, सिपाही रविरंजन सिंह और सुरेंद्र कुमार दास शामिल थे।

## लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद



पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने 30 अप्रैल से लापता करीब 13 साल के सजल कुमार को राजेंद्रनगर टर्मिनल से बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि रिंकू देवी पति संजय कुमार, जो भैंसानी टोला की रहने वाली है, के द्वारा एक मई को पूर्वाह्न 10 बजे सूचना दी गई कि उनका बेटा सजल कुमार (13 साल) 30 अप्रैल से गायब है। प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए गायब सजल कुमार को राजेंद्रनगर टर्मिनल से बरामद कर लिया गया। किशोर को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

## लू लगने से दैनिक सफाई मित्र की मौत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के वार्ड नंबर 29 के एक सफाई मित्र सुरेश राम की मौत बुधवार को लू लगने के कारण हो गयी। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने इस बात पर रोष प्रकट किया है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष काम के समय में परिवर्तन नहीं होने से निगम के कर्मी लू की चपेट में आ रहे हैं। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामयत्न प्रसाद, संयोजक मंगल पासवान, प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार वर्मा एवं धरमवीर कुमार ने महापौर, उपमहापौर व नगर निगम आयुक्त से तत्काल समझौते के अनुसार पांच लाख और अंत्येष्टि एवं श्राद्धकर्म को पचास हजार रुपया मृतक कर्मी के आश्रित को भुगतान की मांग एवं मृतक के आश्रित को निगम के दैनीक कर्मी में नियुक्ति की मांग की है। समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने बताया कि कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मात्र तीन हजार रुपया का भुगतान किया गया है, जबकी अभी तक अप्राकृतिक रुप से मृत्यु होने पर तत्काल 50 हजार रुपया मृतक के आश्रितों को दिया जाता रहा है। समन्वय समिति के नेताओं ने निगमकर्मियों के लिए निगम में ही चिकित्सकसह स्वास्थ्य पदाधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की है। इससे निगमकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच समुचित ढंग से हो सके। नब्बे के दशक तक नगर निगम में चिकित्सक ही स्वास्थ्य पदाधिकारी हुआ करते थे। निगम के दैनिक और आउटसोर्स कर्मी ने आपस में चंदा कर सुरेश राम की अंत्येष्टि में सहयोग किया।

## न्यू अजीमाबाद कालोनी में पानी के लिए मचा है हाहाकार

शनिचरा मेन पाइप लाइन से पानी मुहैया कराने, रामपुर संप हउस के पास मेन सप्लाई पाइप क्षतिग्रस्त



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड 47 के अंतर्गत न्यू अजीमाबाद कॉलोनी में पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के तत्वावधान में पानी की विकट समस्या को लेकर मो अथर अजीज की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें तीन बिंदुओं पर चर्चा की गई। वर्तमान में इस क्षेत्र में भीषण गर्मी में पानी का हाहाकार है, इसे अविलम्ब दूर किया जाए। शनिचरा मेन पाइप लाइन से इस क्षेत्र को पानी मुहैया कराया जाए और रामपुर संप हाउस के पास मेन सप्लाई पाइप, जो बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। इससे हजारों लीटर पानी सैदपुर नाला में बह रहा है, इसे ठीक कराया जाए। स्थानीय महफूज आलम ने बताया इस क्षेत्र में पानी की किल्लत है। पानी खरी दकर पीना पड़ रहा है। मो कमर ने बताया कि इसकी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर संबंधित पदाधिकारी तक किया गया, जो आश्वासन तक ही रह गया। मो हलीम ने बताया कि पानी संकट के कारण क्षेत्र में त्राहिमाम मचा है। पानी का स्थायी समाधान होना चाहिए। समिति के महासचिव ने बताया यहां व्यापारीगण, दुकानदार से लेकर नौकरी करने वालों की संख्या अधिक है। समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि दुर्भाग्य की बात है कि लगभग दस हजार की आबादी पानी के अभाव में त्रस्त है। खासकर बच्चे, बूढ़े और बीमार व्यक्ति ज्यादा प्रभावित हैं। अध्यक्ष ने तुरंत इस क्षेत्र के जल पर्षद के सहायक अभियंता तिवारी जी को हालात से अवगत कराया। उन्होंने आश्वस्त किया कि कल क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत हो जाएगी। साथ ही स्थायी समाधान हेतु इस क्षेत्र का सर्वे करा चुनाव के बाद समाधान का वादा किया। बैठक का समापन मो महफूज आलम ने किया। इस अवसर पर न्यू अजीमाबाद के स्थानीय नागरिकगण उपस्थित थे।

## सिटी उपकारा के बंदियों को बकरी पालन का दिया गया प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से सिटी के बंदियों को स्वरोजगार के लिए 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपकारा की अधीक्षक श्रीमती बबीता, प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी मो फिरोज आलम, प्रभारी उपाधीक्षक नीतीश कुमार, लिपिक सुरेन्द्र कुमार एवं अन्य कारा कर्मी उपस्थित रहे। अधीक्षक ने संसीमित बंदियों को सामान्य जीवन-यापन के लिए प्रशिक्षण कर स्वरोजगार से आजीविका चलाने का सलाह दिया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि कृषि क्षेत्र में संभावनाओं को देखते हुए बंदियों को 10 दिवसीय बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद यह सभी माननीय कोर्ट के निदेर्शानुसार जेल से छूटने के बाद कम से कम पूंजी में बकरी पालन के क्षेत्र में रोजगार कर सकते हैं। प्रशिक्षत बंदियों को स्वरोजगार स्थापित करने में बैंक की ओर से अआर्थिक दी जाएगी। उपकारा अधीक्षक ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद ट्रेनिंग में मिले ज्ञान का उपयोग कर जीवन को सार्थक बना कर जीवन यापन करें। इस अवसर पर संस्थान के वरिय संकाय राज कुमार, किरण कुमारी, इन्द्रजीत कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## लु से बचाव के लिए आयुर्वेद को अपनायें व बच्चों तथा बुजुर्गों के सेहत का रखे विशेष ख्याल : वैद्य (प्रो.) दिनेश्वर प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। अभी पुरा प्रदेश एवं देश का अधिक्तर भाग भिंषड़ गर्मी, तेज धूप एवं भयंकर लू के थप्पेड़े से परेशान है। बच्चे, बुढ़े, नौजवान सभी गर्म मौसम के कारण होने वाले भिन्न भिन्न प्रकार के रोगों से आक्रान्त हो रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से दस्त, आंव, अनपच, प्यास, जलन, बुखार, बदन दर्द, कमजोरी, शिर दर्द, बार बार आंखों के सामने अंधेरा, आंखों में जलन, नाक से खुन निकलना, सर्दी, जुकाम, चमड़े का रोग, कभी कभी बेहोशी , इत्यादि की शिकायत बहुतायत में देखने को मिल रही है और लोग हताशा में अस्पताल एवं डाक्टरों के यहाँ भागा दौड़ी कर बेहतर इलाज के लिए प्रयास रत हैं। कुछ लोगों को लाभ भी मिल रहा है, पर कुछ लोगों को थोड़ी बहुत लाभ के साथ साथ अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, पैसों का भी दोहन किया जा रहा है।

ज्यादा गंभीर स्थिति हो तो अस्पतालों या डाक्टरों के यहाँ जाना भी चाहिए, पर मेरा ऐसा मानना है कि इन सब रोगियों में से अधिकांश को आयुर्वेद में वर्णित दिन चर्या, रात्रि चर्या, ऋतु चर्या, सदवृत एवं आचार रसायन तथा खान पान में परहेज कराकर, मौसम के अनुरूप आहार का सेवन कराते हुए प्रातः भ्रमण, नियमित आशन, प्राणायाम कर ठीक किया जा सकता है।

बच्चों एवं वृद्ध लोगों को अभी के मौसम में नियमित रूप से प्रातः काल में नियमित रूप से स्नान के पुर्व कच्चे आम को सिधे आम को आग पर पकाकर या पानी में उबाल कर उसके गुदा को पुरे बदन में धिरे धिरे लेप लगाना चाहिए। उसके जगह पर कच्चे दुध में लाल चन्दन को घीस कर या एलोवेरा के गुदा को मसल कर लगाना चाहिए, उसके आधे घंटे बाद स्नान कराकर नारियल या जैतून का तेल लगाना चाहिए। नारियल/डाभ का पानी, छेना का पानी, शौंफ का शर्बत, दही का लस्सी, या मट्ठे का जिरवानी, जल जीरा पिलाना काफी लाभ प्रद होता है। मौसमी फलों का रस भी दिया जा सकता है। खाने में जौ का दलीया ओट, सुज्जी, सिंघाड़े का हलुआ, मुंग का दाल, मौसमी सब्जीयां एवं फलों को थोडे.थोडे अन्तराल पर देते रहना चाहिए।

चाकलेट, कुरकुरे, चिप्स, बिस्कुट, मैगी, कोल्ड ड्रिंक, पैकेट फुड, बजार का नमकीन इत्यादि एक दम न दें। गुलकंद, आंवला, बेल, भतुआ का मुरब्बा, जौ,चन्ना का सतु का मिट्ठा या नमकीन घोल भी दिया सकता है। जरूरत पड़ने पर मुंग का दाल, चावल, रोटी भी प्रयोग किया जा सकता है। तल्ला, भुना एवं तैल में छन्ना व्यंजन भी नहीं देना है। खीरा, ककड़ी, गाजर, मुल्ली, टमाटर इत्यादि का सलाद भी लाभ प्रद होता है। सुराही का पानी पिलाना ठीक रहता है। समय समय पर निंबू, अजवायन, लवंग, खस, पुदीना का पानी/चटनी भी देना लाभ प्रद होता है। कच्चे प्याज का सलाद, एवं कच्चे आम का पानक दिन में दो बार अवश्य दें। विशेष जानकारी के लिए किसी शिक्षित आयुर्वेदज्ञ या निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं :- वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद, निदेशक, अमृत आयुर्वेद, प्रथम तल, पाल मार्केट, पिलर न० 65 के सामने, शेखपुरा राजा बजार पटना।

## राष्ट्रपति के आगमन पर संगतों से अवज्ञा मामले में अध्यक्ष व महासचिव बरी





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अक्टूबर, 2023 में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंची थीं। उस दौरान दरबार साहिब से संगतों को जबरन बाहर किए जाने और सभी गेट से एंट्री बंद करने, उन्हें अपने कमरे में ही रहने के लिए मजबूर होना पड़ा था। इस मामले को अधिकांश संगतों ने श्री अकाल तख्त साहिब में शिकायत पत्र भेजा था। इसे लेकर तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह और अधीक्षक दलजीत सिंह तीनों श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष सशरीर पेश हुए थे। बाद में 21 फरवरी, 24 को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह ने आदेश जारी कर तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारों को सौंपा था। इसमें कहा गया था कि संगतों के साथ हुई अवज्ञा के मामले में कमेटी के अध्यक्ष, महासचिव और अधीक्षक को पंज प्यारे के समक्ष पेश होना होगा। उन सबों के द्वारा जो फैसला सुनाया जाएगा वह उन तीनों को मान्य होगा। कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव बच वह दोनों भी गुरुवार को दरबार साहिब में पंज प्यारों के समक्ष पेश हुए पहले अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही पेश हुए। इसके बाद महासचिव इंद्रजीत सिंह पहुंचे। दोनों ने लिखित में क्षमा याचना की। इस दौरान मौजूद पंज प्यारे जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, ज्ञानी अमरजीत सिंह व ज्ञानी परशुराम सिंह मौजूद थे। इन सबों ने विचार-विमर्श करने के बाद दोनों को 501 रुपए का कड़ाह प्रसाद का भोग लगाने की धार्मिक सजा सुनाई। तदुपरांत दोनों ने इस दिए गए धार्मिक सजा को स्वीकार किया और कड़ाह प्रसाद का भोग लगाया। इसके बाद पंज प्यारों ने दोनों को दोषमुक्त करने का पत्र सौंप दिया। इसके साथ ही दोनों को सरोपा भी प्रदान किया गया। इस मामले में सबसे पहले अधीक्षक दलजीत सिंह पेश हुए थे और उन्होंने हुई भूल चूक लिए क्षमा लिखित में मांगा। इसके बाद पंज प्यारों ने उन्हें तीन दिनों तक आधा-आधा घंटा जोड़ाघर व लंगर घर में सेवा करने, एक घंटा कीर्तन सुनने और तीन दिनों तक कार्यालय में ड्यूटी नहीं करने और अंत में 501 रुपए के कड़ाह प्रसाद का भोग लगाने की धार्मिक सजा दी थी, जिसे उन्होंने पूरा कर लिया है। उन्हें भी दोषमुक्त का पत्र मिल चुका है।

## लोकतंत्र के लिए वोट जरूर करें, छात्रों ने स्टेशन पर दिया संदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हाजीगंज कैमाशिकोह स्थित जीजस एंड मेरी एकैडमी की प्राचार्या पूजा एन शर्मा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा पटना साहिब स्टेशन परिसर में मतदान के प्रति जागरुकता अभियान गुरुवार को चलाया गया। इसमें छात्रों ने अनेक नारों मतदान करो वफादारी से, प्रत्याशी चयन समझदारी से, पहले मतदान फिर जलपान, वोट हमारी आन है, लोकतंत्र की शान है आदि नारों से गुंजायमान कर दिया। पिछले दो चरणों के मतदान ने बहुत ही उदासीन नजारा पेश किया, जहां कम प्रतिशत में मतदाताओं ने अपना मत डाला। विद्यालय के छात्रों ने यह जिम्मा उठाया और लोगों को जागरूक करना कर्तव्य समझा। इसे सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार ओझा एवं आकाश कुमार ने मुख्य भुमिका निभाई। स्टेशन प्रबंधक उपेन्द्र कुमार एवं रेलवे सुरक्षा बल के पदाधिकारी पीके पाण्डेय एवं डॉ विनोद भी अपने को रोक नही पाये और वे भी इन बच्चों के समूह में शामिल हो गए। मौके पर विद्यालय के निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक, उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक एवं प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने स्टेशन प्रबंधक, रेलवे सुरक्षा बल के पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ हो अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकाल कर छात्रों का उत्साहवर्धन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कैशियर व संगत में भिड़ंत, चौक थाना पहुंचा विवाद

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के पुत्र सह कैशियर मनजीत सिंह और संगत इकबाल सिंह उर्फ लक्की बग्गा के बीच 30 अप्रैल की रात तख्त साहिब के ऑफिस में भिड़ंत हो गई। इस दौरान वाक युद्ध होते मामला हाथापाई और धमकी तक चला गया। मामला चौक थाना तक पहुंच गया है। दोनों की ओर से थाना में लिखित में शिकायत दर्ज कराई गई है। कैशियर मनजीत सिंह ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि 30 अप्रैल की रात लगभग आठ बजे ऑफिस में आए लक्की बग्गा से कहा कि जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के विषय में अनाप-शनाप क्यूं बोलते हो। इस पर उसने पैसा की मांग कर दी। जब उसके इनकार करने पर गाली-गालौज करते हुए मारपीट पर उतर आया। कर्मियों ने बीच-बचाव कर बचाया और मामले को शांत कराया। वहीं इकबाल सिंह उर्फ लक्की बग्गा ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि वह निजी काम से ऑफिस में प्रबंधक सरदार हरजीत सिंह से मिलने गया था। लौटते वक्त मनजीत ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि जत्थेदार साहेब से पाठ सुनाने का ऑडियो क्यों डाल रहे हो? मैने बोला कि श्री अकाल तख्त साहिब का हुकुम है कि ज्ञानी बलदेव पांच वाणियों का पाठ पंज प्यारों की मौजूदगी में सुनाएं। इसकीवीडियो रिकार्डिंग भेजी जाए। इसके लिए उनसे विनती कर रहे हैं कि हर कोई सिख वहां का आदेश मानता है। तब उसने रहना मुश्किल होने और जान मरवाने की धमकी दी।

# 15 साल के शासनकाल में राजद ने बिहार को 50 साल पीछे धकेला:सम्राट

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



## राजद का बिहार में खाता नहीं खुलने वाला है

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बेटे-बेटियों को राजनीति में स्थापित करने के लिए लालू प्रसाद ने बिहार का सत्यानाश किया। अपने 15 वर्षों के शासनकाल में लालू प्रसाद ने बिहार को 50 साल पीछे धकेला। देश में ही नहीं पूरी दुनिया में बिहार और बिहार के रहने वाले उपहास के पात्र बने। बिहार के लोग दूसरे प्रदेशों में अपनी पहचान बताने तक से बचते थे। लालू प्रसाद और उनके परिवार को बिहार की जनता कभी माफ करने वाली नहीं है। लालू प्रसाद लाख कोशिश कर लें, पिछली बार की तरह इस बार भी बिहार में उनका खाता नहीं खुलने वाला है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार के लोग आज भी नहीं भूले हैं कि जब चारा घोटाला में लालू प्रसाद को जेल जाने की नौबत आई तो किस तरह से उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया और बाद के दिनों में वर्षों तक वे जेल से सरकार चलाते रहे। लालू प्रसाद की नजर में विकास का मतलब केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाना रहा। गरीबों के नाम पर राजनीति करने वाले लालू प्रसाद ने भ्रष्टाचार के जरिए अपने परिवार की अमीरी बढ़ाई और अकूत बेनामी सम्पत्ति का अम्बार खड़ा किया। बिहार के गरीबों, पिछड़ों से लालू प्रसाद का कभी कोई सरोकार नहीं रहा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद की पूरी राजनीति भ्रष्टाचार के ईर्द-गिर्द ही घूमती रही है। यूपीए-1 में रेलमंत्री बनने के बाद जहां उन्होंने रेलवे के दो होटलों को लीज पर देने के बदले पटना के सगुना मोड़ के पास कोचर बंधुओं से साढ़े तीन एकड़ जमीन हथिया ली, जहां उनके दोनों बेटे बिहार का बिगेस्ट मॉल बनवा रहे थे, वहीं रेलवे में नौकरी देने के लिए बीपीएल हृद्यानंद चौधरी और ललन चौधरी से पत्नी, बेटे और बेटियों के नाम पर जमीन लिखवा ली। लालू प्रसाद थोड़े दिन पहले तक बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए तरह-तरह से षड़यंत्र करते रहे हैं।

यह चुनाव विकासशील और विनाशकारी विचारधारा के बीच

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव एक खास चुनाव है। यह चुनाव विकासशील और विनाशकारी विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एक तरफ विकास की मोदी जी की गारंटी है, तो दूसरी तरफ अराजक और गुंडाराज वालों की जमात है। श्री चौधरी सारण लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी श्री राजीव प्रताप रूडी जी के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में सम्मिलित हुए। उन्होंने आशीर्वाद सभा में भाजपा प्रत्याशी रुड़ी जी को प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी का दूत बताते हुए उन्हें प्रचंड विजय का आह्वान किया।

**ठगबंधन पर लोगों का भरोसा नहीं :** प्रदेश अध्यक्ष हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित लोजपा उम्मीदवार चिराग पासवान के भव्य और विशाल नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में सम्मिलित हुए। श्री चौधरी ने लोगों से उनके ऐतिहासिक विजय का आह्वान करते हुए कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार के लिए जनता-जनार्दन का आशीर्वाद बरस रहा है। हाजीपुर का प्रेम वंदनीय है। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि आज देश को विकसित, समृद्ध, मजबूत बनाने के लिए मजबूत नेतृत्व जरूरी है। आज प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने महागठबन्धन को ठगबंधन बताते हुए कहा कि इस पर लोगों का भरोसा नहीं है।

# महिलाओं के प्रति भाजपा की संकीर्ण सोंच उजागर : आलोक

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कर्नाटक में हुए महिलाओं के यौन शोषण के मामले को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में विशेष प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हुई महिलाओं के यौन शोषण की घटना का जो विडियो सामने आया है वह मानवता को शर्मसार करने वाली है। इस अतिसंवेदनशील मामले में भाजपा एवं जनता दल एस के हसन लोकसभा क्षेत्र से संयुक्त प्रत्याशी प्राज्जवल रेवन्ना द्वारा सैकड़ो महिलाओं का यौन शोषण की घटना सामने आयी है। प्राज्जवल वर्तमान में सांसद हैं और पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा के परिवार से आते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके लिए वोट भी मांग चुके हैं। कर्नाटक में जेडीएस और भाजपा एक साथ चुनाव लड़ रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा को छः महीना पहले से इस घटना की जानकारी थी फिर भी उसने जनता दल (एस) के साथ गठबंधन किया एवं आरोपी को अपना संयुक्त उम्मीदवार तक बनाया। अगर कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार न होती तो अनगिनत महिलाओं के साथ यह घिनौना खेल चलता रहता। दरअसल भाजपा नेताओं में महिलाओं को भोग की वस्तु समझने की लत सी लगती जा रही है। पता चला है कि करीब 28 सौ यौन शोषण के विडियो पेन ड्राइव में कैद है। हमारे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी शिवकुमार ने इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआईटी का गठन कर चुके हैं एवं पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए स्पेशल पब्लिक प्रोसेक्युटर की नियुक्ति भी कर चुके हैं। महिलाओं के साथ यौन शोषण की घटना भाजपा के शासन में आम बात बनती जा रही है। मेघालय में भी इसी तरह का भाजपा के नेता द्वारा सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था, फिर उतराखंड में। उन्नाव में, कठुआ में और यहां तक कि देश के महिला पहलवानों के साथ भी इस तरह की घटना घट चुकी है। इससे साबित होता है कि भाजपा महिलाओं को भोग की वस्तु समझती है। कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। प्रेसवार्ता में डा मदन मोहन झा, निर्मलेन्दु वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, निधि पाण्डेय उपस्थित थे।

# व्यवसायी समाज मोदी-नीतीश के पक्ष में एकजुट : सर्राफ

पटना। जदयू के विधानपार्षद सह पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं व्यावसायिक, उद्योग और शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रभारी ललन सर्राफ ने गुरूवार को झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के समर्थन में स्थानीय नरहिया बाजार, लौकहा बाजार एवं खुटौना बाजार में सघन जनसंपर्क किया और व्यावसायियों समेत अन्य मतदाताओं से मिले। इस दौरान डॉ अमरदीप, श्रीमती कंचन गुप्ता, गणेश कानू, नगीना चैरसिया, टिंकू कसेरा, अजय टिबरेवाल, ललित शारदा, अब्दुल कयूम, सुजित पाठक,क्रांति कुमारी, श्री सुबोध कुमार ठाकुर, श्री ब्रह्मदेव यादव, कुमार उग्रानंद भगत, धर्मनारायण शारदा, ी विनय कुशवाहा, आदित्य कुमार झा, निशांत झा, विपिन कुमार गांधी, मो. रियाज, मो. इफ्तिखार समेत बड़ी संख्या में जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और प्रतिष्ठित व्यवसायीगण उनके साथ रहे। इस मौके पर श्री ललन सर्राफ ने कहा कि यह हमलोगों का सौभाग्य है कि हम नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के युग में हैं। नए भारत और नए बिहार की कल्पना इन नेताद्वय के बिना नहीं की जा सकती। बिहार के व्यवसायी समाज का शतप्रतिशत मत इनके काम को जाएगा। श्री ललन सर्राफ ने कहा कि झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे बिहार के व्यवसायी मोदी-नीतीश के पक्ष में एकजुट रहेंगे और किसी के भ्रमजाल में नहीं फंसेंगे। झंझारपुर से एनडीए उम्मीदवार श्री रामप्रीत मंडल की जीत रिकॉर्ड मतों से होगी। इस दौरान डॉ अमरदीप ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित बिहार के लिए बिहार की 40 की 40 सीटें एनडीए की झोली में जाएंगी।

# बिहार में इंडी गठबंधन नहीं राजद परिवार लड़ रहा चुनाव: मंगल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में इंडी गठबंधन नहीं, बल्कि राजद परिवार चुनाव लड़ रहा है। ऐसा देखा जा रहा है कि चुनावी सभाओं में कांग्रेस और वाम के न तो कोई बड़े चेहरे नजर आ रहे हैं और न ही कोई स्थानीय नेता ही मंच साझा करते नजर आ रहे हैं। चुनाव प्रचार में एक ओर जहां परिवार के मुखिया लालू प्रसाद कमान संभाले हुए हैं, वहीं उनके एक पुत्र और दो पुत्री ही घूम-घूम कर इंडी गठबंधन के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। यही नहीं बड़े पुत्र भी परिदृश्य से बाहर हैं। अब तक के चुनावी सभाओं में शायद ही कांग्रेस और वाम के कोई नेता नजर आए हों। बिहार में राजद की पिछलग्गु बनी हुई है और उसकी एक भी नहीं चल रही है। एनडीए का खाता नहीं खुलने का सपना देख रहे इंडी गठबंधन को इस बार रिजल्ट के तौर पर जीरो मिलने वाला है। श्री पांडेय ने कहा कि इन दिनों बिहार में राहुल-प्रियंका की तरह भाई-बहन की जोड़ी लोगों को बरगला रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं, लेकिन जनता 2019 की तरह ही इस बार भी इन परिवारवादी पार्टियों के झांसे में आने वाली नहीं है। राज्य की जनता राजद-कांग्रेस की सरकार को बखूबी देख चुकी है और कई बार राज्य में सरकार बनाने का मौका भी दिया है, लेकिन जब इनलोगों की सरकार आती है, तो ये लोग फिर वही पुराने ढर्रे पर चलने लगते हैं।

जबकि एनडीए की सरकार ने अपने कार्यकाल में न सिर्फ विकास की नदियां बहायी, बल्कि सबको सम्मान और काम के साथ उनके घरों में खुशियां लाने का काम किया। लोगों के काम को आसान बनाने के लिए जहां सिंगल विंडो सिस्टम लाया गया, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध का नामोनिशान मिटा दिया। श्री पांडेय ने कहा कि इंडी गठबंधन चाहे कितने भी जतन कर लें, जीती हुई एक सीट भी बचाना मुश्किल है। क्योंकि जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प अबकी बार एनडीए 400 पार को सिद्धि तक पहुंचायेगी और पुनः एनडीए की सरकार बनाने में अपना अतुलनीय योगदान देगी। कांग्रेस और राजद के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए ये पार्टियां कभी फेक वीडियो, तो कभी अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जनता को भड़का रही है। यही नहीं ये पार्टियां कभी संविधान की दुहाई देती है, तो कभी आरक्षण पर लोगों को भरमाती है। जबकि एनडीए हमेशा संविधानसम्मत काम करता है। यही कारण है कि देश की जनता ने लगातार दो बार एनडीए को अवसर दिया और तीसरी बार आशीर्वाद देकर मिथक तोड़ेगी।

# प्रधानमंत्री पर मीसा भारती का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : उमेश

- बोलें- इस तरह का आचरण कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर पाटलिपुत्र लोकसभा से राजद उम्मीदवार मीसा भारती के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश अध्यक्ष ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हार के भय से पूरा लालू परिवार अपना आपा खो चुका है। उन्होंने कहा कि लालू परिवार और राजद खेमे की ओर से आए दिन जिस तरह की अमर्यादित और असंवेदनशील बयानबाजी हो रही है, वह निश्चित रूप से उनकी बौखलाहट को प्रदर्शित करता है। राजनीति में अपने प्रतिद्वंदी को लेकर इस तरह का आचरण कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष की ओर से हो रही बयानबाजी में शिक्षा और संस्कार दोनों का अभाव दिखाई पड़ता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के विषय में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने वालों को बिहार और देश की जनता आगामी 4 जून को सबक सीखने का मन बना चुकी है।

# जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी : भाकपा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने का कार्य किया। कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भाजपा ने 52 करोड़ रुपये चंदा लिया और 80 करोड़ लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई अब कंपनी कह रही है इसके साइड इफेक्ट भी है। इससे साबित हो गया है कि केंद्र सरकार को कोरोना के दौरान भी लोगों की चिंता नहीं थी।लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करनेवालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी और 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता से हटाने का कार्य करेगी। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि कोरोना के दौरान एक व्यक्ति को 2 वैक्सीन के हिसाब से लगभग 80 करोड़ भारतीयों को कोविशील्ड वैक्सीन दी गयी है जिसके बारे में उसका मूल फार्मूला बनानेवाली कंपनी ने कहा है कि इससे हार्ट अटैक यानी हृदयघात का खतरा हो सकता है। जिन लोगों ने वैक्सीन के साइड एफेक्ट के कारण अपनों को खोया है या जिन्हें वैक्सीन के दुष्परिणामों की आशंका थी अब उनका शक और डर सही साबित हुआ है। ऐसी जानलेवा दवाइयों को अनुमति देना किसी की हत्या के षड्यंत्र के बराबर है और इसके लिए जिम्मेदार सभी पर आपराधिक मुकदमा चलना चाहिए। सत्ताधारी दल ने वैक्सीन बनानेवाली कंपनी से राजनीतिक चंदा वसूलकर जनता की जान की बाजी लगायी है।

# साम्प्रदायिक भाषणों पर चुनाव आयोग स्वतः संज्ञान ले : राजद

पटना। चुनाव आयोग द्वारा आज बुलाई गई राजनीतिक दलों की बैठक में राजद ने साम्प्रदायिक भाषणों एवं स्लोगनों के साथ हीं महिलाओं के बारे में की जा रही अपमान जनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा आज राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई गई थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास द्वारा मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग करने को कहा गया। साथ हीं कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदान की समयावधि में किए बदलाव और सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट को मतगणना के बाद 45 दिनों तक संरक्षित रखने के निर्देश की जानकारी दी गई। राजनीतिक दलों को अपने स्तर से भी मतदाता पर्ची मतदाताओं को उपलब्ध कराने की पहली वाली व्यवस्था को जारी रखने को कहा गया।

बैठक में राजद द्वारा एक दल विशेष के नेताओं द्वारा चुनावी भाषणों में धर्म विशेष के बारे में बोलने, साम्प्रदायिक भाषण एवं स्लोगन लगाए जाने के साथ हीं महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक बातें कहे जाने को आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की गई। राजद की ओर से पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन एवं मुख्यालय प्रभारी महासचिव मुकुंद सिंह शामिल थे। बैठक में राजद , कोंग्रेस, भाजपा, जदयू, सीपीआई माले, सीपीएम सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राजद ने दलित, पिछड़े समुदाय के युवाओं को बनाया चरवाहा : जदयू

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिया शिक्षा और रोजगार



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार, पार्टी के प्रदेश महासचिव सह मीडिया पैनलिस्ट मनोरंजन गिरि और प्रतिभा सिंह ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी मीडिया पैनलिस्ट डॉ हुलेश मांझी भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने आरजेडी के 15 सालों के कुशासन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि लालू प्रसाद-राबड़ी देवी के शासनकाल में शिक्षा को गर्त में मिलाने का काम किया गया। उन्होंने आरजेडी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पति-पत्नी के शासनकाल में चरवाहा विद्यालय खोले गए और उन विद्यालयों में उस समय के दलित, पिछड़े और अति पिछड़े समुदाय के युवाओं को चरवाहा बनाने का काम किया गया। आरजेडी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद को ये बताना चाहिए कि आखिर पति-पत्नी के शासनकाल में कुल 113 चरवाहा विद्यालय खोलकर लालू प्रसाद और राबड़ी देवी की सरकार ने कितने युवाओं को नौकरी दी? उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में राज्य में नए-नए मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई कॉलेज खोले जा रहे हैं जहां से पढ़ाई कर युवा राज्य और राज्य के बाहर अच्छी नौकरी पा रहे हैं। उन्होंने आरजेडी शासनकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि, दरअसल लालू प्रसाद ने कभी भी समाज के कमजोर वर्गों का भला नहीं चाहा और हमेशा उन्हें पिछड़ेपन के अंधेरे में ढकेलकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासोन्मुखी सोच की बदौलत समाज के हर वर्ग का विकास हो रहा है और वो बेहतर शिक्षा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभाओं में बड़े-बड़े फर्जी दावे करने वाले तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के शासनकाल की भी सच्चाई जनता को बतानी चाहिए और ये भी बताना चाहिए कि उनके माता-पिता ने दलितों, पिछड़ों और अति पिछड़ों की भलाई के लिए कौन से काम किए?

# आरजेडी का मतलब रोजगार, नौकरी और विकास होता है: अरुण

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जेपी नड्डा जी को आरजेडी पर बोलने के पहले आरजेडी का मतलब क्या होता है अच्छी तरह जान लेना चाहिए। आरजेडी का मतलब है आर से राइट्स मतलब अधिकार जे से जॉब्स मतलब नौकरी डी से डेवलपमेंट मतलब विकास। आरजेडी का मतलब रोजगार, नौकरी और विकास होता है। प्रदेश प्रवक्ता ने बीजेपी का मतलब बड़का झुट्ठा पार्टी बताते हुए कहा कि बिहार के अररिया और मुजफ्फरपुर में चुनावी सभा संबोधित करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आये थे। बिहार की जनता का मूड देखकर जेपी नड्डा जी को एहसास हो गया एनडीए के पक्ष में हवा नहीं हैं। एनडीए की करारी हार सुनिश्चित देखते हुए जेपी नड्डा जी बोखलाहट में अपने भाषणों में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव जी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करते नजर आए। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नेता जेपी नड्डा जी द्वारा अपने भाषणों में लगातार कई बार लालू प्रसाद यादव जी और तेजस्वी यादव जी का नाम लिया जाना मतलब साफ है कि आरएसएस-भाजपा इस देश में सबसे अधिक किसी नेताओं से डरती है, तो वह नेता हैं लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव । प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी मुद्दों की राजनीति करते हैं जो कहते हैं वो करते हैं। इसलिए बिहार में तेजस्वी लहर है इस लहर में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा और बिहार की 40 का 40 सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।

# चरवाहा विद्यालय को जापान ने भी सराहा है : एजाज अहमद



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने जद यू के नीरज कुमार के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गरीबों, शोषितों, वंचितों पिछड़ों ,अति पिछड़ो, दलितों, आदिवासियों के बच्चों को बुनियादी तालीम के लिए चरवाहा विद्यालय के कांसेप्ट को जापान ने भी सराहा था, और इस सोच की तारीफ की थी। चरवाहा विद्यालय के माध्यम से लालू प्रसाद ने परंपरागत और पुश्तैनी कार्यों में लगे सर्वसमाज के बच्चों को पढ़ने की जो प्रेरणा दी और बुनियादी तालीम के लिए जो कार्य किये उसकी सराहना हर ओर से हुई। लालू जी ने कहा गाय चराने वालों बकरी चराने वालों सूअर चराने वालों, मछली पकड़ने वालों, घोंघा चुनने वालों ,मुस पकडने वालों पढ़ना लिखना सीखो और इसको इन्होंने सरजमीन पर चरवाहा विद्यालय के माध्यम से उतारने का कार्य किया। कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के कार्यकाल में जितने विश्वविद्यालय की स्थापना हुई उतना 17 वर्षों के शासनकाल में एनडीए की सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ। एजाज ने आगे कहा कि नीरज कुमार प्रधानमंत्री जी तो हर हफ्ते देश में एक यूनिवर्सिटी और हर दो दिन पर एक कॉलेज खोलने की बात करते हैं जबकि धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं है, जुमलेबाजी करके आप कितने दिनों तक लोगों को भ्रम में रख कर ठगने का काम कीजिएगा। जबकि सबको पता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना विश्वविद्यालय को नरेंद्र मोदी के सामने केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने का प्रस्ताव दिया तो उसे खारिज कर दिया गया। जबकि सबको पता है कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी की कार्यकाल में बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की बहाली की गई थी और उसके बाद तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के रहते हुए बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की बहाली हुई और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के प्रति तेजस्वी प्रसाद यादव ने जो कार्य किया इसकी सराहना हर ओर देखी जा रही है इसी कारण भाजपा और जदयू के नेताओं में बेचैनी है।

# राजद-कांग्रेस के युवराजों में झूठ बोलने की छिड़ी है जंग : राजीव

**पटना।** अपने एक्स हैंडल के जरिये जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने अपने पोस्ट में लिखा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि राजद-कांग्रेस के युवराजों में झूठ बोलने का कॉम्पटीशन छिड़ गया है। दोनों में बड़ा झूठा कौन है इसकी प्रतिस्पर्धा है। राहुल गाँधी जहां संविधान पर गला फाड़ रहे हैं, वहीं तेजस्वी यादव नौकरी और आरक्षण पर झूठ बोल, उन्हें पछाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। वास्तव में यह दोनों सत्ता के लालच में बौखलाहट का शिकार हो चुके हैं। जिस सच्चाई को बिहार का एक-एक बच्चा जानता है, यह उस पर भी झूठ बोलने से बाज नहीं आते। एक मीडिया लिंक के साथ उन्होंने लिखा कि कांग्रेसी युवराज रोजाना संविधान को खतरे में बता रहे हैं। उनसे गुजारिश है कि भारत देश में उन्हें भले ही कोई इंटरेस्ट नहीं हो, लेकिन कम से कम अपने परिवार का इतिहास तो उन्हें जरुर जानना चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि आज तक जहां एनडीए के किसी प्रमुख नेता ने संविधान बदलने की बात नहीं की है वहीं खुद उनके पिता राजीव गाँधी संविधान बदलने का बयान दे चुके हैं। यही नहीं उन्हें पता होना चाहिए कि उनके परनाना जवाहर लाल नेहरू ने 16 बार, नानी इंदिरा गांधी ने 31 बार और पिता राजीव गांधी 11 बार संविधान बदल चुके हैं। इसमें भी उनके परनाना नेहरु ने तो संविधान लागू होने के तकरीबन एक-डेढ़ साल बाद ही इसमें पहला परिवर्तन कर डाला था। वह संविधान से लोगों को मिली ताकत से इतने डर गये थे कि इसे बदल कर उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी को ही तोड़ मरोड़ डाला था। उन्होंने लिखा कि इंदिरा जी ने तो इससे भी आगे बढ़कर संविधान की प्रस्तावना को ही बदल डाला था। जबकि बाबासाहब ने साफ कहा कि था कि संविधान की प्रस्तावना इसकी मूल आत्मा है, लेकिन आपातकाल के समय विपक्ष को जेल में ठूंस कर उन्होंने इस आत्मा को भी तार-तार कर दिया। इसके बावजूद राहुल किस मुंह से इस विषय पर बोलते हैं यह उन्हें ही पता होगा।तेजस्वी पर निशाना साधते हुए उन्होंने लिखा कि राहुल की ही तरह जंगलराज के युवराज रोजाना 17 साल में दी गयी नौकरियों व आरक्षण पर झूठ बोलते हैं।

# श्रमिक शब्द का चयन कर प्रधानमंत्री ने किया करोड़ों श्रमिकों का सम्मान : विजय

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



- श्रमिकों के नाम पर खिलवाड़ करने वाले लोगों को जनता दिखाएगी बाहर का रास्ता

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी श्रमिकों के कल्याण, उत्थान और विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षों की परिपाटी को तोड़कर श्रमिक शब्द की शुरूआत की। फलस्वरूप, सृजनकर्ता और सेवा दाता के रूप में करोड़ों श्रमिकों का मान-सम्मान और पहचान बढ़ा है। प्रत्येक निर्माण पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री उन्हें सम्मानित करते हैं। हाल में अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सैंकड़ों श्रमिकों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। श्री सिन्हा ने कहा कि इंडी गठबंधन पूरी तरह से हताश और परेशान है। खुलेआम मजदूर को मजबूर कर लूटने की उनकी प्रथा की दाल अब नहीं गल रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि देश को गुलाम बनाने वाले लोग आज श्रमिक दिवस मनाने का ढोंग कर रहे हैं। श्रमिकों के प्रति इनका रत्तीभर सम्मान नहीं है। पहले मजदूर नाम दिया फिर उन्हें मजबूर बनाया। वामपंथी, राजद और कांग्रेस के लोग इसी आड़ में माँ भारती के संतानों को प्रताड़ित कर रहे हैं। उनका रवैया अपमानजनक और संवेदनहीन है। श्री सिन्हा ने कहा कि देश के श्रमिक अब जागरूक हो चुके हैं। वे जानते हैं कि इंडी गठबंधन के दल वर्षों से उनका शोषण करते हैं। झूठी हमदर्दी दिखाकर वे श्रमिकों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हैं। लोकसभा चुनाव में देश के श्रमिक इनको बाहर का रास्ता दिखायेगी।

# हाजीपुर के नेता नहीं बेटा बनकर आपकी सेवा करूंगा : चिराग

## लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हाजीपुर लोकसभा सीट पर किया नामांकन



पटना। हाजीपुर के नेता नहीं बल्कि हाजीपुर का बेटा बनकर आपकी सेवा करूंगा। परिवार और पार्टी के टूटने के बाद अगर किसी ने हिम्मत दी तो वह हाजीपुर की जनता है जिसका मैं शूक्रगुजार हूं। आज जो भी हूं आप सबों के आशीर्वाद से हूं। उक्त बातें एनडीए समर्थित प्रत्याशी के रूप में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने हाजीपुर लोकसभा सीट पर नामांकन करने के पश्चात आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। श्री चिराग नामांकन से पूर्व जब हाजीपुर पहूंचे तो हाजीपुर की जनता ने सीमा में प्रवेश करते ही उनका भव्य स्वागत किया। श्री चिराग ने जनसभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि आज तक जितने बार भी हाजीपुर आया हूं अपने पिता के साथ आया हूं। अपना नामांकन करने गया तब भी अपने पिता के साथ गया । जबकि वे उन दिनों काफी अस्वस्थ थे बावजूद वे अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बगैर हमारे साथ-साथ चलते थे। आज पहली बार अपने पिता की अनुपस्थिति में आपके साथ हूँ, जब भी उनके साथ हाजीपुर आया करता था उनके लिए यह नारा लगता था कि हाजीपुर का सांसद कैसा हो रामविलास पासवान जैसा हो, लेकिन आज जब अपना नाम सुनता हूं तो एक अलग एहसास होता है, और साथ-साथ एक साथ कई अपने जिम्मेदारियों को महसूस करता हूँ। आज वे इस दुनिया में नहीं होते हुए भी मेरे साथ हैं। भले आज मैं नामांकन कर रहा हूं लेकिन हमें आज भी वही शक्ति देते हैं मैं उनके अधूरे सपनों को पूरा कर सकूं यही सोचकर मैं हाजीपुर आया हूं। हाजीपुर का नेता नहीं बल्कि हाजीपुर का बेटा बनकर आया हूं। जब राजनीतिक का रा मुझे समझ में नहीं आता था और हाजीपुर के लोगों से वह परिचय कराते थे मेरे पास कोई जवाब नहीं है हाजीपुर में आप लोगो का मैं बेटा था आप लोगों का भाई था वही रिश्ता आज भी बनाने आया हूं और वही रिश्ता हमेशा हमेशा मेरे पिता के सब जानने वाले लोगों को साथ लेकर हाजीपुर बनाने के संकल्प के साथ हाजीपुर निकला हूं। हाजीपुर की वजह से अगर कोई किसी को पहचानता हैं तो वे लोग मेरे नेता को जानते हैं। आप लोगो के अपार आशीर्वाद से आप लोगो के द्वारा उनका नाम गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड में दर्ज किया गया। अपने जीवन के अंतिम सांस तक कैसे आप लोगों के सपने को पूरा कर सके आप लोगों की उम्मीद पर खड़ा उतर सकें, अपने जीवन के अंतिम दिनों तक भी उनको इसी बात की चिंता रहती थी। इसीलिए यह मेरा उत्तरदायित्व हैं। मैं उस बिरासत को संभालू। कई लोगों ने कई तरीके की राजनीतिक लड़ाई लड़ी। कई तरीके के एक लंबा संघर्ष पिछले 3 सालों में मैं झेल कर आया हूं पिछले ढाई तीन सालों में व्यक्तिगत तौर पर राजनीतिक तौर पर कई उतार-चढ़ाव मैंने मेरे परिवार ने देखें पर उतार चढ़ाव में एक चीज जो हमेशा स्थाई रूप से रही वह आप लोगों का साथ था, आप लोगों का प्यार था, आप लोगों का आशीर्वाद था। मुझे याद है वो दिन जब मेरे साथ मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी घटना घटी। जब मेरा परिवार टूटा, मेरी पार्टी टूटी 13 जून 2021 कि वह रात थी जब रातों-रात मेरे पैरों तले जमीन खींच ली गई थी जब मुझे नहीं पता था कि मेरे भविष्य में क्या है मैं यह तक भी नहीं जानता था कि आने वाले दिनों में मेरा कोई राजनीतिक वजूद बचेगा जिस तरीके से सब कुछ मुझसे छीन लिया गया था, मेरी पार्टी, मेरा मेरे तमाम सांसद, मेरा परिवार, मेरी पार्टी का वह चुनाव चिन्ह, जो मेरे पिता ने बहुत मेहनत से संजोकर उसको आगे बढ़ाने का काम किया था जिस घर में मैं 34 साल से रहता था रातों-रात उस घर तक को हम लोगों को खाली करना पड़ा यह तमाम परिस्थितियों से जूझते हुए जब मैं पटना सबसे पहली बार आया तो सीधा यहां हाजीपुर आया और उसके बाद जिस तरीके से आपने मुझे पिता की कमी महसूस नहीं होने दी, ना मुझे मेरी परिवार की कमी आप लोगों ने महसूस होने दी यह आप लोगो के साथ मेरा परिवारिक रिश्ता है।

# चार दिन में पूर्ण किया जाए मेट्रो के पास मेनहॉल मरम्मती का कार्य

- नगर आयुक्त एवं मेट्रों और बुडको के पदाधिकारियों द्वारा किया गया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



पटना नगर निगम द्वारा शहर के नालों की उड़ाही निरंतर रूप से चल रही है। इसी क्रम में गुरूवार को नगर आयुक्त, मेट्रो एवं बुडको के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया। गांधी मैदान- नगर आयुक्त द्वारा गांधी मैदान गेट नंबर 3 के पास मेट्रों निर्माण स्थल पर मैनहॉल के पाइपलाइन के पास मिट्टी जमा हो गई है। जिससे वहां का नाला चौक हो गया है। नगर आयुक्त द्वारा 4 दिनों के अंदर इस समस्या को दूर करने के लिए निर्देश दिया गया। सुपर सकर मशीन के द्वारा इसकी सफाई की जाएगी। जिसके लिए एसकेएम एवं एसएसपी कार्यालय के पास से पहुंच पथ बनाया जाएगा। पाटलिपुत्र कॉलोनी : पाटलिपुत्र कॉलोनी में रोड निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा कार्य को पूर्ण करने एवं ढलाई करके साथ नाला कनेक्ट करने का निर्देश दिया गया। राजवंशी नगर : राजवंशी नगर संप हाउस के पास नाले के चौड़ाई एवं इसके साथ ही पाईप को बदले के के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिये गए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त, बुडको एवं मेट्रों के प्रतिनिधिगण, कार्यपालक पदाधिकारी पाटलिपुत्र, कार्यपालक पदाधिकारी नूतन राजधानी अंचल, कार्यपालक अभियंता पाटलिपुत्रा, नगर प्रबंधक एवं नगर निगम के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाईक सवार अपराधियों ने ठेकेदार को मारी गोली , मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के अली नेउरा गांव में बाइक सवार अपराधियों ने स्थानीय ठेकेदार अजय महाकाल पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और बड़े आराम से बाइक सवार अपराध कर्मी भाग निकले। गोली लगने की सूचना पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते लोग घटनास्थल पर इकट्ठा होने लगे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की सहायता से घायल व्यक्ति को ईलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो करीब आधा दर्जन राउंड गोलीबारी हुई थी जिसमें चार या पांच गोली मृतक के शरीर में लगी बताई जा रही है।अपराधियों के गोली से मरने वाले ठेकेदार का भी पूर्व से आपराधिक पृष्ठभूमि रहा है। स्थानीय सूत्रों की माने तो मृतक पर भी एक हत्या का मुकदमा दर्ज है। फिलहाल वह शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में बेंच डेस्क सप्लाई करने का ठेकेदारी कर रहा था। इस घटना की बाबत एसएसपी राकेश कुमार ने कहा है कि विभिन्न बिंदुओं पर जांच चल रही है। जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

### बहेड़ा कॉले में व्याप्त अनियमितताकी जांच की मांग

बेनीपुर(दरभंगा)। बहेड़ा कॉलेज बहेड़ा में व्याप्त और अनियमितता की जांच की मांग कॉलेज की हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ अरविंद कुमार झा ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के कुलपति को आवेदन देकर जांच की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पूर्व प्रधानाचार्य 31 जनवरी 2024 को अवकाश प्राप्त हुए। उसके बाद उन्होंने कॉलेज की संचिका अपने पास रखे हुए हैं, जिससे कॉलेज के कर्मचारियों का माह फरवरी से अब तक वेतन भुगतान नहीं हुआ है। इसके अलावा विभिन्न तरह के कालेज संचालन से संबांधित कागजात भी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को नहीं दिया गया है, जिससे यहां कुव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो गया है। इस मामले में जांच कर यथोचित कार्रवाई की मांग की गई है।

### मालगाड़ी के तीन डिब्बे उतरे, मची अफरातफरी

दरभंगा।दरभंगा शहर के बेला मोड़ स्थित रैक पॉइंट पर बुधवार की देर रात मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण रेल परिचालन बाधित है। साथ ही बेला- मनीगाछी रूट पूर्णतः बाधित हो गया है। अब तक सिर्फ एक बोगी को पटरी पर लाया गया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार की रात्री लगभग 9 बजे बेला रेक पॉइंट पर लोडेड मालगाड़ी की तीन बोगी अचानक में पटरी से उतर गई। जानकारी के मुताबिक, घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अभियंताओं के एक दल के साथ मौके पर पहुंच कर पटरी को दुरुस्त करने के प्रयास में लगे है। दुर्घटना के बाद से अप लाइन से कुछ गाड़ियों को पास कराया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जांच की जा रही है।

### विदेशी शराब के साथ स्कार्पियो सवार 8 लोग गिरफ्तार

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जटमलपुर स्थित चेक पोस्ट के पास सीतामढ़ी से समस्तीपुर की ओर आ रही स्कॉर्पियो से चार बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। साथ ही आठ लोग के साथ पुलिस ने स्कॉर्पियो पर सवार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनमें बुधवार को सीतामढ़ी जिले के कोईली नैनपुर के सौरभ कुमार, बिट्टू कुमार, हिमांशु कुमार, विकास कुमार, अमरेश कुमार एवं शफतखान को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस मामले में प्रभारी थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षण डीएसपी नीतिश चंद्र धारियां का बताना है, कि चेक पोस्ट पर उपस्थित पुलिस बल के द्वारा जांच के क्रम में चार बोतल विदेशी शराब के साथ सभी स्कार्पियो पर सवार लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता के निधन पर शोक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय कल्याणपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्ण चंद झा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर कर रहे थे। उपस्थित लोगों ने उनके मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वही बताओ स्वर्गीय पूर्ण चंद्र झा एवं उनके परिवार को समर्पित कांग्रेसी बताया। मौके पर राधाकांत चौधरी, संजीव कुमार ठाकुर, चंद्रभूषण सिंह, कमल किशोर, रणधीर कुमार ईसर, अजीत झा, जयशंकर ईसर, धर्मेंद्र चौधरी, अजीत कुमार सिंह, ओमप्रकाश पासवान, विजय कुमार झा, मणि शंकर चौधरी आदि

# दुनिया की कोई ताकत तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से नरेंद्र भाई मोदी को रोक नहीं सकती : नित्यानंद

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। हाजीपुर लोकसभा सुरक्षित सीट से आज एनडीए प्रत्याशी के रूप में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए चिराग पासवान अपनी माता रीना पासवान के साथ आए थे। चिराग पासवान हाजीपुर पहुंचने पर सबसे पहले हाजीपुर परिसदन के निकट स्थापित अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर उनसे आशीर्वाद लिया ।इस मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित एनडीए कार्यकर्ता उपस्थित थे ।श्री नित्यानंद राय प्रतिमा स्थल से कार्यक्रम स्थल तक चिराग पासवान के साथ रहे। चिराग पासवान का बैंड बाजे और परंपरागत वाद्य यंत्र के साथ कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया ।वहीं प्रतिमा स्थल के निकट जेसीबी से उन पर पुष्प वर्षा की गई। चिराग पासवान के प्रस्तावक रूप में पूर्व राज्य मंत्री और काराकाट से एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा थे । नामांकन के पश्चात हाजीपुर के सुभाष चौक अवस्थित संस्कृत महाविद्यालय परिसर में सभा का आयोजन किया गया था ।भाजपा कार्यालय के निकट हाजीपुर के विधायक अवधेश कुमार सिंह ,प्रमुख नंदकिशोर सिंह, अरविंद कुमार राय, मंटू पटेल के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और चिराग पासवान का स्वागत किया गया ।दोनों को फूल मालाओं से लाद दिया गया । वहीं सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा स्वर्गीय रामविलास पासवान जी ने हजीपुर की धरती को अपनी मां का दर्जा दिया और यहां के कन-कन में स्वर्गीय रामविलास पासवान जी की आत्मा बस्ती है ।यह बड़े गर्व की बात है कि आज उनके पुत्र चिराग पासवान हाजीपुर से एनडीए प्रत्याशी बनकर नामांकन किए हैं और वह अपने पिता के सभी अधूरे सपने को पूरा करना चाहते हैं। स्व पासवान जी का एक ही नारा था कि हम उस घर में दिया जलाने चले हैं जिस घर में अंधेरा है और चिराग पासवान निश्चित रूप से अंधेरे वाले घर में दिया जलाने का काम करेंगे। श्री नित्यानंद राय ने कहा चिराग हर घर में उजाला लाने के लिए तैयार हैं और मैं उनके सामने आने वाले सभी प्रकार के चुनौतियां का सामना करने के लिए तैयार हूं। किसी भी प्रकार का संकट में चिराग को आने नहीं दूंगा। यह हम उनकी माता रीना पासवान जी को विश्वास दिलाता हूं। मैं रामविलास पासवान का छोटा भाई हूं और अंगद की तरह पाँव जमा दूंगा ।श्री नित्यानंद राय ने कहा कि रामविलास पासवान ने कभी भी जात-पात की राजनीति नहीं की है इस तरह चिराग पासवान जात-पात की राजनीति नहीं करने वाले ।श्री नित्यानंद राय ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की कई योजनाओं पर प्रकाश डाला और दावा किया की तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी को आने से कोई रोक नहीं सकता और समय की मांग भी यही है ।नित्यानंद राय ने चिराग पासवान को रिकॉर्ड मद से जीताने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है ।एक विचारधारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विकास पुलिस नीतीश कुमार का है जो विकास की बात सोचते हैं और दूसरी विचारधारा की सोच सिर्फ परिवार और भ्रष्टाचार तक सिमट कर रह गई है ।लोगों से सभी शिकवे शिकायत भूलकर रिकॉर्ड मतों से चिराग पासवान को जिताने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। बेवजह गाली-गलोज करना उनका काम रह गया है ।उन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए एनडीए के पक्ष में वोट डालने और चिराग पासवान को जितने का अपील की ।वहीं पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि उभरता हुआ नेता चिराग पासवान हैं और दावा किया दुनिया की कोई ताकत मोदी को तीसरी बार सत्ता में आने और प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक सकती। नरेंद्र मोदी बिना किसी भेदभाव के काम करते हैं ।

## हाईवे का अतिक्रमण बन रहा दुर्घटना का कारण, प्रशासन बेखबर



प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। एनएच 57 सरफुद्दीनपुर फलाई ओभर और एतवारपुर चौक के एक साइड में अवैध रूप से ऑटो स्टैंड खोल दिया गया है। दूसरे साइड में गिट्टी बालू के दुकानदार का कब्जा है। फलाई ओभर के नीचे फल, सब्जी सहित अन्य पारकर की दुकानें सजी रहती है, जिसके कारण छोटी बड़ी घटना दुर्घटना घटती रहती है। पुलिस प्रशासन के उदासीनता की वजह से अवैध ऑटो स्टैंड का धंधा फल-फूल रहा है। इतना ही नहीं सरफुद्दीनपुर फ्लाईओवर के समीप बने पार्किंग स्थल पर भी अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखखा है। जहां गिट्टी बालू से लोड ट्रक हाईवे पर बेतरतीब तरीके से कई दिनों तक लगे रहते हैं, उक्त स्थल पर बजाप्ता अतिक्रमणकारियों द्वारा गिट्टी बालू खरीद बिक्री के लिए संपर्क करने का बोर्ड लगाकर धंधा को चला रहे हैं,एनएच 57 के दोनों साइड अतिक्रमण करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एनएच 57 पर के दोनों साइड अतिक्रमण के कारण अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए है। गुरुवार की अहले सुबह अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, करीब 2 घंटे तक लाश सरफुद्दीनपुर फ्लाईओवर के समीप पड़ी रही, सब्जी मंडी जा रहे एक व्यक्ति ने शव पहचाना और इसकी सूचना परिजन को दी मौके पर पहुंचे परिजन ने इस घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और एनएचएआई की एंबुलेंस की मदद से पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा। मृतक की पहचान गायघाट थाना क्षेत्र के कोठिया गांव नवासी कपलेश्वर सहनी के 32 वर्षीय पुत्र अशर्फी सहनी के रूप में हुई है, मृतक का भाई अवधेश सहनी ने बताया कि झपहा स्थित अपने ससुराल से घर लौट रहा था तभी सरफुद्दीनपुर फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जहां घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।,मजदूरी कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था, उनकी पत्नी गर्भवती है, तीन पुत्री और एक पुत्र पहले से है, उनके परिवार का अब भरण पोषण कैसे होगा, वहीं ग्रामीण बताते हैं कि पार्किंग स्थल और अंडरपास सर्विस लेन पर अवैध कब्जा की वजह से इस तरह की घटना बराबर होती रहती है।

## सशस्त्र सीमा बल के जवान ने मधुमक्खी पालन को लेकर प्रशिक्षण किया शुभारंभ




प्रात : किरण संवादाता

मधुबनी जीत सिंह उप कमांडेंट कार्यवाहक कमांडेंट 18 वीं वाहिनी के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय परिसर राजनगर में तीन दिवसीय 02.05.24 से 04.05.24 मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया जिसमे सीमांत मुख्यालय पटना के अंतर्गत आने वाले वाहिनी के कुल 36 कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उपस्थित हुए मौके पर उपस्थित जीत सिंह, उप कमांडेंट कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा कार्मिकों को संबोधित करते हुए मधुमक्खी पालन के महत्व को बताते हुए कहा कि कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपने वाहिनी के कार्यक्षेत्र में सीमावर्ती नागरिकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मधुमक्खी पालन के महत्व से अवगत कराकर आत्मनिर्भर बना सकते है क कार्यक्रम के शुभारंभ में सौमेन रॉय उप कमांडेंट, निरीक्षक संचार राजपाल, स. उप. नि सामान्य वेद राम मधुमखी पालन प्रशिक्षक और मु.आरक्षी सामान्य हरीश चंद्र प्रशिक्षक उपस्थित थे क्कार्यक्रम से संबंधित छायाचित्र संलग्न है।

## चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

प्रात : किरण संवादाता

महनार - लोक सभा चुनाव को लेकर महनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।इसी वाहन जाँच के दौरान पुलिस ने एक व्यवसायी के पास से नगद डेढ़ लाख रुपया जब्त किया।इस सम्बंध में बताया गया कि वाहन जांच के दौरान पुलिस ने महनार स्टेशन रोड के आरएनजी स्कूल के निकट रुपए लेकर बाइक से घर लौट रहे महनार बाजार के सिनेमा रोड के एक व्यवसायी के पास से एक लाख पंद्रह हजार रूपया जब्त किया गया।मौके पर उपस्थित दंडाधिकारी ने रुपया जब्ती की करवाई किया।महनार के अंचलाधिकारी रत्नेश मोहन ने बताया एक लाख पन्द्रह हजार रूपया जब्त किया गया है।जिला में बने कमिटी के समक्ष कागजात प्रस्तुत करने के बाद रुपया रिलिज कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया की चुनाव आचार संहिता के दौरान पचास हजार से अधिक रुपए लेकर चलने पर पास में रखे रुपये का पूरा ब्यौरा देना होगा।लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्णएवं निष्पक्ष माहौल में सपन्न कराने को लेकर पूरा सरकारी तंत्र अपने कर्तव्यों में जुटा है।चुनाव को लेकर पुलिस भी चौकस है।विधि व्यवस्था में चूक न हो इसलिए जगह-जगह पुलिस चेक पोस्ट बनाई गई है।इसी संदर्भ में महनार थाना क्षेत्र में वाहन जांच को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है।स्टेशन रोड में एसआइ पुष्पा कुमारी ने पुलिस बल के साथ वाहन जांच अभियान चलाया।इसमें मुख्य रूप से वाहन के कागजात,हेलमेट,ड्राइविग लाइसेंस,वाहन इंश्योरेंस,वाहन प्रदूषण सर्टिफिकेट की सघन जांच की गई।इस दौरान कागजातों की कमी पाए जाने वालों से जुमार्ने की राशि वसूली गई। पुलिस की इस कार्रवाई से दोपहिया वाहन चालकों में अपने-अपने वाहनों की कागजात को कंप्लीट करने की होड़ मच गई है।थानाध्यक्ष विश्वरंजन सिंह ने बताया कि वाहन जांच प्रतिदिन होगी इसलिए सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहनों के कागजात के साथ वाहन चलाएं।साथ में हेलमेट का उपयोग अवश्य करें।उन्होंने कहा कि हेलमेट जीवन रक्षक गार्ड है।वाहन चलाते वक्त हेलमेट लगाना कभी नहीं भूलें।

## आस-पास के दस लोगों को पढ़ाएं संस्कृत : कुलपति

प्रात : किरण संवादाता



दरभंगा।संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने गुरुवार को संस्कृतानुरागियों के लिए बहुत बड़ा सन्देश दिया है। पदाधिकारियों के साथ औपचारिक बैठक में उन्होंने कहा कि हम अपने घर के बच्चों को संस्कृत पढ़ाते हैं यह बहुत ही अच्छी बात है लेकिन सिर्फ इससे काम चलनेवाला नहीं है। संस्कृत के फलक को विस्तारित करने के लिए इसके अतिरिक्त आस-पास के कम से कम दस बच्चों को भी हमलोग संस्कृत पढ़ाएं। ऐसा करने से संस्कृत के जानकारों की एक सशक्त श्रृंखला बनेगी और इस भाषा के लिए नया वातावरण भी तैयार होगा जिससे इसकी पैठ सुलभता से समाज मे हो जाएगी। इतना ही नहीं, समाज को संस्कृत के प्रति आकर्षित करने की जरूरत है। खुशी की बात है कि लोगों की श्रद्धा आज भी संस्कृत में है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि संस्कृत की मौजूदा दशा व दिशा पर कुलपति ने बेहद चिंता जताई।

इसी क्रम में कुलपति प्रो0 पांडेय ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना करीब छह दशक पूर्व हुई थी। बावजूद इसके यहां संस्कृत में कार्यशैली नहीं पनप पायी। यहां के कई विद्वानों ने देश स्तर पर ख्याति हासिल की है लेकिन समाज मे संस्कृत लोक भाषा नही बन पायी, इस पर किसी का ध्यान नहीं जा सका। हमलोग जाने अनजाने संस्कृत को देवभाषा-देववाणी कहने लगे। इससे इस भाषा के प्रति एक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गयी और दिनों दिन इस भाषा से समाज दूर होता चला गया। हमने इसे सीमित कर दिया। ऐसे में कायदे से दस पंक्ति संस्कृत में बोलना-लिखना एक चुनौती तो है लेकिन मिलजुलकर सार्थक प्रयास से संस्कृत को व्यवहार में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रोज के व्यवहार व उपयुक्त वातावरण से ही संस्कृत पुष्पित व पल्लवित होगी। इसे लोक भाषा बनाने को हर सम्भव प्रयास जारी रखने की जरूरत है।

इसी क्रम में कुलपति प्रो0 पांडेय ने कहा कि जून के प्रथम सप्ताह से विश्वविद्यालय मुख्यालय में शुरू होने जा रहा आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संस्कृत को बढ़ावा देने के लिये ही आयोजित किया जा रहा है।

## चेक पोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान स्कार्पियो से करीब 13 लाख रुपए कैश बरामद



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

खानपुर थाना क्षेत्र के इलमासनगर एसएसटी प्वाइंट चेक पोस्ट के पास मंगलवार की संध्या पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसटी प्वाइंट पर एफएसटी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा वाहन जांच के दौरान एक स्कार्पियो सवार के पास से 12 लाख 26 हजार 670 रुपए नगद बरामद की है। हालांकि पैसा किसका है, और किस काम से पैसा ले जा रहा था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस पैसे की जांच में जुटी है। लोगों में चर्चा है की कहीं किसी राजनीतिक पार्टी खेमे की तो नहीं है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। जिसके पास से इतनी बड़ी रकम बरामद हुई उसकी पहचान ताजपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी दिलीप कुमार साह के रूप में हुई है। बताया गया की लोकसभा चुनाव को देखते हुए इलमासनगर में एसएसटी प्वाइंट पर पुलिस अधिकारी के द्वारा वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक स्कार्पियो गाड़ी की तलाशी ली जा रही थी। जहां गाड़ी में बैठे उक्त व्यक्ति के पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई तो उसमे लाखों रुपए कैश बरामद की गई। उक्त व्यक्ति खुद को व्यवसाई बताते हुए कहा की यह सभी पैसे कलेक्शन के हैं। जब रुपए की गिनती की गई तो कुल 12 लाख 26 हजार 670 रुपए बरामद की गई। पुलिस की माने तो पैसा वाहन जांच के दौरान एक गाड़ी से बरामद की गई है। पैसा किस काम से लेकर जाया जा रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस की माने तो चुनाव विभाग और इनकम टैक्स अधिकारी को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही इनकम टैक्स अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी है। इधर लोग लोकसभा चुनाव से जोड़कर भी देख रही है। कयास लगाया जा रहा है की इतनी बड़ी राशि कहीं चुनाव में खर्च करने की योजना तो नहीं है। हालांकि इसकी अभी तक कोई अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है। ज्ञात हो की लोकसभा चुनाव को लेकर अभी लगातार वाहन जांच अभियान चल रही है। हर चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच की जा रही है। वहीं इस संबंध में खानपुर थानाध्यक्ष मो. फहीम ने बताया कि वाहन जांच के दौरान एक स्कार्पियो से नगद रुपए बरामद की गई है। इनकम टैक्स विभाग की टीम जांच में जुटी है। कुल 12 लाख 26 हजार 670 रुपए बरामद की गई है। रुपए विधिवत जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## घर के सामने गांजा-सिगरेट पीने से मना करने पर हुए मारपीट, मामले में चार गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र रहीमपुर रुदौली में बदमाशों के द्वारा कई लोगों को मारपीट कर घायल करने व दुष्कर्म की नियत से एक लड़की को जबरन उठा कर ले जाने के प्रयास और स्वर्ण आभूषण के छिनतई किए जाने से संबंधित मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को एक साथ गिरफ्तार किया है। जिनमें से तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जिनकी पहचान गांव के ही मो. मदनी के पुत्र मो. सज्जाद, मो. सोहराब आलम के पुत्र मो. रुस्तम और मो. सुल्तान के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तारों में एक आरोपी नाबालिग था, जिसे दरभंगा भेजा गया है। बताते चलें कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 42 रहीमपुर रुदौली निवासी पीड़ित के लिखित आवेदन पर मुफ्फसिल थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि बीते 29 अप्रैल को वह अपने परिवार जनों के साथ घर पर थे। इसी दौरान गांव के ही दो युवक उनके फूस के घर के सामने गांजा और सिगरेट पी रहे थे। जब उन्हें फूस के घर में इससे आग लगने की संभवाना का हवाला दे घर के सामने गांजा और सिगरेट पीने से मना किया गया तो वह लोग जाति सूचक गाली-गलौज करते हुए चले गए। थोड़ी देर के बाद वह लोग करीब आधा दर्जन की संख्या में में लोहे के रॉड आदि से लैस होकर आए और उनके परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उनमें से एक बदमाश ने हाथ में लिए पिस्तौल से उनके भाई के सिर पर वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके साथ बदमाशों ने उनके घर के करीब आधा दर्जन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। वह लोग उनकी भतीजी के साथ बदसलूकी करते हुए उसे दुष्कर्म की नीयत से जबरन ले जाने का प्रयास कर रहे थे। उसे बचाने गए उनके पिता को उन लोगों ने खंती से वार कर घायल कर दिया। इस दौरान वह लोग उनकी भतीजी के पहने स्वर्ण आभूषण लेकर फरार हो गए। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि मारपीट के मामले आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से तीन को जेल भेज दिया गया है। वही एक आरोपी के नाबालिग रहने के कारण उसे दरभंगा जूविनाइल सेंटर भेजा गया है।

## शादी से मना करने पर लड़की के शरीर पर भूत भेजने का लगाया आरोप, मारपीट में दोनों पक्ष के कई लोग घायल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर बेला पंचायत में एक लड़की के शरीर में भूत भेजने और झाड़-फूंक में भूत के द्वारा भूत भेजने वाली महिला का नाम बताने के बाद उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के चार महिला सहित सात लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में एक पक्ष के लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र विशेश्वर साह, विशेश्वर साह के पुत्र संतोष कुमार, सोनी देवी व प्रीति देवी एवं बबिता देवी के रूप में हुई है। वहीं दूसरे पक्ष के स्व. हरिहर साह के पुत्र उमेश साह व रौशनी देवी के रूप में हुई है। जिनका सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। घटना के संबंध में एक पक्ष के जख्मी संतोष साह ने बताया कि बीते 25 अप्रैल को उनके घर में उनकी भतीजी की शादी थी। उसमें उनकी एक रिश्तेदार लड़की भी आयी हुई थी। जिसको देखकर उनके पड़ोस की एक महिला ने उस लड़की से अपने पुत्र की शादी का प्रस्ताव रखा। जिसे उन लोगों ने लड़की के नाबालिग होने की बात कहकर नकार दिया। इसके बाद उस लड़की की तबियत खराब होने पर उसका झाड़-फूंक किया गया तो पता चला कि उसके ऊपर पड़ोस की एक महिला ने भूत फेंक दिया था। झाड़-फूंक के दौरान जब भूत से पूछा गया तो भूत ने उसे भेजने वाली महिला का नाम बताया था। इसी बात को लेकर उन लोगों ने उनके व उनके घर के परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं इस घटना में दूसरे पक्ष के जख्मी रौशनी देवी की चाची सोनी देवी ने बताया कि संतोष साह के परिजनों ने उन लोगों के परिवार के विरुद्ध भूत-प्रेत भेजने और डायन का आरोप लगाते हुए मारपीट की है, इसमें दो लोग घायल हुए हैं। वहीं इस संबंध में कपूरीग्राम थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि संतोष साह के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बैंक से 50 हजार रुपए निकाल कर जा रहे शिक्षक के ऊपर पान का पिक फेंककर उचक्कों न उड़ायो बैग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र में आए दिन हो रहे चोरी व छिनतई मामलों पर लगाम लगाने में पुलिस विफल साबित हो रही है। इससे शहर में चोर-उच्चकों व बदमाशों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर आराम से फरार हो जा रहे हैं। ताजा मामला नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के काशीपुर स्थित एडीबी ब्रांच के पास का है। जहां बैंक से रुपए निकालकर साइकिल से घर जा रहे उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरुआरा के प्रधान अध्यापक मधुप कुमार के ऊपर बदमाशों ने पीछे से पान-गुटखा का थूक फेंककर उनके साइकिल में टंगे 50 हजार रुपयों से भरा बैग लेकर चंपत हो गए। इस संबंध में उन्होंने नगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि वह एडीबी बैंक से 50 हजार रुपए निकालने के बाद बैग में रखते हुए उसे साइकिल के हैंडल में टांग कर कचहरी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान झाझी होटल से थोड़ा पहले तिराहे पर किसी ने उनके ऊपर पान-गुटखा का थूक फेंक दिया। साइकिल रोककर जब वह पीछे मुड़कर देखने लगे तो इसी दौरान उनके साइकिल में टंगे 50 हजार रुपए रखा बैग किसी ने उड़ा लिया। उन्होंने बताया है कि उनके बैग में एक स्मार्टफोन, विद्यालय का पासबुक व विद्यालय से जुड़े कुछ कागजात, बैंक का चेक बुक व पासबुक, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, जमीन के कुछ कागजात व अन्य सामान था। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया है कि बैग में पांच हजार रुपए था और बैग फेंका हुआ बरामद कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## दारोगा नंदकिशोर यादव के हत्या मामले के आरोपी इनामी अपराधी सहित दो कुख्यात अपराधी हैदराबाद से गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस की एसआईटी व डीआईयू की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोहनपुर ओपी के अध्यक्ष रहे नंदकिशोर यादव के हत्या मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी सहित समस्तीपुर जिले के टॉप 10 अपराधियों में शामिल दो अपराधियों को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान नालंदा जिला के भवानी बिगहा निवासी 25 हजार के इनामी अपराधी अनुज प्रसाद व समस्तीपुर जिले के घटहो थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर खजुरी निवासी अक्षय शर्मा के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि तकनीकि अनुसंधान और आसूचना की मदद से डीआइयू और एसआइटी ने हैदराबाद के पतनचेरु में संयुक्त छापेमारी कर एसएचओ नंदकिशोर यादव के हत्या मामले में आरोपित अनुज प्रसाद को गिरफ्तार किया है। वह पतनचेरु स्थित चावल फैक्ट्री में मजदूरी कर रहा था। वहीं हैदराबाद के बोरमपेट में छापेमारी करते हुए जिले के टॉप 10 अपराधियों में शामिल अक्षय शर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

## एक लाख का इनामी अपराधी मंटुन महतो पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस की एसआईटी ने एक लाख के इनामी अपराधी मंटुन महतो को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला के मटिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी मंटुन महतो के विरुद्ध जिले के विभूतिपुर थाना एवं बेगुसराय जिला अन्तर्गत खोदाबन्दपुर थाना में लूट, डकैती, हत्या, चोरी एवं आर्म्स एक्ट के कई मामले पूर्व से दर्ज हैं। वह कई मामलों में फरार चल रहा था और उसके ऊपर बिहार पुलिस मुख्यालय पटना के द्वारा एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस संबंध में गुरुवार को जानकारी देते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि मंटुन महतो जोकि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर बोरिया के ब्रह्मदेव महतो का पुत्र है। वह उसका नाम जिले के टॉप-10 इनामी अपराधकर्मियों की सूची में शामिल था। वह लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध कोर्ट के द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए समस्तीपुर पुलिस कई दिनों से प्रयास कर रही थी। काफी प्रयासों के बाद समस्तीपुर पुलिस की विशेष टीम के द्वारा उसे पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला के मटिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## वाहन से ठोकर लगने से इलाज के दौरान मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर चौक से खजौली जाने वाली मुख्य सड़क पर कलुआही थाना क्षेत्र के वाइक सवार लक्ष्मीपुर गांव निवासी रंजीत कुमार दास उम्र - 43 वर्ष को अज्ञात चार चक्का वाहन से ठोकर मारने से पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गया. मृतक रंजीत कुमार दास की पत्नी रेखा देवी के फर्द व्यान के आधार पर खजौली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. वादनी रेखा देवी ने अपने फर्द व्यान में आरोप लगाया है कि मेरे पति रंजीत कुमार दास अपने टीवीएस वाइक से ठाहर चौक से खजौली जाने वाली मुख्य सड़क से खजौली रैक पॉइंट सीमेंट कारोबारी विश्वनाथ साह के पास जाने क्रम में ठहर चौक से आगे मुख्य सड़क पर अज्ञात चार चक्का वाहन के चालक द्वारा ठोकर मारने से मेरा पति बुरी तरह जख्मी हो गया. खजौली पुलिस की अभिरक्षा में सीएचसी खजौली में भर्ती कराया गया.सीएचसी खजौली में डियूटी पर तैनात डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखकर जख्मी रंजीत कुमार दास को प्राथमिक इलाज करके डीएमसीएच रैफर कर दिया गया.डीएमसीएच में स्थित नाजुक देखकर डॉक्टर ने पीएमसीएच रैफर कर दिया गया, जहाँ इलाज के दौरान रंजीत कुमार दास की मौत हो गया. वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पत्नी के फर्द व्यान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया है.

## संक्षिप्त खबरें

### रतनपुर में बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना मे घायल

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के रतनपुर-गुगुलडीह मार्ग के टुल्लू ढाबा मोड़ के समीप अनियंत्रित बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार सदर अस्पताल जमुई में किया जा रहा है। घटना बुधवार की दोपहर रतनपुर - गुगुलडीह मार्ग के टुल्लू ढाबा के समीप हुई। बाइक सवार दोनों युवक अपने निजी काम से वापस अपने घर लौट रहे थे। बाइक तेज रफ्तार होने के कारण उक्त मार्ग में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। वहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा एंबुलेंस से दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई में भर्ती कराया गया,जहां दोनों घायल युवक का इलाज चल रहा है। वहीं घायल युवक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के हरनारायणपुर निवासी नीतीश कुमार एवं मलयपुर निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई। दोनों युवक दोस्त था। दोनों घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

# मुसीबत- गिद्धौर प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में पानी के लिए हाहाकार, अधिकारियों व प्रशासन का नही है ध्यान

## ग्रामीणों ने बताया कैसा होता है सात निश्चय योजना में शामिल हर घर नल का जल

- नदी खोदकर गंदा पानी पीने को विवश है मौरा के ग्रामीण
- सात गांव के ग्रामीण आज भी नदी में गढ़ा खोदकर गला तर करते हैं

प्रात : किरण, संवाददाता





जमुई/गिद्धौर :- सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल उपलब्ध कराने को लेकर भले ही बिहार सरकार के अधिकारी रोज नए-नए वायदे कर रही हो। लेकिन आजादी के 70 साल बाद भी गिद्धौर प्रखंड के कई इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों के नसीब में स्वच्छ पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। प्रखंड के कई ऐसे पंचायत हैं, जहां के रहने वाले आज भी सूखी नदी में गढढ़ा खोदते हैं और फिर पानी निकालकर अपनी प्यास बुझाते हैं। गिद्धौर प्रखंड और खैरा प्रखंड के बीचो बीच बहने वाली ह्यबरनारह्न नदी जो अकसर सूखी रहती है,पानी पीने से लेकर स्नान और शौच क्रिया तक के लिए यहां के लोग इसी नदी पर आश्रित हैं। दरअसल,गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय से सात किलोमीटर दूरी पर स्थित मौरा पंचायत में मौरा,भलुआई, लेवा,दुल्लमपुर,अलखपुरा,बंधौरा और गरमजरुआ गांव आता है,और इस गांव में रहने वाले ग्रामीणों को स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। लेकिन ना तो स्थानीये प्रशासन ना जिला प्रशासन को चिंता है कि मौरा पंचायत के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में दिन में नही रात में ही नदी से पानी लाने को मजबूर है। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की स्थिति बदतर है

कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि आज के इस दौर में जहां सरकार की ओर से बहुचर्चित योजना ह्यहर घर नल का जलह्न चल रहा है, वहीं, ग्रामीणों को बरनार नदी में रोज कुआं खोदकर पानी पीना पड़ रहा है।मौरा पंचायत के रहने वाले अजीत झा,रोहित कुमार,सरिता देवी,खुशबू कुमारी,ज्योति कुमारी,नेहा कुमारी,बिन्दू देवी,रूबी देवी,माया देवी,भारती देवी,उर्मिला देवी,संजू देवी

समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि पीएचईडी विभाग को सूचना देने के बावजूद भी पानी का टैंकर या अन्य साधन अभी तक उपलब्ध नही करा पाया है।वही वार्ड नंबर 4,7,11 में शादी का कार्यक्रम होने के कारण और पानी का समस्या उत्पन्न हो गया।विभाग को फोन से सूचना देने के बावजूद भी पानी नही दिया जा रहा है।वही स्थानीये ग्रामीण दिन में भीषण गर्मी होने के वजह से शाम व रात में पानी लाने को मजबूर है। यहां के लोग इसी नदी के सहारे अपनी प्यास बुझाते हैं,और अपने दिनचर्या के कामों का निष्पादन करते हैं।

कहते हैं मुखिया

वहीं, मौरा पंचायत के मुखिया धनराज यादव का कहना है कि पंचायत में नल जल योजना पूरी तरह ठप है। विभागीय उदासीनता के चलते नल जल योजना मेरे पंचायत में फेल है।उन्होंने इस बाबत पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता शिवदयाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस संदर्भ में विभाग को सूचना दी गई है, बावजूद इस ओर कोई कार्रवाई अबतक नहीं की गई है।

# डिग्रीधारी रंगकर्मियों ने सीएम से मिल नाट्य शिक्षक की बहाली को ले सौंपा मांग पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला मुख्यालय स्थित एमएलसी ललन सर्राफ आवास पर जिले के डिग्रीधारी रंगकर्मियों ने नाट्य छात्र संघ बिहार के बैनर तले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर नाट्य शिक्षक की बहाली को लेकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर जिले के डिग्रीधारी रंगकर्मी अमित आनंद, सुनीत साना, अमित कुमार अंशु, गोपाल कुमार, श्याम सुंदर साह ने कहा कि हमलोगों ने नाटय एवं रंगमंच पढ़ाई की है और स्नातकोत्तर की डिग्री भी प्राप्त की है। एनसीएफ- 2005 में लोक कलाओं एवं ललित कलाओं के अंतर्गत नाट्य विषय स्वीकृत है तथा एनसीएफ 2009 तथा नई शिक्षा नीति में प्रत्येक शिक्षण संस्थान में नाटक के माध्यम से पढ़ाई पर जोड़ दिया गया है। बिहार के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा से नाट्यशास्त्र की पढ़ाई होती और हर वर्ष दो दर्जन से अधिक की संख्या में रंगकर्मी डिग्री लेकर बेरोजगारी की जिंदगी जीने को बेबस हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ललित कला के अंतर्गत आने वाली हर कलायें जैसे संगीत, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला आदि के अभ्यर्थियों को शिक्षक के रूप में बहाल किया जा रहा है, ठीक उसी प्रकार नाट्य विषय को एसटीईटी में शामिल कर, परीक्षा में बैठने का मौका देकर रंगमंच (नाट्यशास्त्र) में डिग्री धारक छात्र-छात्राओं को शिक्षक के रूप में बहाल किया जाए जिससे डिग्रीधारी रंगकर्मियों के भी दामन से बेरोजगारी का दाग धुल सके।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ट्रेक्टर में पीछे से मारी जोरदार टक्कर, ट्रेक्टर चालक की हुई मौत



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा अज्ञात वाहन ने पीछे से ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार जिसमें मौके वारदात पर ट्रेक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामला पुरैनी थाना क्षेत्र के एसएच 58 की है जहां एमडीएम ईट भट्ठा से ट्रेक्टर पर ईट लेकर जा रहे ट्रेक्टर ट्राली में तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वहीं स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना के बाद मौके वारदात पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर सड़क जाम हटवाया। बता दें कि पुरैनी थाना क्षेत्र के एसएच 58 पर जय दुर्गा फ्यूल सेंटर के समीप ये हादसा हुई। बहरहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल अज्ञात वाहनों की धर पकड़ हेतु सभी जगह छापेमारी की जा रही है। वहीं मृतक की पहचान पुरैनी प्रखंड अंतर्गत औराय पंचायत के तालीम टोला वार्ड संख्या 18 निवासी उमेश राम के 19 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भटोनी गांव से ईट पहुंचा कर चिमनी भट्ठा पर लौट रहा था जैसे ही जय दुर्गा फ्यूल सेंटर से 300 मीटर उत्तर चिमनी भट्ठा के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेक्टर चालक की मौत की खबर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं स्थानीय लोग तत्काल मुवावजे की मांग कर रहे हैं। वहीं थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जांच की जा रहा है एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में मौत



प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) भटगामा -उदाकिशुनगंज मुख्य मार्ग एसएच -58 पर गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक सब्जी व्यवसाई की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया है मृतक उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बीड़ी रणपाल वॉर्ड नंबर 04 निवासी भगवान भगत के पुत्र मिथुन कुमार (32वर्ष) अन्य दिनों के तरह गुरुवार को भी भागलपुर से परवल लेकर वापस बीड़ी रणपाल जा रहे थे इसी दौरान चौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत धुरिया मोड़ के समीप पीछे से ही अज्ञात वाहन चालक ने धक्का मारते हुए भाग निकला हालांकि जैसे ही घटना घटित हुई वैसे ही आसपास के लोगों उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसा में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ अमित कुमार ने प्रारंभिक जांच के दौरान मिथुन को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है की मृतक अपने वृद्ध व अंधा पिता माता पत्नी और बच्चे का मात्र एकलौता कमाऊ सदस्य था जो सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। वहीं घटना के बाद अवर निरीक्षक संजीव कुमार गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसा में पहुंचकर मामले का पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया है।

# स्कूल नहीं तो वोट नहीं को लेकर पदाधिकारी हुए जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) बसनवाड़ा पंचायत के वार्ड नंबर 5 बच्ची वासा पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत कुमार अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय ठाकुर ने ग्रामीणों को वोट बहिष्कार समाप्त करने एवं मतदान के लिए जागरूक किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2016 में नव सृजित प्राथमिक विद्यालय का मंजूरी किया गया था जिसका आठ वर्ष हो गया है परन्तु आज तक विद्यालय का निर्माण नहीं हो पाया जबकि विद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रयाप्त जमीन है। यहां से तीन किलोमीटर दूर मध्य विद्यालय तेलीहारी मे शिफ्ट है। जिस वजह से बच्चों को काफी परेसानी होती है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मिलकर यह निर्णय लिया था कि जब तक विद्यालय निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं उठाया जाता है तब तक हम लोग वोट बहिष्कार करेंगे। मतदान तभी करेंगे जबतक विद्यालय का निर्माण हो जाएगा। जिसको लेकर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत कुमार, अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय ठाकुर, बसनवाड़ा पंचायत के वार्ड नंबर 5 बच्ची वासा पहुंच कर ग्रामीणों से विद्यालय निर्माण को लेकर चर्चा किया एवं विद्यालय परिसर पहुंचकर जमीन का जायजा लिया। अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ने बताया कि अगर यह सरकारी जमीन है तो विद्यालय का निर्माण भी यहीं पर होगा। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय ठाकुर से ग्रामीणों का मांग करते हुए कहा कि जब तक भवन निर्माण नहीं होता है हम लोग अपने स्तर से यहां कच्चा मकान का निर्माण करते हैं इसी में विद्यालय का पठन पाठन हो जिस पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ग्रामीणों की मांग को मानते हुए अभिलंब विद्यालय का पठन पाठन अपने मूल जगह पर करने की बात कही। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा वोट बहिष्कार को समाप्त कर मतदान करने की बात कही गई। इसके उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत कुमार अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय ठाकुर ने उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के लिए शपथ दिलाया।

# मेरा मतदान मेरा स्वाभिमान, 400 जीविका दीदी हुई कार्यक्रम में सम्मलित



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री विजय प्रकाश मीणा के नेतृत्व में डीआरसीसी परिसर में जीविका दीदियों एवं कैडरों के साथ मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मधेपुरा जिले के सभी प्रखंडों से सीएलएफ लीडर एवं लगभग 400 जीविका दीदियां सम्मिलित हुईं। जिला पदाधिकारी द्वारा जीविका के कार्यों की सराहना करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता की महत्ता पर प्रकाश डाला गया और लोकतंत्र की सारथी बनकर मतदाताओं को जागरूक करने का दायित्व सौंपते हुए मतदाता शपथ दिलाया गया। इस क्रम में उनके द्वारा सभी जीविका दीदियों से अपील की गई कि मतदाताओं को जागरूक करने के दौरान मतदान की तिथि बताने के साथ -साथ मतदान का समय सुबह 7:00 से संध्या 6:00 बजे तक, मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं यथा शेड, मटके का पानी, शौचालय, रैम्प, वॉलिंटियर्स, मेडिकल टीम तथा वोटर आईडी कार्ड के अलावा मतदान करने हेतु वैकल्पिक दस्तावेज यथा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पासबुक के बारे में जानकारी देने का आवाहन किया गया। साथ ही साथ अधिक मतदान करने वाले मतदान केंद्रों की टीम को तथा टॉप 3 प्रखंडों को पुरस्कृत करने से संबंधित जानकारी भी दी गई।

# राजाओं के द्वारा जनहित में किए गये कार्यों को देश भूल नहीं सकता : कुमार कपिलेश्वर

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भारतीय समाज को इस मेंटेलिटी के लोग केवल शोषक और शोषित की दृष्टि से ही देखते आए हैं।भारत के राजा-महाराजाओं के प्रति राहुल गांधी का बयान यह साबित करता है कि स्वतंत्रता पश्चात कांग्रेसी सरकारों ने समाज को अपना कुटुंब मानने वाले, अपने परिवार का हिस्सा मानने वाले और समाज के लिए लोक-कल्याणकारी कार्य करने को अपनी प्राथमिकता मानने वाले राजा-महाराजाओं को कम्युनिस्टों के साथ मिलकर शोषण करने वाला स्थापित कर दिया।जबकि सच्चाई यह है कि देश के अनेकों राजाओं द्वारा जनहित में किए कार्यों की अनदेखी नहीं की जा सकती है। लेकिन कांग्रेस नेता वैसे अपने देश के राजवंशों के पूर्वजों को शोषक बोलकर अपनी दूषित मानसिकता का परिचय दिये हैं। राज दरभंगा के कुमार कपिलश्वर सिंह ने कहा कि मेरे भी पूर्वजों ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सनातन हिन्दू धर्म जागरण आदि विषयों को सदैव समर्थन और सहयोग प्रदान किया।स्वतंत्रता आंदोलन के सभी प्रकल्पों को राज दरभंगा का अहर्निश संरक्षण मिला। स्वतंत्रता पश्चात महाराज कामेश्वर सिंह जी द्वारा किए गये लोक-कल्याणकारी निर्णयों की कही-अनकही कथाओं और कर्तृत्व से तो दरभंगा का प्रत्येक कोना प्रदीप्त हो रहा है।देश के अनेक राज्यों में विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ चाहे दरभंगा में दो-दो विश्वविद्यालयों की स्थापना हो, दरभंगा मेडिकल कॉलेज की नींव हो, दरभंगा एयरपोर्ट हो, चीन युद्ध में दिया गया सहयोग हो, भू-दान में देश के गरीब बंधुओं के लिए हजारों एकड़ जमीन दान हो किसी भी समय और कैसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में राज दरभंगा ने लोक कल्याण के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया।भारतीय समाज को तोड़नेवाली मानसिकता से ग्रसित राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से हम सभी भारतीयों को सचेत रहने की आवश्यकता है। और मैं कांग्रेस के इस भावना की कड़ी निंदा करता हूँ।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर महुआ में एसयूसीआई के बैनर तले मनाया गया मजदूर दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ महुआ के फुदेनी चौक पर एस यू सी आई कम्युनिस्ट के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर एक कार्यकर्म का आयोजन किया गया। इस मौके पर महुआ में मजदूरों को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के हाजीपुर लोकसभा प्रत्याशी कॉमरेड राजेश कुमार रौशन ने कहा कि 19 वीं शताब्दी में पूंजीपतियों द्वारा कारखानों में अमानवीय शोषण के खिलाफ मजदूरों का ताकतवर आंदोलन शुरू हुआ। सन 1886 में 01 मई को मजदूरों ने अपने काम को 8 घंटे करने, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों हजार मजदूरों का विशाल जुलूस निकाला जिस पर पुलिस द्वारा गोली चलाने से अनेकों मजदूर मारे गए और सकड़ों की संख्या घायल हो गए। इस शहादत से दुनिया भर में मजदूरों का आंदोलन तेज हुआ और आगे चलकर मजदूरों के लिए 8 घंटे काम का अधिकार हासिल हुआ और उसी 1 मई के दिन को 1889 से अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाने लगा। 1917 में रुस में किसान मजदूरों ने मिलकर महान नेता लेनिन के नेतृत्व में दुनिया की पहली सामाजवादी क्रान्ति सफल की और शोषणविहीन समतामूलक खुशहाल समाज का निर्माण किया।उन्होंने आगे कहा कि यह दुखद है कि वर्तमान समय में मजदूर वर्ग को विभिन्न जात, धर्म व संप्रदाय बांटकर पूंजीपतियों की सेवक पार्टियां सत्ता हासिल कर रही है, यही नहीं लाल झंडे की तथाकथित वामपंथी पार्टियां भी उस फिरका परस्त पूंजीवादी राजनीति में शामिल है।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर संगोष्ठी सभा का किया गया आयोजन, दी वधाई

## मजदूर दिवस की इतिहास, वर्तमान दशा दिशा एवं हमारी भूमिका, विषयक सभा आयोजित

- मजदूर दिवस पर फासीवादी पूंजीवादी सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान - किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता




खगड़िया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर देश बचाओ अभियान एवं असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन के बैनर तले इस्लामपुर खगड़िया में मजदूर सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता देश बचाओ अभियान एवं असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया।

इस अवसर पर मजदूरों का इतिहास, वर्तमान दशा व दिशा एवं हमारी भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम आंदोलन में शहीद मजदूर के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा मजदूर किसान जन विरोधी फासीवादी पूंजीवादी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में दुनियां के मजदूरों एक हो, शहीद मजदूर अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, कार्ल मार्क्स लेनिन अमर रहे, नारों को बुलंद किया गया।

कार्यक्रम में मजदूर संगठन का पत्रिका ह्लवर्ग संघर्ष की पुकारह्न का विमोचन एवं वितरण किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि 1886 ईस्वी में अमेरिका के शिकागो शहर में कपड़ा मील में 8 घंटा काम 8 घंटा आराम 8 घंटा मनोरंजन के सवाल को लेकर हड़ताल हुई, जिस पर पूंजीवादी फासीवादी ताकतें ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर सैकड़ों मजदूरों को शहीद कर दिया, घायल मजदूरों ने खून से लथपथ सनी कपड़ों को लहराते हुए दुनियां के मजदूर एक हो नारों को बुलंद करते हुए क्रांति का प्रतीक लाल झंडा का प्रतीक बनाया और अंततः मजदूरों की जीत हुई । किंतु वर्तमान केंद्रीय सरकार 4 लेबर कोड बिल काला कानून लाकर मजदूरों को अधिकार से वंचित कर दिया।

श्री यादव ने फांसीवादी पूंजीवादी जुमलेबाजी मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

किसान महासभा के संयोजक धर्मेंद्र कुमार ने किसान मजदूर का दशा दिशा पर विस्तृत चर्चा किया।

असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन के सचिव सुनील कुमार ने मजदूरों की भूमिका, मजदूरों को निबंधन करने, निबंधन कार्ड बनाने, सरकारी योजना का लाभ दिलाने संबंधित विस्तार से चर्चा किया।

कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार सुनील कुमार सीमा देवी रितु देवी मूंगा देवी पार्वती देवी सपना देवी रेणु देवी सुजीत ठाकुर उमेश साहनी विलास पासवान देवानंद पासवान राजेश पासवान ऋषि देव साहनी सिकंदर शाह लूखो देवी रणधीर कुमार साहिल कुमार प्रेम कुमार आदि दर्जनों मजदूरों ने कहा कि जो मजदूरों के हित की बात करेगा, वहीं खगड़िया व देश में राज करेगा। जो प्रत्याशी मजदूरों का सवाल अपने घोषणा पत्र में दर्ज करेगा, वहीं खगड़िया में राज करेगा।

# उदाकिशुनगंज में सीएम नीतीश कुमार ने किया जन सभा को संबोधित





- लालू परिवार पर जमकर साधा निशाना

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज अनुमंडल स्थित एसबीजेएस+2 हाई स्कूल मैदान में बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने जन सभा को संबोधित किया। इस दौरान एनडीए समर्थित जेडीयू प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव को जिताने का लोगों से अपील किया। यहां कार्यक्रम में मौजूद जनता को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश कुमार ने राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा कहा जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वे बिहार में क्या काम किए आप सबको मालूम है। शाम होते घर बाहर नहीं निकल पाते थे। लोग इनके सासन काल में सबसे ज्यादा हिंदू मुस्लिम होता था और हमे जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया सभी जगहों पर हिंदू मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेरा बंदी किया मदरसे के लिए भी काम किया उनके हित में कई काम भी हमने किया वे लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया। आज बिहार में चारो तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है चाहे वह पुल पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है और कई जगहों कार्य पूर्ण भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि आपके मधेपुरा में 781 करोड़ की लागत से आरओबी निर्माण कार्य प्रारंभ है जिसका उद्घाटन हम लोगों ने किया है। इतना हीं नहीं उदाकिशुनगंज में आईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज, पारा मेडिकल कॉलेज निर्माण के दिशा में कार्य चल रहा है साथ ही मुरलीगंज में अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि जब 2008 में कोसी बांध टूटने से तबाही मची थी तो हम इन इलाके में घूम घूम कर सभी जगहों का जायजा लिया जहां पुल पुलिया सड़क ध्वस्त हुई उन सभी पर हमने कार्य किया आज आपके सामने है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर दुकानदारों से वसूला गया जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ नगर परिषद कार्यालय महुआ द्वारा गुरुवार को महुआ के विभिन्न बाजारों और चौक चौराहा पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ के अभियान चलाते हुए में औचक छापामारी की गई। इस छापेमारी अभियान के दौरान महुआ के दर्जनों दुकानदार को सिंगल यूज प्लास्टिक का धरल्ले से उपयोग करते हुए पाए गए। जिसके तहत बिभीन्न दुकानदारों से आर्थिक दंड के रूप में 2 हजार 200 रूपए की राशि वसूली गई एवं 5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़ी गई। यह अभियान नगर सहायक लोक स्वच्छता एवं अवशिष्ट प्रावधान पदाधिकारी नेहा कुमारी के नेतृत्व में सघन छापामारी की गई। इस छापेमारी अभियान के दौरान महुआ नगर परिषद के नगरकर्मी अभय कुमार, सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार ,गुड्डू राय सूरज कुमार राजा कुमार आदि के साथ साथ अनेकों कर्मी भी शामिल थे। जैसे ही नगर परिषद के कर्मियों एवं पदाधिकारी के द्वारा महुआ के गांधी चौक, बच्चन शर्मा चौक सहित अनेकों दुकानदारों के पास जांच अभियान में पहुंचे तो पदाधिकारी को देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया और बाजार में घंटो अफरातफरी मची रही।छापेमारी के दौरान दर्जनों दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग धडल्ले से करते पाए गए ।ज्ञात हो कि बिहार सरकार के द्वारा कई वर्षों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाई जा चुकी है ।उसके बावजूद नियम कानून को ताक पर रखते हुए महुआ नगर परिषद के विभिन्न दुकानदारों के साथ-साथ सुदूर देहात के दुकानदारों एवं आम जनों के द्वारा भी धरलले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है। परंतु हद तो तब हो जाती है जब नियम कानून को बनाने वाले सरकारी कार्यालय में भी सिंगल सरकार के कानून को ही ताक पर रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते हुए देखा जा सकता है।

सम्पादकीय

# आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था।बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकडी पड़ी।दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है।हिन्दु समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है।एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है।वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है।मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी।संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

# कोरोना वैक्सीन पर राजनीति नहीं

संजय गोस्वामी

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है. यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में बड़े पैमाने पर सीरम इंस्टीट्यूट के जरिए उत्पादन किया गया था. एक निजी संस्थान द्वारा उत्पादित वैक्सीन को न केवल सरकार द्वारा प्रचारित किया गया, बल्कि इसे आईसीएमआर द्वारा प्रमाणित और सुरक्षित भी बताया गया। जबकि सभी जानते हैं कि वैक्सीन का ट्रायल बहुत जल्दबाजी में किया गया था. क्लिनिकल और अन्य परीक्षणों की लंबी और वर्षों-लंबी प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ्तों में यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया गया कि यह समय की आवश्यकता थी। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और इसके एमडी अदार पूनावाला के साथ देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने खुद भी टीका लगवाया और देशवासियों से भी टीका लगवाने की अपील की. इसके बाद कोवैक्सिन, कोरवेबेक्स जैसी कई अन्य वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त में सप्लाई किया। पूरे देश में टीकाकरण शिविर आयोजित किये गये। वैक्सीन लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा. वैक्सीन प्रमाणपत्र वितरित किए गए और कई सरकारी सेवाओं के लिए यह प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया। यह प्रमाणपत्र आज भी हम सभी के मोबाइल फोन या दराज में मौजूद है। ये सब हुए कई साल बीत गए. कोरोना की कभी-कभी छोटी लहर की चर्चा के अलावा कोई बड़ी लहर नहीं आई है. ऐसा लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है. कोरोना के नए-नए वेरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाए वापस चले जाते हैं. पुराने वेरिएंट को वैक्सीन से खत्म कर दिया गया है और इम्यूनिटी बढ़ने से नए वेरिएंट को अपनी ताकत दिखाने और बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है. लेकिन दूसरी ओर, अचानक दिल का दौरा, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं. आए दिन हमें ऐसी खबरें और वीडियो पढ़ने, देखने और सुनने को मिलते हैं. न केवल भारत में, बल्कि ब्रिटेन सहित अन्य देशों में भी, जहां कोविशील्ड का आविष्कार किया गया था। स्ट्रेजेनेका कंपनी ने इसे सबसे पहले कहां बनाया था और किन देशों से लाइसेंस या सहयोग लेकर अन्य देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इनका सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनी वैक्सीन पूरी दुनिया में सप्लाई होती है। लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी परेशानी का साया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक दिखाई दे रहा है। चूंकि इन दिनों भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कबूलनामे से विपक्ष को सरकार के खिलाफ नया हथियार मिल गया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई ताकत मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरूआत में इस वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे बीजेपी की वैक्सीन बताकर इसे लगवाने से इनकार कर दिया था। हालांकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली, लेकिन कई आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनका संदेह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था. इनमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख का नाम प्रमुख है. उनकी पार्टी इस चुनाव में भारत गठबंधन का हिस्सा है। जब से एस्ट्राजेनेका द्वारा अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करना मीडिया में उजागर हुआ है, जिस महिला की कथित तौर पर कोविशील्ड लेने के बाद मृत्यु हो गई, उसके माता-पिता ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के खिलाफ मामला दर्ज करने का फैसला किया है, जिसके एक दिन बाद भारत में वैक्सीन बेचने वाली एस्ट्राजेनेका ने अदालत में स्वीकार किया कि उनका कोविड शॉट एक दुर्लभ दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है।. एस्ट्राजेनेका का कबूलनामा सामने आने के बाद अभिभावकों को न्याय की उम्मीद है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने एक सम्मेलन बैठक में कहा, सीरम इंस्टीट्यूट के कोविशील्ड के दुष्प्रभाव नगण्य से भी कम हैं। कोविड-19 एक घातक बीमारी है, और हम सभी को जीवन में बाद में अनावश्यक स्थितियों से बचने के लिए उचित सावधानी बरतनी चाहिए। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कोरोना और कोविशील्ड को लेकर चर्चाओं से भर गए हैं। ऐसा लगता है मानों सबको अपना गुस्सा निकालने का मौका मिल गया हो. कोई इसके लिए एस्ट्राजेनेका और अदार पूनावाला को जिम्मेदार ठहरा रहा है तो कोई इसे चुनावी बांड चंदे और विदेश में कॉरपोरेट जगत के लालच से जोड़ रहा है। कोरोना महामारी को लेकर अब भी लोगों में संदेह होने लगा है। ये पूछ रहे हैं कि क्या यह पश्चिमी अमीरों और शासकों की कोई सुनियोजित साजिश नहीं थी? जिसके तहत जनसंख्या को कम करने और फार्मेसी, अस्पताल, बीमा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के करोड़ों लोगों को गिनी पिग बनाया गया और लोगों के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया और इसके लिए चीन जिम्मेदार है। आपको यह जानना चाहिए कि किसी भी दवा का मानव के ईलाज में प्रयोग करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण किया जाता है वैक्सीन का साइड इफेक्ट क्लिनिकल परीक्षण में नगण्य है सबसे पहले किसी रसायन जो कि टीके या दवा के लिए प्रयोग किया जाना है का प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। यदि प्रयोगशाला में सफलता मिल जाती है, तो इसके बाद इसका प्रयोग छोटे जानवरों (जैसे चूहा, बिल्ली, आदि) पर किया जाता है। यदि इन पर भी प्रयोग सफल होता है तो यही प्रयोग विभिन्न जाति के बंदरों पर किया जाता है। इस परीक्षण में इस दवा के दुष्परिणाम तथा दवा के विषैलेपन का भी परीक्षण किया जाता है। यदि यहां तक सफलता मिल जाती है तो इसके बाद इस दवा नियंत्रक तथा अन्य नियामक एजेंसियों से मानव पर उपरोक्त दवा के परीक्षण की इजाजत मांगी जाती है। इस इजाजतनामे में मानव परीक्षण की जरूरत किस प्रकार का परीक्षण किया जायेगा, कौन-कौन शोधार्थी इसमें शामिल होंगे और किन-किन अस्पतालों के माध्यम से यह शोध किया जायेगा, इस सब का विवरण देना होता है। साथ ही हर चरण के परीक्षण के बाद सम्पूर्ण विवरण नई दवा या टीके का परीक्षण करने वाली कम्पनी को उक्त एजेंसी को देना होता है। मानव परीक्षणों में हर दवा को तीन चरणों में गुजरना होता है। पहला चरण क्लीनिकल ट्रायल होता है, जिसमें दवा की सुरक्षा तथा शरीर में प्रतिरोधक क्षमता तथा अलग-अलग मात्रा में दवा की खुराक देकर दवा की खुराक (डोज) निर्धारित की जाती है। पहले चरण के परीक्षण में 10 से 20 तक स्वस्थ मानवों की आवश्यकता होती है, तथा इस पूरी प्रक्रिया में दो वर्ष का समय लगता है।

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

**इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मयार्दाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद टूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन टूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं। रविवार के खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे।**





**ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

कनाडा में रविवार को वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मयार्दाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद टूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन टूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं। रविवार के खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में टूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है।

भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है।

निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की टूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते टुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का ह्यठंडाह्न रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए टुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है।

टुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए टुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया।

# लीची फलों के हरे से लाल रंग में बदलने की अवस्था में करें कुशल बाग प्रबंधन

**बिहार में लीची की उत्पादकता 8 .40 टन प्रति हेक्टेयर है जबकि राष्ट्रीय उत्पादकता 7 .35 टन प्रति हेक्टेयर है। लीची बिहार का प्रमुख फल है ।इसे प्राइड ऑफ बिहार भी कहते है ।यह फलों की रानी है ।इसमें बीमारियां बहुत कम लगती हैं ।लीची की सफल खेती के लिए आवश्यक है की इसमें लगने वाले प्रमुख कीटों के बारे में जाना जाय,क्योंकि इसमें लगने वाले कीटों कि लिस्ट लंबी है, बिना इन कीटों के सफल प्रबंधन के लीची की खेती संभव नहीं है। इस समय बिहार के अधिकांश हिस्से में मौसम बहुत ही गर्म है जैसे ही हल्की बारिश होगी बिहार की मशहूर शाही प्रजाति के लीची के फल में लाल रंग विकसित होने लगेगा है। यह अवस्था प्रबंधन के दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है ।इस समय फल छेदक कीट के आक्रमण की संभावना बढ़ जाती है यदि बाग का ठीक से नहीं प्रबंधन किया गया तो भारी नुकसान होने की संभावना बनी रहती है ।लीची में फल के लौंग के बराबर होने से लेकर फल की तुड़ाई के मध्य मात्र 40 से 45 दिन का समय मिलता है ।इसलिए लीची उत्पादक किसान को बहुत सोचने का समय नहीं मिलता है। तैयारी पहले से करके रखने की जरूरत है ।लीची की सफल खेती के लिए आवश्यक है की लीची में लगने वाले फल छेदक कीट को कैसे प्रबंधित करते है? लीची की सफल खेती में इसकी दो अवस्थाएं अति महत्वपूर्ण होती है, पहली जब फल लौंग के बराबर के हो जाते है , जो की निकल चुकी है एवं दूसरी अवस्था जब लीची के फल लाल रंग के होने प्रारंभ होते है ।**





**डाक्टर एस के सिंह**
**लेखक डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक हैं**

भारत सरकार के कृषि एवम सहकारिता विभाग के वर्ष 2020 - 2021 के आंकड़े के अनुसार भारत में 97.91 हजार हेक्टेयर में लीची की खेती हो रही है जिससे कुल 720.12 हजार मैट्रिक टन उत्पादन प्राप्त होता है, जबकि बिहार में लीची की खेती 36.67 हजार हेक्टेयर में होती है जिससे 308.06 हजार मैट्रिक टन लीची का फल प्राप्त होता है। बिहार में लीची की उत्पादकता 8.40 टन प्रति हेक्टेयर है जबकि राष्ट्रीय उत्पादकता 7.35 टन प्रति हेक्टेयर है।

लीची बिहार का प्रमुख फल है ।इसे प्राइड ऑफ बिहार भी कहते है ।यह फलों की रानी है ।इसमें बीमारियां बहुत कम लगती हैं ।लीची की सफल खेती के लिए आवश्यक है की इसमें लगने वाले प्रमुख कीटों के बारे में जाना जाय,क्योंकि इसमें लगने वाले कीटों कि लिस्ट लंबी है, बिना इन कीटों के सफल प्रबंधन के लीची की खेती संभव नहीं है।

इस समय बिहार के अधिकांश हिस्से में मौसम बहुत ही गर्म है जैसे ही हल्की बारिश होगी बिहार की मशहूर शाही प्रजाति के लीची के फल में लाल रंग विकसित होने लगेगा है। यह अवस्था प्रबंधन के दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है ।इस समय फल छेदक कीट के आक्रमण की संभावना बढ़ जाती है यदि बाग का ठीक से नहीं प्रबंधन किया गया तो भारी नुकसान होने की संभावना बनी रहती है ।लीची में फल के लौंग के बराबर होने से लेकर फल की तुड़ाई के मध्य मात्र 40 से 45 दिन का समय मिलता है ।इसलिए लीची उत्पादक किसान को बहुत सोचने का समय नहीं मिलता है। तैयारी पहले से करके रखने की जरूरत है ।लीची की सफल खेती के लिए आवश्यक है की लीची में लगने वाले फल छेदक कीट को कैसे प्रबंधित करते है? लीची की सफल खेती में इसकी दो अवस्थाएं अति महत्वपूर्ण होती है, पहली जब फल लौंग के बराबर के हो जाते है , जो की निकल चुकी है एवं दूसरी अवस्था जब लीची के फल लाल रंग के होने प्रारंभ होते है । इन दोनों अवस्थावो पर फल बेधक कीट के नियंत्रण हेतु दवा का छिड़काव अनिवार्य है ।लीची में फल छेदक कीट का प्रकोप कम हो इसके लिए आवश्यक है की साफ -सुथरी खेती को बढ़ावा दिया जाय। लीची में फल बेधक कीट से बचने के लिए थायो क्लोप्री एवं लमडा सिहलोथ्रिन की 1 मिलीलीटर दवा को प्रति 2 लीटर पानी या नोवल्युरान 1.5 मीली दवा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। अभी तापमान अप्रैल माह से ही 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास या अधिक रहने की वजह से लीची की खेती प्रभावित हो रही है, जिसकी वजह से लीची के फलों की बढ़वार बहुत अच्छी नहीं है । फल की तुड़ाई से पूर्व दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहने की वजह से लीची के फलों पर जलने जैसे लक्षण दिखाई दे रहे है ,जिससे फल की गुणवक्ता बुरी तरह से प्रभावित हो रही है । इस तरह से प्रभावित फल वातावरण में अचानक परिवर्तन होने से फट जायेंगे,जिससे बागवान को भारी नुकसान होगा ।वातावरण में इस तरह के परिवर्तन को प्रबंधित करने के लिए लीची उत्पादक किसानों को अपने बाग में ओवर हेड स्प्रिंकलर लगाने के बारे में सोचना प्रारंभ कर देना चाहिए क्योंकि बिना उसके गुणवक्ता युक्त फल प्राप्त कर पाना अब संभव नहीं है। गुणवक्ता युक्त लीची के फल प्राप्त करने के लिए वातावरण का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आस पास होना चाहिए। ओवर हेड स्प्रिंकलर लगाने से लीची के बाग के तापमान को ,बाहर के तापमान से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम रक्खा जा सकता है।

पूर्व वर्षो के अनुभव के आधार पर जिन लीची के बागों में फल के फटने की समस्या ज्यादा हो वहां के किसान यदि 15 अप्रैल के आसपास बोरान 4 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिडकाव कर दिए होंगे ,उन बागों में लीची के फल के फटने की समस्या में भारी कमी आयेगी। इस समय रोग एवं कीड़ों की उपस्थिति के अनुसार रसायनों का प्रयोग करें ।बाग की मिट्टी में नमी अनिवार्य रूप से बनाए रक्खे लेकिन इस बात का ध्यान देना चाहिए कि पेड़ के आस पास जलजमाव न हो। मशहूर शाही लीची के फलों की तुड़ाई 20-25 के आस पास करनी चाहिए। फलों में गहरा लाल रंग विकसित हो जाने मात्र से यह नही समझना चाहिए की फल तुड़ाई योग्य हो गया है । फलों की तुड़ाई फलों में मिठास आने के बाद ही करनी चाहिए। फलों की तुड़ाई से 15 दिन पहले कीटनाशकों का प्रयोग अवश्य बंद कर देना चाहिए अनावश्यक कृषि रसायनों का छिड़काव नहीं करना चाहिए अन्यथा फल की गुणवक्तता प्रक्रिया प्रभाववित होगी।

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

**अनिरुद्ध गौड़**

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है ।देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी ।वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है। नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है।

देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ। अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया ।भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 132 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

दिघवारा नगर। दिघवारा थाना क्षेत्र के छपरा हाजीपुर मुख्य मार्ग पर आमी मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान दिघवारा पुलिस की टीम ने एक टेम्पो से विभिन्न ब्रांड के 132 लीटर विदेशी शराब को जप्त किया गया।इस दौरान शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गाँव निवासी रामजी राय के पुत्र नरेश राय के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जगह जगह चेकपोस्ट बनाये गए हैं तथा वाहन जाँच की जा रही है उसी क्रम में आमी मोड़ के पास एक समान ढोने वाले टेम्पो के पीछे नीचे तहखाना बनाकर शराब को छुपा कर रखा गया था।जप्त शराब में 750 एमएल रॉयल स्टैग का 116 बोतल तथा ऑफिसर चॉइस ब्रांड के 250 पैकेट फ्रूटी को बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसी तरह आगे भी करवाई जारी रहेगी।

### ललित भारत गैस उपभोक्ताओं की निः शुल्क सुरक्षा जांच

जलालपुरेस्थानीय ललित भारत गैस एजेन्सी वितरक द्वारा अपने उपभोक्ताओं की निः शुल्क सुरक्षा जाँच की जा रही हैइस आशय की जानकारी देते हुए गैस एजेन्सी के प्रोपराईटर ई ललित कुमार सिंह ने बताया कि यह बिल्कुल निः शुल्क हैइसमे वितरक द्वारा भेजा गया डळढ बताकर उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन की सुरक्षा जांच जरूर जाँचवाएं। अगर उनका सुरक्षा पाइप 5 साल से अधिक पुराना हो गया है, तो कृपया उसे बदलवाएं। अपने गैस कनेक्शन के ीङ उ के लिए ऐप डाउनलोड करें और अपनाीङ उपूरा करें।किसी तरह की समस्या या सुझाव के लिए गैस एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं

### आपसी विवाद में हुई जमकर मारपीट, तीन घायल

इसुआपुर।थाना क्षेत्र की शिशवां गांव में पूर्व से आ रहे आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमे तीन लोग घायल हो गए। घायलों में लाल बाबू राय की पत्नी सुगांती देवी तथा पुत्र धीरज कुमार व पुत्री संजु कुमारी शामिल हैं। प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में करने के बाद सुगांती देवी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। वहीं संजू कुमारी तथा धीरज कुमार का इलाज सीएचसी इसुआपुर में चल रहा है।

### पनियहवा में ट्रेन से कटकर वृद्ध व्यक्ति की मौत

बगहा.उत्तरप्रदेश बिहार सीमाई रेलवे स्टेशन पनियहवा में एक वृद्ध व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। वृद्ध व्यक्ति की पहचान वाल्मीकिनगर स्थित रमपुरवा गांव निवासी 66 वर्षीय योगेंद्र साह के रूप हुई है। रमपुरवा गांव सूत्र की माने तो योगेंद्र साह परिवारिक कलह के बाद घर से तीन दिन पहले निकला था जिसके बाद उसके ट्रैन से कटकर मौत की खबर आई है।बतादें,की घटना के बाद मृतक के पास से निर्वाचन पहचान पत्र से उसकी पहचान हुई है।सूत्रों के मुताबिक समाचार प्रेषण तक परिजन सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंच गए है।

### हसनपुर में आग लगने से दो घर जल कर राख

ढाका (पुर्वी चम्पारण)-कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर दलित बस्ती मे अचानक आग लगने से गुरुवार दोपहर के करीब दो घर जल कर राख हो गया।हालांकि लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत आग पर काबू पा लिया। सूचना पर कुण्डवा चैनपुर थाने की फायर ब्रिगेड पहुंच ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पाया।आग से महेश राम और कपिल राम का घर जला। घनी बस्ती होने के कारण बड़ा हादसा भी हो सकता था।पर टल गई।अगलगी मे एक साईकिल सहित अनाज,कपडा सहित अन्य समान जलकर राख हो गयी, जिसमें पचास हजार के करीब के नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है।

# मांझी प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में अग्नि का तांडव रहा जारी





प्रात: किरण, संवाददाता

मांझी प्रखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में गुरुवार को भी अग्नि का तांडव जारी रहा। इस दौरान चंदउपुर, एकड़ेंगवा, मुबारकपुर तथा चेफुल गांव के बीच के चंवर में भयंकर आग लग गई। देखते हीं देखते कई पशुपालको के भूसा के ढ़ेर जलकर राख हो गए तथा दर्जनों पेड़ झुलस गए। आग की भयावह स्थिति देख लोगों में दहशत व अफरातफरी मची रही। बताया जाता है की पहले मुबारकपुर के बधार में आग लगी। जिसके बाद तेज पछुआ हवा के कारण आग तेजी से बगल के बधार को अपने चपेट में ले लिया। बाद में आसपास के सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण जुट गए और पम्पिंग सेट चालू कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। हालांकि आग के विकराल रूप देख ग्रामीण अग्निशमन वाहन के पहुँचने की प्रतीक्षा कर रहे थे। हालाकि गांव के नौजवानों ने हौसला बुलंद कर किसी तरह आग पर काबू पा लिया। उधर दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव के समीप एकमा-मांझी गंडक नहर के किनारे अचानक आग लग गई। बाद में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश पाण्डेय ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची मिनी फायर बिग्रेड की मदद से कर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। इस दौरान नहर किनारे दर्जनों पेड़ झुलस गए। इसी तरह जैतपुर पंचायत के पिपरहियां गांव में एक बगीचे में बुधवार की दोपहर अचानक आग लग गई। जहा मौके पर अग्निशमन वाहन के साथ पहुंचे कर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। तबतक इसी गांव के शिक्षक शुभनारायण सिंह के करीब एक दर्जन फलदार पेड़ झुलस गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि अभी आग बुझाकर दमकल कर्मी निकले हीं थे कि शाम को इसी गांव के नहर किनारे भयंकर आग लग गई और दर्जनों पेड़ झुलस गए। लोगों ने बताया कि समय रहते दमकल कर्मी नही पहुंचते तो गांव के कई मकान भी आग के चपेट में आ जाते।

# सरयू नदी से अंग्रेजी शराब की खेप लेने पहुँचे चार तस्कर चार बाइक के साथ गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



माँझी। बुधवार की रात माँझी थाना पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के मटियार गांव के समीप सरयू नदी के किनारे से अंग्रेजी शराब की खेप लेने पहुँचे चार तस्करो को तस्करी में प्रयुक्त चार बाइक तथा लगभग 480 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करो में ताजपुर गांव निवासी शैलेश सिंह के पुत्र विकास कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह के पुत्र गोबिंद कुमार सिंह, पशुराम साह के पुत्र गणेश कुमार साह तथा नचाप गांव निवासी संजय सिंह के पुत्र मोहित कुमार सिंह शामिल बताए जाते हैं। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब के तस्कर मटियार गांव के समीप सरयू नदी के किनारे बड़ी मात्रा में इकट्ठा शराब की खेप लेने के लिए एकत्रित हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की गई। हालाँकि छापेमारी करने पहुंची पुलिस को देख कर वहाँ पर मौजूद तस्कर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने लगभग डेढ़ किमी की दूरी तक खदेड़ कर चारों तस्करों को आखिरकार पकड़ ही लिया। पुलिस ने तस्करों द्वारा चार अलग अलग बोरों में बाइक पर बांध कर रखे गए अंग्रेजी शराब समेत चारों बाइक को भी जब्त कर लिया। जब्त शराब की मात्रा 480 लीटर बताई गई है। गिरफ्तार चारों तस्करो के विरुद्ध नई उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। छापेमारी करने गए टीम में एएसआई प्रवीण कुमार, नसीम खान, अखिलेश कुमार, विपुल कुमार तथा सुबोध कुमार के अलावा जिला शस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

# रामाश्रम सत्संग मथुरा के संतों का आगमन छपरा में आज

## आत्मज्ञान प्राप्त करने के रास्ते को बताएंगे संत

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा सदर। रामाश्रम सत्संग मथुरा के तत्वाधान में परम समर्थ परम संत डॉ चतुर्भुज सहाय जी के द्वारा प्रतिपादित तीन दिवसीय आध्यात्मिक आंतरिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन 3 मई से 5 मई तक छपरा के सरकारी बस स्टैंड के पास पार्टी जोन में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में छपरा के आचार्य बी एस श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे गुरु महाराज ने बताया है कि स्थाई शांति एवं आनंदमय जीवन के लिए आत्मज्ञान प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए किसी ऐसे महापुरुष के शरण में जाना होगा जो स्वयं आत्मज्ञानी हो और हमें आत्मज्ञान की प्राप्ति का सहज एवं सुलभ रास्ता बता सके। इसी आत्मज्ञान के गूढ़ रहस्य को बताने के लिए रामाश्रम सत्संग मथुरा से संबंधित वरिष्ठ आचार्य गण देश के कोने-कोने से छपरा में पधार रहे हैं। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से रामाश्रम सत्संग के छपरा के आचार्य बी एस श्रीवास्तव एवं छपरा सत्संग परिवार से जुड़े सदस्यों के द्वारा कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से 3 मई को संध्या काल में शुरू होगा 4 मई को सुबह एवं शाम दोनों समय आए हुए आचार्य के द्वारा आत्मज्ञान प्राप्त करने का रास्ता बतलाया जाएगा तथा 5 मई को प्रातः कार्यक्रम होने के बाद यह कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा। बताते चलें कि छपरा के आचार्य बीएससी श्रीवास्तव ने कहा कि यह कार्यक्रम सभी धर्म के लोगों के लिए खुला है और सभी लोग इसमें भाग लेकर आत्मज्ञान प्राप्त करने के रास्ते क्या-क्या है इसे देश के विभिन्न भागों से आए आचार्यों के श्रीमुख से आत्मज्ञान प्राप्त करने का गूढ़ रहस्य की जानकारी प्राप्त करेंगे।

# विक्षिप्त व्यक्ति को मारने के जुर्म में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा : सोशल मीडिया में हुई एक वायरल वीडियो में एक व्यक्ति जो एक विक्षिप्त आदमी को जो भिखारी जैसा दिखता है उसे उस आदमी ने लात घूंसों से मारकर घायल करते हुये देखा जा सकता है। भिखारी उस आदमी से जान बचाने की कोशिश करता है और वहां से जाने की कोशिश करता है लेकिन वह आदमी उस भिखारी को जाने नहीं दे रहा है और उसको गाली देते हुये लात और घूंसों से मारने लगता है। सोशल साइट पर लोगों का गुस्सा उस आदमी के खिलाफ निकलता है। जैसे हीं उस वीडियो की क्लिप नगर थानाध्यक्ष देखते हैं उस वीडियो की सत्यता जांच करने का आदेश दे देते हैं। वीडियों की जांच करने पर पता चलता है की वीडियो में मारने वाला व्यक्ति थानाक्षेत्र के हरिमोहन गली निवासी अजय कुमार है। पुलिस ने तुरंत उस व्यक्ति के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया और आगे की कारवाई में जुट गई है।

# आग लगने से आधा दर्जन कच्चा मकान जल कर राख

प्रात: किरण, संवाददाता

भेल्डी थाना क्षेत्र के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा गांव.तथा कोरिया पंचायत के कोरिया पुरवारी टोला में आग लगने से आधा दर्जन कच्चा मकान जल गए प्राप्त जानकारी के गोसी छपरा गांव में इतनी भयानक आग लगी आग के चपेट में एक झोपड़ी तथा बेरी जलकर नष्ट हुआ जिसमें गेहू तथा फुसा भरे हुए थे जिसमें हजार रुपए की गेहू फुसा जल गए जिसमें तारकेश्वर तिवारी तथा राहुल तिवारी के मवेशियों का चारा जल गए वहीं दूसरी घटना अनुसार आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पा रहा है आग लगने से सुंदर भगत विजय भगत दुर्गेश भगत कन्हैया भगत दरिद्र भगत किरण देवी अकलू भगत बिरजू भगत के सभी सामान जल गए जिसमें 30हजार नगद रुपए गहना चौकी बिछावन तथा खाने-पीने की सामग्री पंखा मोबाइल गेहूं चावल.जल गए आग लगने की सूचना पूर्व मुखिया रामनाथ भगत ने फायर ब्रिगेड को दी मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचकर आग पर काबू पाए घने आबादी होने के कारण आग पर काबू पाना बड़ी मुश्किल था लेकिन दो-दो फायर विकेट की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाए वही अग्निपथ ऑन का रो रो का बुरा हाल है वहीं किरण देवी तथा विजय भगत ने बताया कि अब हम लोग के रहने के लिए कोई भी आधार नहीं है तभी स्थाई मुखिया ने हर संभव मदद का भरोसा दिए वहीं कांग्रेस नेता हरेश कुमार राय अग्नि प्रीत को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है

# शिक्षक के घर से नगदी समेत लाखों के जेवर की हुई चोरी



प्रात: किरण, संवाददाता

भेल्दी(सारण)।भेल्दी थाने के हेला गांव के शिक्षक के घर से बुधवार की रात चोरों ने लाखों रूपए नगदी समेत लाखों के जेवर की चोरी कर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के हेला गांव के शिक्षक सुजीत कुमार सिंह के घर के खिड़की के सहारे चोर छत पर चढ़ गए और कमरे में घूसकर गोदरेज के अलमीरे व ब्रीफकेश को खोलकर 6 हजार रूपए नगदी समेत लाखों के आभूषण की चोरी कर ली।चोरों ने शिक्षक के कमरे से चोरी करने के बाद उनके बड़े भाई अजय कुमार सिंह के कमरे में घूसकर 1.25 लाख रूपए नगद व गोदरेज के अलमीरे को तोड़कर सीने की कीमती हार, अंगूठी व चांदी के पायल समेत, लाखों के जेवर की चोरी कर फरार हो गए।परिजनों ने चोरी की सूचना भेल्दी पुलिस को दी।पुलिस ने गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई।दो घरों से भीषण चोरी के बाद परिजन काफी चिंतित व आतंकित हैं।भेल्दी थाना क्षेत्र में चोरी की बार-बार हो रही घटनाओं से लोग दहशत में हैं।समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

# हज हमें एकता और सर्वसम्मति सिखाता है : जफर

## हज प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित, यात्रियों को लगाया गया टीका

● स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और गाइड बुक भी प्रदान किया गया

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा शहर के छोटा तेलपा अवस्थित मदरसा मदीनतुल उलूम में हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज साबिर हुसैन कासमी द्वारा कुरान की तिलावत से हुई. इसके बाद कारी आफताब आलम ने नातिया कलाम पेश किया. इस अवसर पर मदरसा नूर उलूम मकेर के मौलाना जफर कासमी ने हज और उमरा की पूरी प्रक्रिया का विस्तृत विवरण बताया और कहा कि हज हमें एकता और सद्भाव सिखाता है. हज यात्रा के दौरान आजमीन के लिए पूर्ण धैर्य और कृतज्ञता दिखाना सबसे महत्वपूर्ण है. अगर किसी भी तरह की परेशानी आए तो शिकायत न करें. बल्कि यह सोचें कि अल्लाह ने उन्हें अपने घर में मेहमान बनाया है. उन्होंने हज की फजीलत और हकीकत बयान करते हुए कहा कि हज का मुख्य मकसद अल्लाह और उसके रसूल की आज्ञा का पालन करना और अपने अमल के तराजू पर तौलना है. हाजी इदरीस अंसारी ने हज यात्रा से संबंधित आवश्यक चरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यात्रियों को अपना पहचान पत्र हमेशा अपने साथ रखना चाहिए. ताकि यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो. मदरसा मदीनतुल उलूम के नाजिम-ए-आला सह जिला हज प्रशिक्षक जावेद आलम ने सभी ओलेमा और हज यात्रियों को धन्यवाद देते हुए बताया कि राज्य हज कमेटी द्वारा इस केंद्र को जिले में हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है. उन्होंने कहा कि मदरसा अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहा है. कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ. जिसमें मौलाना जफर कासमी ने हज यात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने और उसकी मकबूलियत के साथ देश में शांति और अमन की प्रार्थना की. सरकार के निर्देशानुसार सभी हज यात्रियों को डॉक्टर फिरोज कमर के नेतृत्व में चिकित्सा दल द्वारा टीकाकरण के बाद मेडिकल सर्टिफिकेट दिया गया. आयोजन कमिटी ने सभी 59 आजमीन-ए-हज को गाइड बुक भी वितरित किया गया. इस मौके पर मौलाना अशफाक कासमी, मरगूब अहमद, अशरफ, रिजवान, मौलाना हसनैन आदि मौजूद थे।

# कुलपति ने कई विभागों व कॉलेजों का किया निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन विभिन्न विभागों और कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने सबसे पहले स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग तथा स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग का निरीक्षण किया। इसके पश्चात वे पीसी विज्ञान महाविद्यालय पहुंचे। विदित हो कि कुलपति प्रो. बाजपेई ने पदभार संभालते ही स्पष्ट निर्देश जारी किया था कि छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों की नियमित उपस्थिति सभी स्नातकोत्तर विभागों और विश्ववविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी महाविद्यालयों में सुनिश्चित की जाय। कुलपति ने सबसे पहले स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग का निरीक्षण किया। वहां भी उन्होंने प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली। इसके पश्चात कुलपति ने पीसी विज्ञान कॉलेज का दौरा किया। वहां उन्होंने प्रयोगशाला, पुस्तकालय सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कैंपस में पठन-पाठन के वातावरण का निर्माण किया जाय। प्रयोगशाला और पुस्तकालय की स्थिति सुदृढ की जाय। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन कार्यों में महाविद्यालय को उनके स्तर से हरसंभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. हरिश्चंद और परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिलीप कुमार भी उपस्थित थे।

# 268 असामाजिक तत्वों को थाना बदर एवं 12 असामाजिक तत्वों को किया गया है जिला बदर

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक सारण छपरा के द्वारा बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 2024 की धारा 3 के तहत आज तक कुल 307 प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिसके आलोक में सारण जिला अंतर्गत 268 सक्रिय अपराध कर्मियों को थाना बदर एवं 12 सक्रिय अपराध कर्मियों को जिला बदर करते हुए विभिन्न थाना में सदेह उपस्थित होकर हाजिरी लगाने हेतु जिला दंडाधिकारी, सारण, छपरा द्वारा निर्देशित किया गया। इसी क्रम में मशरख थाना अंतर्गत 2 अपराध कर्मियों द्वारा अपने बदर किए गए थाना में सदेह उपस्थित होकर हाजिरी नहीं लगाए जाने की स्थिति में उक्त दोनों अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों से जमानत के रूप में दो-दो लाख का बंध-पत्र एवं शपथ पत्र प्राप्त कर इस शर्त के साथ छोड़ा गया है कि वह अपने-अपने बदर किए गए थाना में आज से ही सदेह उपस्थित होकर प्रतिदिन हाजिरी लगाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त वैसे 13 अन्य अपराधकर्मी , जो अपने-अपने बदर किए गए थाना में हाजिरी नहीं लगा रहे हैं, के विरुद्ध वारंट जारी करते हुए संबंधित थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि अपराध कर्मियों को अविलंब गिरफ्तार कर जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन सारण, लोकसभा आम चुनाव 2024 में शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ मतदान तथा मतगणना हो, इसके लिए हमेशा प्रयासरत है। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 में किसी भी अपराध कर्मी द्वारा बरती गई अनियमितता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करेगी।

# इसुआपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने तरैया में किया अतिरिक्त प्रभार ग्रहण



प्रात: किरण, संवाददाता

तरैया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रत्नमाला कुमारी 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत हों गई है।सेवानिवृत होने के बाद तरैया बीआरसी में गुरुवार को इसुआपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकुमार सिंह ने तरैया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार लिया।इस मौके पर सेवानिवृत हो चुके तरैया के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रत्नमाला कुमारी ने रामकुमार सिंह को कार्यालय का प्रभार सौंपा। बीईओ रामकुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना पहली प्राथमिकता होगी।शैक्षणिक व्यवस्था,एमडीएम को सुचारू रूप से चलाने की विषय में पहल की जाएगी।उक्त मौके पर एकाउंटेंट अखिलेश्वर सिंह, बिआरपी मो. अनीस, प्रधानाध्यापक बबन सहनी, बीपीएम अमित कुमार,एमटीएस अचिन कुमार सिंह,डाटा अपरेटर गुड्डू कुमार सिंह,पिऊन राघव कुमार सिंह,शिक्षक मुन्ना प्रसाद, राजेश राय,धर्मेंद्र राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# शामपुर में जलभरी के साथ हुई अखंड अष्टयाम की शुरूआत



प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के शामपुर गांव के देवी मंदिर प्रांगण में अखंड अष्टयाम की शुरूआत हुई। पूर्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, कन्याएं तथा पुरुष श्रद्धालुओं ने शामपुर शिवदियरी ब्रह्म स्थान परिसर स्थित तालाब से जलभरी की। वहीं हाथी, घोड़े व गाजे बाजे के साथ पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां पंडित वशिष्ठ नारायण पांडेय, नागेंद्र चतुवेर्दी, अरुण तिवारी, कृष्ण उपाध्याय, सुनील दुबे के वैदिक मंत्रोचारण से यज्ञ की शुरूआत हुई। मुख्य यजमान के रूप में तारकेश्वर सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी ज्ञान्ती देवी थे। जलभरी जुलूस का नेतृत्व पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, रामदयाल सिंह, मंटू सिंह,रणधीर सिंह, विकास कुमार, विकी, सचिन, शुभम, विराट, देवेंद्र सिंह, अवधेश सिंह व अन्य ने किया।

# वैश्य महासभा की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। सारण जिला वैश्य महासभा की बैठक ब्याहुत धर्मशाला में हुई। बैठक में सभी ने एक मत से निर्णय लिया छपरा सारण से एनडीए के प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी तथा महाराजगंज से एनडीए समर्थित उम्मीदवार जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को सभी वैश्य एकजुट होकर मतदान कर भारी मतों से विजयी दिलाया जाएँगा। एनडीए समर्थित उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी के नामांकन सभा में सारण जिला वैश्य महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष सुपन प्रसाद बिहारी के नेतृत्व में हजारों वैश्य विभिन्न चौक चौराहो से गाजे बाजे के साथ राजेन्द्र स्टेडियम पहुँचे। बैठक की अध्यक्षता गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता ने की। संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत संतोष कुमार डीओ ने किया तथा धन्यवादज्ञापन प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया। बैठक को स्थानिय विधायक डॉ सीएन गुप्ता, नगर निगम मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, धर्मेन्द्र साह, लक्ष्मी नारायण प्रसाद अधिवक्ता, राजु कुमार ब्याहुत, कृष्णा शर्मा, गणेश गोकुल, कमलेश अग्रवाल, इन्द्र कान्त बबलू, वरूण प्रकाश राजा, राजेश फैशन, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, प्रो सिया शरण प्रसाद, राजेश कुमार, विजय कुमार मुनी जी, संजय कुमार आर्या, ओमप्रकाश गुप्ता स्वर्णकार, राजेश नाथ प्रसाद, वार्ड पार्षद सुजीत कुमारमोर, वार्ड पार्षद अजय कुमार, अजीत कुमार सोनी, दिपक कुमार, अजय प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, चंदन कुमार सोनी, राजेश डाबर आदि ने संबोधित किया। बैठक में वैश्य जाति के विभिन्न समुदाय के सैकड़ो वैश्य उपस्थित हुए।

# डीडीसी ने की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा 19-महाराजगंज लोक सभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर 115- बनियापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंर्तगत बनियापुर प्रखंड के सभागार में निर्वाचन पूर्व तैयारी की समीक्षा हेतु बैठक की गई। बैठक में बनियापुर प्रखंड के सभी सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा (अटऋ) की जांच करने तथा जांच के क्रम में यदि किसी मतदान केंद्र पर किसी सुविधा की कमी पाई जाती है तो संबधित पदाधिकारी से समन्वय करते हुए उसका निदान कराने का निर्देश दिया गया।




सभी मतदान केंद्रों को सतत निरीक्षण करने का निर्देश सभी सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया।
(2) दिव्यांग एवम 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की जांच कर उनसे संबंधित विवरणी फॉर्म 12ऊमें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।
(3) साथ ही बैठक में मतदान कर्मियों के निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न आशंकाओं का समाधान किया गया।
समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी बनियापुर, अंचल अधिकारी बनियापुर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बनियापुर, इढट शिक्षा विभाग, कनीय अभियंता शिक्षा विभाग, कनीय अभियंता विद्युत विभाग तथा बनियापुर प्रखंड के सभी सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थें।

# पच्चीस हजार का इनामी अपराधी पुलिस के गिरफ्त में

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा : जिला के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के इनामी अपराधी बबलू महतो उर्फ बबलू मिस्त्री को मढ़ौरा थाना की पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार को छापेमारी करते हुये पटना के राजीव नगर मुहल्ले से गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी एसपी डा गौरव कुमार मंगला ने दी है। उन्होंने बताया कि बबलू महतो जिला का एक मोस्ट वांटेड अपराधी है और उसपर पच्चीस हजार रुपये का इनाम है। मढ़ौरा पुलिस कई सालों से उसकी तलाश कर रही थी। बबलू महतो के खिलाफ मढ़ौरा थाना में पहले से तीन मुकदमे दर्ज है। एसपी ने बताया की छापेमारी में शामिल पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जायगा।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को भेजा जेल। इस संबंध में भानस ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के डूमरी भभुआ से लालू मुसहर को 2 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

दावथ (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र बिक्रमगंज के सुर्यपुरा प्रखंड में दो अलग-अलग मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व सूर्यपुरा के बलिहार स्थित मुसहर टोली से सूरजपुरा थाने के पुलिस एवं एसटीएफ ने मिलकर छापेमारी की थी। जिसमें 7 लीटर देसी महुआ पास बरामद किया गया था। जबकि शराब धंधेबाज सुरेंद्र डोम मौके से फरार हो गया था। जिसे सूर्यपुरा पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं थाना क्षेत्र के गोठानी गांव से पूर्व के एक मारपीट के मामले में एस सी-एसटी एक्ट के तहत हुई कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

### वार्ड नंबर 7 में पुरानी अदालत पड़ाव में लगी ट्रांसफार्मर में आग

आरा। वार्ड नंबर 7 में पुरानी अदालत मोड़ जगदीश बाबू के गोला के पास ट्रांसफार्मर के नीचे रखे गुमटी में भीषण आग लग गया मुझे तुरंत मोहल्ला वासियों के द्वारा सूचना किया गया मैं अपने घर से दौड़कर वहां पहुंचा तो सबसे पहले अपने और मोहल्ला वासियों के प्रयास से बगल में रखे बालू और पानी से आग पर कब्जा करने का प्रयास किया थोड़ा बहुत तो हम लोग के प्रयास से ट्रांसफार्मर तो बचा लिए लेकिन गुमटी में रखें समान जलकर खाक हो गया संजोग था कि उसमें गैस सिलेंडर था धू धू कर जलने लगा दुर्भाग्य है फायर ब्रिगेड को सूचना किया फायर ब्रिगेड आया भी बुझाने का प्रयास भी किया बुझाए भी लेकिन पानी खत्म हो गया मदन जी के घर से अपने समरसेबल से पानी आग बुझाने के लिए पानी दिया गया इसके लिए मोहल्ला वासी बिजली विभाग के कार्यरत कर्मचारी भाई और राजू सिंह के सहयोग से ट्रांसफार्मर बचा लिया गया अपने कार्यकाल में बहुत कड़ी मशक्कत से ट्रांसफार्मर लगवाए थे। इसके लिए सभी को दिल से बधाई।

### रेलकर्मियों ने मजदूर दिवस मनाया:मनोज पांडेय

आरा। शहीदों तेरे सपने को मंजिल तक पहुचायेंगे ईसीआरकेयू रेलकर्मियों को मिल रही सुविधाएं शहीदों साथियो के बलिदान का फल है! युक्त बात आज आरा रेलवे स्टेशन पर ईसीआरकेयू के बैनर तले मजदूर दिवस के अवसर पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने कही! इस अवसर रेलकर्मियों ने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित किया और शहीदों को याद किया! मनोज पांडेय ने कहा मजदूर की कोई जाति धर्म नही होती, उसकी एक जाति होती हैं मजदूरी! हमारा संगठन मजदूरों के हक की लडाई निरंतर जारी रखेगा! क्युकी हमने संघर्ष के बल पर अपना हक पाया हैं और अपना संघर्ष जारी रखेंगे! इस मौके पर मनोज पांडेय के साथ शाखामंत्री नीरज कुमार सिंह, आर के सिंह, मनजी यादव, राजमहल सिंह, महेश कुमार, धनजी, मुकेश यादव धर्मवीर यादव के साथ बहुत सारे रेलकर्मियों उपस्थित थे।

### आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मुहिम की गई शुरूआत



आरा। आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आमपन्ना वितरण मुहिम की शुरूआत की गई।इस मुहिम का नेतृत्व करते हुए संस्था के सचिव कमलेश तिवारी ने कहा की इस तपती गर्मी और लू में सड़क पर मजदूरी कर रहे रिक्शा,ठेला चालक या अन्य किसी कारण से सड़क पर निकले लोगो को लू से बचाने के लिए संस्था द्वारा आमपन्ना का वितरण किया जा रहा है जो पूरे गर्मी और लू चलने तक जारी रहेगा।इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी का बहुत योगदान रहा।पूर्व एमएलसी लाल दास राय ने बताया की आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट की यह मुहिम इस भीषण गर्मी में सड़क पर रहने वालो के लिये वरदान साबित होगी।इस अवसर पर मुख्य रूप से आरा रेड क्रॉस के उप संरक्षण डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा,सचिव डॉ बिभा कुमारी,विकास सहित आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कुमार रोहित,राजेश कुमार,रवि सहाय,तरुण पाठक,सतीश सिंह,कुमार मोहित आदि उपस्थित थे।

# मिनी राइस मिल की इमारत गिरने से दो मजदूरों की मौत

## रेस्क्यू कर मृतकों के शव को निकाला गया बाहर

प्रात: किरण संवाददाता



कराहगार (रोहतास) करगहर थाना क्षेत्र में मंगलावर की दोपहर करीब दो बजे बेलासपुर गांव में स्थित मिनी राइस मिल की इमारत को धराशाई होने से पास के झोपड़ीनुमा घर मे आराम कर रहे समस्तीपुर और बेगूसराय के दो मजदुर मलबे में दब गए। जबकि एक मजदुर सहित दो मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हे ग्रामीणों के सहयोग से निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। 5 घंटे तक चली रेस्क्यू ऑपरेशन में दोनों मजदुरों को बाहर निकाल कर करगहर सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचों परांत उन्हों मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार को उस समय घटी जब दोपहर में सीतामढ़ी के तीन दर्जन मजदूर खाना खाने के लिए मिल मालिक के गांव में स्थित मकान पर चले गए। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी पंकज कुमार ने बताया कि बेलासपुर गांव के समीप स्थिति सत्यम राइस मिल में तीन दर्जन से अधिक मजदूर कार्य करते हैं। दोपहर में सभी मजदूर गांव में स्थित मिल मालिक के घर खाना खाने गए थे। बॉयलर के नीचे बने कमरे में तीन मजदूर समस्तीपुर और बेगूसराय जिला के विभूतिपुर थाना अंतर्गत सरदहां गांव के सत्यम कुमार पिता कैलाश महतो व राजा कुमार तथा बेगूसराय जिला अंतर्गत बागराहां डीह निवासी प्रिंस कुमार पिता कलपु साह व उसी गांव के राजाराम विश्राम कर रहे थे। जो प्यास लगने पर मजदूर राजाराम पानी के लिए राइस मिल के बाहर चापाकल पर चला गया। इस बीच चक्रवात ने समीप में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को राइस मिल के लोहे के दीवारों पर गिरते हुए मिल की इमारत को धराशाई कर दिया। इस घटना में राइस मिल का बॉयलर टूट कर नीचे बने ऑपरेटर रूम के ऊपर गिर गया जिससे आपरेटर का रूम पूरी तरह मालवा में दब गया। रेस्क्यू टीम गैस कटर से बॉयलर को काट कर अलग की तथा मजदूर धान के ढेर को हटा कर साथियों की जान बचाने के लिए तेज गति से कार्य कर रहे हैं। घटनास्थल पर डीएसपी पंकज कुमार सीओ अजीत कुमार पुलिस बल के साथ काम कर रहे हैं तथा एम्बुलेंस और 102 की पुलिस टीम मौजूद है। घटनास्थल पर 5 घंटे के रेस्क्यू में ऑपरेटर सत्यम कुमार और प्रिंस कुमार को बाहर निकल गया। जिन्हें सीएचसी में चिकित्सकों की टीम ने दोनों ऑपरेटर को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी ने बताया कि घायलों में ऑपरेटर राजा राम सहित दो लोग शामिल है जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

## फूटपाथी दुकानदारों, रिक्शा-ठेला चालकों गरीबों के नेता नही रहे कॉमरेड गोपाल प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। भाकपा(माले) जिला कमेटी के सदस्य और जिले के चर्चित मजदूर नेता का. गोपाल प्रसाद (73 वर्ष) का आज मजदूर दिवस, 1 मई 2024 की सुबह 10.30 बजे निधन हो गया। वे प्रोस्टेट कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आइजीआइएमएस) से उनका लम्बे समय से इलाज चल रहा था। वे अस्सी के दशक में ही पार्टी से जुड़े थे। वे पिछले चार दशकों से आरा शहर में फूटपाथी दुकानदारों, रिक्शा-ठेला चालकों और अन्य गरीब तबकों के हक अधिकार की लड़ाई की मजबूती से अगुवाई कर रहे थे। ऐसे समय में जब देश की मेहनतकश जनता फासीवादी हमले के खिलाफ एक जबरदस्त लड़ रही है, का. गोपाल प्रसाद का चले जाना पार्टी, तमाम गरीबों और अन्य संघर्षशील तबकों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। का. गोपाल प्रसाद की क्रांतिकारी विरासत अमर रहे। कामरेड गोपाल प्रसाद को लाल सलाम!उनका पार्थिव शरीर स्थानीय उजियारा टोला स्थित उनकी बेटि लक्ष्मी के घर से जहां उनका निधन हुआ, श्रीटोला स्थित भाकपा - माले जिला कार्यालय में लाया जाएगा। पार्टी पोलित वरिष्ठ सदस्य कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य, राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल, ऐपवा महासचिव मीना तिवारी, पोलित ब्यूरो सदस्य रवि राय, लोकयुद्ध संपादक संतोष सहर, जिला सचिव जवाहरलाल सिंह, केंद्रीय कमिटि सदस्य राजू यादव, समेत जिले के कई वरिष्ट नेताओं द्वारा माल्यार्पण और श्रधांजलि देने के बाद देर शाम गांगी स्थित घाट पर अंतिम विदाई दी जयेगी।

# श्रमिक दिवस पर संत एसएन ग्लोबल में कर्मी हुए सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता




बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के संत एसएन ग्लोबल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रम व श्रमिकों के सम्मान में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई। अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के सभी सहयोगी एवं सहायकों के सम्मान में विभिन्न रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ श्रमिक स्वरूप में करते हुए धरती का श्रृंगार' श्रमिक गीत से किया गया।

मौके पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सहायकों को वस्त्र, मिष्ठान उपहार सहित अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वही आयोजित कार्यक्रम में कक्षा सप्तम की छात्रा सबा वसीम, प्राची, कोमल, ज्योति, ओजस्वी, साक्षी, अंजलि, मनीषा, नंदनी ने श्रम की महिमा को दशार्ती नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा पंचम के छात्र विराट सिंह और कक्षा अष्टम के छात्र ने अपने इंग्लिश स्पीच डेलिब्रेशन से सभी का मन मोह लिया। छात्रा कोमल राज,प्राची,ओजस्वी ,छात्र विराट और अनीस ने श्रम की महिमा को पुनर्स्थापित करती एक नाटक प्रस्तुत किया। छात्र विवेक कुमार ने शानदार एंकरिंग की। जबकि अवसर पर विद्यालय उपप्राचार्य विकास राय ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में भी श्रम की महिमा और सार्थकता ठीक वैसे ही बनी हुई है सभ्यता के आरंभिक काल में थी।

अंतर केवल श्रम के स्वरूप में है। विज्ञान की खोजो और आविष्कार के पीछे भी कठोर श्रम ही है। विज्ञान बिना श्रम के एक कदम भी नहीं चल सकती।समाज में मानसिक या बुद्धि के श्रम को सदैव ऊपर रखा गया है। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि इससे शारीरिक श्रम गौड़ हो जाता है। शारीरिक श्रम के द्वारा निर्मित आधार पर ही मानसिक श्रम कुछ रचनात्मक कर सकता है।इस अवसर पर नेहा छेत्री,पुनम राय, कॉर्डिनेटर सिमरन मुखिया, अनुज सुब्बा के साथ अन्य ने भी अपना विचार रखा। साथ ही स्कूल निदेशक प्रकाश आनंद ने कहा कि आज श्रमिकों के कार्य बदौलत ही भारत विकास की एक नई गाथा लिख रहा है।

## एनडीए कार्यकर्ताओं ने की बूथ स्तरीय बैठक

काराकाट (रोहतास) काराकाट विधानसभा के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बुथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक गोड़ारी एवं खैरा भूधर तीन तीन पंचायतों की हुई। जिसकी अध्यक्षता विजय सिंह महामंत्री एवं संचालन जदयू के बिरेंद्र कुशवाहा ने की। बैठक में कार्यकताओं को चुनाव से सम्बंधित बहुत सी बातें बताई गई। इसकी जानकारी देते हुए नवीन चंद्र साह ने एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा किया। साथ ही नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जानकारी दी गई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र साह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल सिंह, सुनील सिंह,धनजी पासवान सहित पंचायत अध्यक्ष एवं बुथ अध्यक्ष सहित पन्ना प्रमुख उपस्थित थे। जो 10 मई को एनडीए गठबंधन उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा नामांकन जिला कार्यालय सासाराम में करेंगे।

# पूर्व प्राचार्य ने पत्नी के पुण्यतिथि पर मूर्ति का किया अनावरण

## मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया नमन

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज/काराकाट (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. राम बिहारी सिंह ने बुधवार 1 मई को अपनी पत्नी स्व. मीरा देवी के तृतीय पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण किया। अवसर पर देर शाम प्राचार्य ने अपने काराकाट निवास स्थान मीरा बिहारी पैलेस स्थित नवनिर्मित पूर्व प्राचार्य पत्नी की स्थापित प्रतिमा कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय,आरा सह भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन, पूर्व प्राचार्य राम बिहारी सिंह व वरीय जदयू नेता आलोक सिंह, वरीय राजद नेता मुन्ना राय, वरीय भाजपा नेता सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतिमा का अनावरण करते हुए भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया। जबकि मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने भी उनके तृतीय पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वही बुधवार को आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम में देर रात तक झूमते हुए श्रोताओं ने प्रीतिभोज का आनंद लिया। अवसर पर उनके पुत्र बलवंत सिंह सहित अन्य पुत्रों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर बताया कि वह मेरी पूजनीय मां के साथ मेरे जीवन को मार्गदर्शक देने वाली एक अनमोल रत्न भी थी। जिन्होंने अपने जीवनकाल में असहाय गरीबों की मदद करते हुए अन्याय के खिलाफ आवाज भी उठाती थी। जबकि भाजपा नेता डॉ. मनीष ने बताया कि इस सृष्टि पर भगवान का दूसरा रूप हमारे माता-पिता है जिनका हमें दिल से आजीवन सम्मान करना चाहिए। मौके पर दुष्यंत सिंह, यशवंत सिंह, मनोज कुमार, प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, लाल बिहारी सिंह, वरुण सिंह, प्रो. बीर बहादुर सिंह, प्रो. अनिल सिंह, सुरेश तिवारी, बिरेंद्र तिवारी, अयूब खां, मोइनुद्दीन हुसैन, जसीम कुरैशी, रवि प्रकाश, अभय कुमार सिंह,प्रियतम कुमार,परवेज खां सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

# मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है और भारत के युवा इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है : अमित सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। महंतमहादेवानंद महिला कॉलेज आरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर और रंगोली की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ मीना कुमारी द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह और कार्यक्रम पदाधिकारी भी उपस्थि रहे। अमित कुमार सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए छात्रों का उत्साह बढ़ाया और कहा की भारत में मतदान लोकतंत्र की नींव है। भारत में प्रत्येक नागरिक को इसमें भाग लेने का अधिकार और जिम्मेदारी है। वोटिंग क्या है? भारत में मतदान का महत्व,भारत में कौन मतदान कर सकता है?,भारत में कौन मतदान नहीं कर सकता?,भारत में मतदान कैसे करें? ,भारत में आपके मतदान अधिकार क्या हैं? ,भारत में मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कैसे करें?, मतदाता पहचान पत्र कैसे प्राप्त करें, मतदान करने के लिए पात्र कौन है, इन प्रमुख पहलुओं को समझकर उन्होंने कहा की युवा अपने देश के भविष्य को आकार देने में सक्रिय योगदान दे सकते हैं और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य पूरा कर सकते हैं।कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्विप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान पर पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ राखी सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम का संचालन कंपस एंबेसडर अंशु पांडे और मनीषा कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक गण और छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता। में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी बबली प्रसाद और दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली प्रिया कुमारी को सर्टिफिकेट दिया गया।

# बालू माफियाओं के बीच वर्चस्व को लेकर हूई गोलीबारी, दो की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



आरा/कोईलवरः भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक दियारा क्षेत्र में बुधवार की रात अवैध बालू खनन को लेकर दो गुटों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान जमकर गोलीबारी भी हुई। गोलीबारी में दो-तीन लोगों को गोली लगने की सूचना है।

फायरिंग में घायल एक किसान सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी स्व रजक महतो का 40 वर्षीय पुत्र पुर्णवासी महतो है। जख्मी किसान को एक गोली बाएं पैर, एक जांघ और एक गोली बाएं हाथ में लगी है। इसके बाद वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। दूसरे घायल का नाम विकास बताया जाता है। एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर टीम दियारा में जांच और हताहत लोगों के सत्यापन में लगी है। इधर, जख्मी किसान ने बताया कि उनका भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर कमालुचक दियारा बधार में खेत है। वे अपने खेत में हर रोज की तरह हरी सब्जियों की नीलगायों से बचाने के लिए खेत में लगे मचान पर सोए थे। इस बीच दस से पंद्रह के संख्या आए लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर भागने की कोशिश की, तभी एक गोली पैर और एक गोली हाथ में लग गई। किसी भी तरह वहां अन्य किसानों ने बचाया। इसके बाद स्वजनों की मदद से इलाज के लिए आरा के सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी किसान ने किसी से भी कोई विवाद से इनकार किया है। ऑन ड्यूटी चिकित्सक सुजीत कुमार के अनुसार अधेड़ को गोली लगी है। गोली लगने से पैर पूरी तरह फैक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

# अंजबित सिंह महाविद्यालय में संगोष्ठी में कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय में संगोष्ठी में कार्यक्रम का हुआ आयोजन। जिस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य सुधांशु शेखर भास्करन ने की। अवसर पर प्राचार्य को पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक पौधा देकर छात्रों ने सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने सभा को संबोधन करते हुए कहा कि अभिभावक को महाविद्यालय के कार्यों में सहयोग करना चाहिए एवं अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजना चाहिए। प्राचार्य ने छात्र ,अभिभावक एवं शिक्षकों को महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान देने के लिए उत्प्रेरित किया।

मौके पर बॉटनी विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया सिंह ने बताया कि सीखने और सिखाने की प्रक्रिया अनवरत चलती रहती है। जिसमें माता पिता,शिक्षक एवं शैक्षिणक संस्थान की अहम भूमिका होती है। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ संतोष कुमार विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग ने अधिगम स्थानांतरण में शिक्षक,अभिभावक एवं छात्र की भूमिका पर विस्तृत ढंग से मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया। विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया एवं स्थानांतरण को बताया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. शशि भूषण का कार्यक्रम सफल में सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं सहित अभिभावक इसकी सराहना की। अवसर पर डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. रविकांत पाण्डेय, प्रोफेसर फजल अहमद, डॉ. अमजद अली,सुकेश्वर सिंह सहित अन्य लोगों ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

# फाइनेंस कर्मी ने ही खुद के लूट की रची थी साजिश, उद्वेदन के बाद पुलिस ने किया खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। फर्जी लूट कांड का पुलिस ने सफल उद्वेदन करते हुए कांड प्रतिवेदन कराने वाले साजिश कर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। वही उसके पास से मामले में दर्ज कराई गई नगदी एवं अन्य सामान भी बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कैमूर ललित मोहन शर्मा ने बताया कि भारत फाइनेंस लिमिटेड मोहनिया ब्रांच में कार्यरत कुश कुमार सिंह पिता राजदेव सिंह ग्राम करमाही थाना राजपुर जिला रोहतास के द्वारा 18 अप्रैल 2024 को दुर्गावती थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध 150787 रुपए, मोबाइल फोन, टैब, बायोमैट्रिक,बैग, एवं पर्स लूट का कांड दर्ज कराया था। इस कांड के उद्वेदन हेतु अंचल निरीक्षक मोहनिया के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह, डी आई यू प्रभारी एवं अन्य कर्मियों की टीम गठित की गई। वैज्ञानिक अनुसंधान के दौरान लूटी गई मोबाइल का सिम रन करने पर इस काण्ड के वादी के घर का लोकेशन पाया गया। इसी आधार पर मोबाइल को जब्त करते हुए कांड के वादी से पूछताछ किया गया तो कुश कुमार सिंह ने बताया की सट्टा खेलने में 8 से 10 लाख रुपया हार चुके हैं वह पैसा बंधक जमीन को छुड़ाने के लिए उनके भाई दिए थे। भाई के द्वारा बंधक जमीन छुड़ाने का दबाव दिया जा रहा था तब इनको कोई दूसरा उपाय नहीं सूझा तो सोची समझी प्लान के तहत 18 अप्रैल को विभिन्न गांव से वसूल किया गया कुल 150787 रुपया एवं मोबाइल को अपने पास रख लिए एवं कंपनी के टैब को तोड़कर, बायोमेट्रिक के साथ बैग में डाल करके घटनास्थल महमूदगंज के पश्चिम फ्लाईओवर के दक्षिण शीशम के बगीचे में स्थित कुआ में फेंक दिया तथा लूट का झूठा कांड दर्ज कराये। इस कांड के अनुसंधान के क्रम में लूट का पैसा कुश कुमार सिंह के घर से तथा टैब एवं बायोमेट्रिक बगीचा में स्थित कुआं से बरामद कर जप्त किया गया। वहीं इस मामले में पूछताछ करते हुए कुश कुमार सिंह को जेल भेजा जा रहा है।

# पी एम श्री केंवि में वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक। मशरक पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल कूद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या श्रीमती रंजना झा के विचार प्रस्तुति से हुआ।

जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री शक्ति सिंह ,बिहार खेल प्राधिकरण के मुख्य कोच एवं हैमर थ्रो, डिसकस एवं शॉट पुट के राष्ट्रीय खिलाड़ी ने शिरकत किया। मुख्य अतिथि से पुरस्कृत होकर छात्र काफी प्रेरित और उत्साहित दिखे। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को अनुशासन के साथ खेल के क्षेत्र में सफल होने के गुढ ज्ञान दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक श्री राजकुमार शाक्य के द्वारा किया गया। जबकिं मंच संचालन चालन सुधीर कुमार पुस्तकालय अध्यक्ष ने किया ।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शैलेश कुमार श्रीवास्तव , रमेश यादव , अनिल कुमार शाह, रितेश कुमार सहित अन्य शामिल हुए।

## कोरोना वॉरियर्स डॉ. बी के सिंह की मनी पुण्यतिथि

इसुआपुर । प्रखंड के जाने-माने लोकप्रिय चिकित्सक डॉक्टर बिरेंद्र कुमार सिंह की तृतीय पुण्यतिथि डॉ बी के सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल इसुआपुर के प्रांगण में गुरुवार को मनाई गई। इस मौके पर हजारों गणमान्य व आम लोगों ने उनके तैलचित्र पर फूलमाला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि सीएचसी इसुआपुर में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत डॉक्टर बी के सिंह कोरोना वारियर्स के रूप में अपनी जान की परवाह किए बिना कोरोना से ग्रसित रोगियों की चिकित्सा सेवा में लगातार लगे रहे। इस दौरान में स्वयं कोरोना बीमारी की चपेट में आ गए तथा इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वे एक कुशल चिकित्सक के साथ-साथ लोकप्रिय सामाजिक और धार्मिक कार्यकर्ता भी थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डॉ सुधांशु रंजन, जिला पार्षद प्रियंका सिंह, छबिनाश सिंह, डॉक्टर प्रतीक कुमार लाला डॉ संदीप कुमार साहेब, डॉक्टर पायल सिंह, डॉ राम प्रमोद सिंह, बैरिस्टर राय, मुखिया अजय राय, धनंजय पांडेय, सुनील चौरसिया,मन्ना सिंह, धीरज सिंह, मेराज अहमद, एमडी वारिस,अरुण चौबे, लंकेश बाबा, नंदकिशोर सिंह समेत हजारों लोग थे।

## युवक को बदमाशों ने गोली मारकर किया जख्मी

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। भभुआ थाना क्षेत्र के बिठवार व कटरा गांव के बीच साइकिल से तरबूज बेचने जा रहा युवक को बदमाशों में गोली मारकर जख्मी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक भभुआ थाना क्षेत्र के बिठवार गांव निवासी नसरुद्दीन अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र फिरोज अंसारी बताया जाता है। घायल के पिता ने बताया कि अपने गांव से साइकिल से तरबूज बेचने के लिए दूसरे गांव जा रहा था। तभी बिठवार व कटरा गांव के बीच अज्ञात बदमाशों ने पीठ और उसके बाह में गोली मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जहां मौके से बदमाशों ने फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए भभुआ के सदर अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उसके बाद चिकित्सक द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## बिजली चोरी में मील संचालकों पर लगा 5.97 लाख का जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के नेतृत्व में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रखंड दिनारा के बीसीकलां में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर मील संचालक भुवाली शर्मा पिता रघुनाथ शर्मा पर 86 हजार 538 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास कर तीन अतिरिक्त अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। बताया जाता है कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर ग्राम भड़सरा में मील संचालक ललन साह पिता स्व० रामदयाल साह पर 5 लाख 11 हजार 250 रुपये आर्थिक दंड लगाई गई है । बता दें कि ऊक्त अभियुक्त के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा विद्युत कनेक्शन से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 03 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



भागलपुर। मजदूरों का महापर्व अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर भागलपुर के वरिष्ठ समाजसेवी सह एमआईएम बिहार प्रदेश सचिव संजीव सुमन की अध्यक्षता में आज जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित की गई इस दौरान श्री सुमन ने कहा कि बिहार जो मजदूरों की फैक्ट्री वाला राज्य बना हुआ है, इसको बदलने के लिए हमसबों को मिलकर एक सकारात्मक प्रयास करना होगा. चाहे वो शैक्षणिक हो, स्वास्थ्य व्यवस्था हो, रोजगार हो, बिहार की बेहतरी के लिए हमसभी को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा. तभी बिहार बदलाव की ओर अग्रसर होगा. परेशानियां जब बढ़ जाए तो इंसान मजबूर होता है और मेहनत करने वाला हर व्यक्ति मजदूर होता है. उक्त बातें समाजसेवी संजीव सुमन ने कही. मौके पर श्री सुमन के सहयोगी, कार्यकताओं के आलावे कई बाल श्रमिक व मजदूर उपस्थित रहे।

### शहर के प्रमुख स्थल पर प्याऊ चालु करवाने की मांग

गया। शहर में लगातार प्रचंड गर्मी पड़ने के बावजूद भी गया नगर निगम के द्वारा बने पियाउ स्थाई रूप से बंद पड़े हैं। गया जंक्शन, सिविल कोर्ट एवं तेलबीघा रंग बहादुर रोड, काली मंदिर के पास बने पियाउ के बंद रहने के चलते, आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा निरक्षण के क्रम स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया है की यह पियाउ स्थाई रूप से खराब है। गया जंक्शन एवं सिविल कोर्ट के पास बने पियाउ खराब रहने के कारण आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्यूंकि गरीब मजदूर एवं आमजन बोतल का पानी खरीद कर पीने में सक्षम नहीं है, उपर्युक्त नेताओं के द्वारा जिला प्रशासन से मांग करते हैं, की गया शहर के प्रमुख स्थानों पर शुद्धपीने का पानी का शिविर लगाए एवं बंद पड़े पियाउ को अविलम्ब चालू किया जाए, जितने भी पियाउ हैं, समय समय पर उनकी जांच की जाए, जिससे आमजनों को शुद्ध जल एवं भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

### बेतिया के एनडीए प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

मोतिहारी ।पश्चिमी चंपारण लोकसभा एनडीए प्रत्याशी सह सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल का जनसंपर्क अभियान बनकटवा प्रखंड के बीजबनी, अठमोहान, कोइरीगांवा, जगीरहा, सठौरा, झझरा, जितना सहित कई गांवों में हुआ।।

### डीडीसी ने सेक्टर पादाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

बनियापुर ।प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे डीडीसी प्रियंका रानी ने आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर तैयारियों मे जुटे सभी सेक्टर पदाधिकारियो कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया, जहा बीडीओ कपूर्री ठाकुर अंचलाधिकारी दीना नाथ कुमार सहित सभी सेक्टर पदाधिकारियो से एक एक बूथों पर तैयारियो की समीक्षा किया, उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी बिन्दुओ पर बीडीओ से जानकारी लिया, जहा बीडीओ ने बूथों पर सभी तरह की सुविधाओं यथा रैम्प, बिजली, सकेट, शौचालय पेयजल, पहुंच सड़क, विलचेयर, मतदान कर्मियों के ठहराव की सुविधा सहित भयमुक्त, निशुपक्ष एव पारदर्शी चुनाव के लिए समूर्णो बिन्दुओ पर बूथवार जानकारी दिया ।वही पदाधिकारियो के साथ डीडीसी मैम ने भ्रमण कर दर्जन भर बूथ केंदो का निरीक्षण भी किया।

### बिहार की सभी 40 सीटो पर महागठबंधन की जीत तय : सरिता राय



हाजीपुर। वैशाली के राजद महिला प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव सरिता राय ने कहा है कि बिहार की सभी 40 सीटों पर महागठबंधन की जीत सुनिश्चत है। श्रीमती सरिता राय ने कहा कि वैशाली से राजद उम्मीदवार विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की भारी बहुमत से जीत होगी। नामांकन समारोह में उमड़ी भीड़ ने उनकी जीत तय कर दी है। सरिता राय ने कहा कि विजय कुमार शुक्ला के नामांकन में पूर्व सभापति राम निषाद के साथ शामिल हुई। इससे पहले हाजीपुर से राजद के प्रत्याशी शिवचंद्र राम के नामांकन में शामिल हुआ। श्रीमती राय ने कहा कि वैशाली व हाजीपुर में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष जनता पूरी तरह गोलबंद है। दोनों ही प्रत्याशियों की जनता के बीच अच्छी पैठ है। स्थानीय होने के नाते दोनों ही उम्मीदवारों के प्रति जनता में जोश व उत्सव सा माहौल है।

# जिलाधिकारी द्वारा इस वर्ष भी हज यात्रियों के लिए अच्छी व्यवस्था रहेगी : मुख्य सचिव

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।मुख्य सचिव, बिहार श्री ब्रजेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में हज यात्रा 2024 के सफल आयोजन के उद्देश्य से आज गया अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा के सभाकक्ष में हज भवन पटना के पदाधिकारियों, सचिव अल्पसंख्यक विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक विभाग, आयुक्त मगध प्रमंडल, पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र, जिला पदाधिकारी गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, जिला स्तरीय विभिन्न वरीय पदाधिकारी गण, हज कमेटी गया के सम्मानित सदस्य गण के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में बताया गया कि हज यात्रा शुरूआत दिनांक 26 मई से 01 जून 2024 तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के लगभग 1083 आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे। जिसमें लगभग सभी औसतम 60 से 70 वर्ष आयुवर्ग के हैं। गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर पर्याप्त रजाकार रहेंगे जो हज यात्रियों को सुविधा पहुंचाने में कार्य करेंगे ।इस बैठक में जिलाधिकारी ने हज यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तृत जानकारी दी जिसमें मुख्य रुप से हज यात्रा 2024 हेतु फ्लाइट की विवरणी, समय सारणी, आवासन की व्यवस्था, नामाजगाह की व्यवस्था, वजू खाना की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सीय शिविर, नियंत्रण कक्ष एवं में आई हेल्प यू काउंटर की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था, अग्निशमन वाहन की व्यवस्था, जल निकासी की व्यवस्था, फ्लैक्स एवं बैनर की व्यवस्था के संबंध में बिंदुवार मुख्य सचिव बिहार को अवगत कराया है। हज यात्रा 26 मई से प्रारंभ होकर 01 जून तक निर्धारित है। फ्लाइट का प्रस्थान का समय सुबह 05:30 बजे निर्धारित है। प्रत्येक फ्लाइट में लगभग 144 हज यात्री प्रस्थान करेंगे। हीट वेब के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक प्रशिक्षण सभी हज यात्रियों को दिया जाएगा। हज यात्रियों को मेंजाइटिस, इन्फ्लूएंजा सहित अन्य आवश्यक टीकाकरण करवाया जाता है। जिससे हज में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई तबीयत खराब नहीं हो सके। विदित होगी हज में जाने वाले सभी तीर्थयात्री औसतम 60 वर्ष के ऊपर होते हैं।

हज यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट की ओर से वाटरप्रूफ जर्मन पंडाल का निर्माण आवासन के लिए किया जाएगा। कुल मिलाकर 260 बेड लगाने की पूरी व्यवस्था रहेगी। इसके साथ-साथ बेडशीट गद्दा तकिया पंखा कूलर कुर्सी टेबल इत्यादि की भी मुकम्मल व्यवस्था रहेगी। टेंट पंडाल में पर्याप्त मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट्स की व्यवस्था रहेगी। हवाई अड्डा परिसर में ही निर्मित पंडाल में महिलाओं के लिए तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग नमाजगाह की भी व्यवस्था की गई है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि चुकी मई महीना एवं जून महीना में गर्मी अपने चरम सीमा पर रहती है हीटवेव को ध्यान में रखकर पूरी पर्याप्त संख्या में कलर एवं पंखा की व्यवस्था रखें गर्मी को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें इसके अलावा निर्देश दिया गया कि वैसे कोई हज यात्री जो एयरपोर्ट पर अवसान करने में इच्छुक नहीं है उन संबंधित हज यात्री के लिए एयरपोर्ट अपने स्तर से एक निजी होटल को भी चिन्हित रखें ताकि उसे प्रयोग में लाया जा सके। मुख्य सचिव ने बताया कि पिछले वर्ष हज यात्रा को लेकर जिला पदाधिकारी के स्तर से काफी अच्छी व्यवस्था की गई थी जिसकी सराहना हर जगह देखी गई थी इस वर्ष भी उसी अनुरूप व्यवस्था कराया जाए। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि एयरपोर्ट परिसर में ही एक कम्युनिटी हॉल निर्मित है जिसमें एयर कंडीशन एवं पंखा पर्याप्त लगा हुआ है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि 60 वर्ष के ऊपर वाले हज यात्रियों को कम्युनिटी हॉल में ठहरने की व्यवस्था करें तथा 60 वर्ष के नीचे आयु वर्ग वाले हज यात्रियों को जर्मन टेंट पंडाल में ठहराने की व्यवस्था रखें।

### हज यात्रियों के लिए एयरपोर्ट बाहरी स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं हो : जिलाधिकारी

गया। हज यात्रा 2024 के सफल आयोजन के उद्देश्य से आज गया अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा के बाहरी परिसर का निरीक्षण जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम द्वारा किया गया है। हज यात्रा शुरूआत दिनांक 26 मई से 01 जून 2024 तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के लगभग 1083 आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे। जिसमें लगभग सभी औसतम 60 से 70 वर्ष आयुवर्ग के हैं। ऐरपोर्टपर पर मुख्य रूप से जर्मन हैंगर पंडाल का निर्माण, आवासन की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, टॉयलेट की वक्स्तग, वजूखाना की वक्स्तग, नमाज पढ़ने की व्यवस्था, फायर सेफ्टी व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, में आई हेल्प यु, चिकित्सा शिविर सहित अन्य प्रकार के किये जाने वाले व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया गया है। डीएम ने अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी श्री राहुल कुमार को निर्देश दिया कि जिस प्रकार पिछले वर्ष हज को लेकर तैयारियां की गई थी उसी प्रकार इस वर्ष सभी प्रकार की मुकम्मल तैयारी करवाना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने सर्वप्रथम एयरपोर्ट पर बने कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इस भवन में कंटीन्जेंसीज के रूप में प्रयोग किया जाएगा ताकि मई के अंत में एवं जून माह के प्रथम सप्ताह प्रचंड गर्मी की पूरी संभावना है। हज यात्रियों ज्यादातर बुजुर्ग होते हैं। उन्हें हीट वेव से बचाव तथा अन्य प्रकार की सहायता के लिए उन्हें इस कम्युनिटी हॉल में ठहराया जा सके। इस भवन में पर्याप्त संख्या में एयर कंडीशन लगे हुए हैं। इसके अलावा अतिरिक्त वाटर कूलर भी लगवानी को निर्देश दिया है। इस कम्युनिटी हॉल में मेडिकल टीम की भी प्रतिनियुक्त की जायेगी साथ ही पर्याप्त बेड भी रखें जाएंगे।

## मजदूर दिवस पर गमछा भेंट कर मजदूरों का किया सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।मजदूर दिवस का अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था, गढ़वा द्वारा भीषण गर्मी से बचाव के लिए एवं मजदूरों की सबसे उपयोगी समाग्री गमछा एवं सत्तू पानी बोतल वितरण किया गया। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था, गढ़वा जिसका एक मात्र उद्देश्य हर वह अंतिम व्यक्ति को वह सुख सुविधाएं पहुँचना है। जिससे वह अभी तक अछूता रहा है, इसी उद्देश्य को लेकर विगत 13 वर्ष से संस्था के युवा सदस्यों द्वारा प्रतिदिन शहर में अलग अलग जगहों पर पहुंचकर जरूरतमंदों को लाभ देने का कार्य करता है। साथ ही साथ कभी बच्चो के बीच पाठ्य सामग्री, तो बुजुर्गो के बीच ठंडी के दिन में कंबल धोती साड़ी आदि अन्य जरूरत की सामग्री का वितरण किया जाता आ रहा है ।संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया की 1 मई को पूरे जिले के अलग अलग क्षेत्रों में काम करने जाने वाले सभी महिला एवं पुरुष मजदूरों को गमछा एवं सत्तू पानी का बोतल वितरण किया गया है। प्रतिदिन कार्य करते समय धूप में मजदूरों की सुरक्षा हो सके एवं आज की मजदूरी करते समय उनको सत्तू खाने से स्वास्थ मजबूत रहे। संस्था द्वारा गढ़ देवी मंदिर के पास में मजदूरी करने महिला एवं पुरुष मजदूरों को गमछा वितरण किया गया। जिसमे 200 से अधिक महिला एवं पुरुष मजदूरों को गमछा वितरण किया गया। कहा कि मजदूर के बिना राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। मजदूर उद्योग की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार दिया गया है और जिम्मेदारियां भी बांटी गई है। निर्माण के लिए मजदूर महत्वपूर्ण हैं। हर परिस्थिति में हमें मजदूरों की मदद करनी चाहिए। कहा कि जीवन की कल्पना में मजदूर मकान, पुल पुलिया सहित कई कार्यो को अंजाम देते हैं। समजसेवी दौलत सोनी ने कहा की इनके अमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मजदूरों को दो श्रेणी में रखा गया है। एक संगठित मजदूरों जो किसी फैक्ट्री, कारखाने या मिलों में काम करते हैं।

## शांति निकेतन एकेडमी की सभी शाखाओं में मनाया गया 'येलो डे'

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।शांति निकेतन की सभी शाखाओं ए0पी0 कॉलोन कटारी हिल रोड़ अर्चना हाउस, गोविंदपुरम रौना चाकन्द गया में बड़े धूमधाम से मनाया गया येलो डे इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाएं तथा नन्हे-मुन्ने बच्चे सभी पीले रंग के परिधान में उपस्थित थे ।विद्यालय प्रांगण को पीले रंग की वस्तुओ से सजाया गया जिसमें पीले रंग के गुब्बारों से पूरे एकेडमी को मनमोहक ढंग से बहुत ही अच्छे तरीके से सजाया गया ।इन आयोजनों के माध्यम से शिक्षिकाएं बच्चों को विभिन्न रंगों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हैं। इसलिए एकेडमी समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन



बच्चों के समुचित विकास के लिए करती है 'इसका उद्देश्य बच्चों में रंगों की पहचान का बोध करना होता है इसलिए शांति निकेतन एकेडमी पहले से लर्निंग वाइ प्लेइंग खेल-खेल के साथ शिक्षा देने के लिए प्रसिद्ध रहा है।

इस मौके पर वर्ग प्लेग्रुप से सान्वी और श्रीहरी आम, वर्ग नर्सरी से जैन, आर्य, हमदान, आयंश स्माइली एमोजी और केले के भेष-भूषा में, वर्ग जूनियर के0जी0 से कशिश , संगम , आरुशी , आराध्य पाईनेपल के भेष-भूषा में तथा सीनियर के0जी0 से पार्थ , अदविका ओम , लाईबा पम्पकिन और शिमला मिर्च के भेष-भूषा में नजर आये। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न जी ने बताएं कि रंगों का हमारे जीवन में क्या महत्व है और यह बताएं कि पीला रंग उर्जा] सकारात्मकता] खुशी एवं स्पष्टता का प्रतीक है ' प्रपन्न ने कहा कि अगर प्रकृति से रंगों को हटा दिया जाए तो दुनिया बेरंग हो जाएगी ` विद्यालय द्वारा इस आयोजन को कराए जाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वागीण विकास करना है एवं बच्चों को लर्निंग वाई प्ले कांसेप्ट के साथ शिक्षा देना है।

## जल संरक्षण को प्राथमिकता देकर महाअभियान चलाया : पूर्व जिला अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्यासी कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह बबुआजी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र एवं राज्य सरकार से दिनों दिन गिरते भूगर्भ जल स्तर को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार जल संकट पर अविलंब ध्यान दे एवं जल संकट से उबरने के लिए एवं लगातार गिरते जल संकट स्तर को बचाने के लिए योजना तैयार करें। दोनों पूर्व जिलाध्यक्षों ने सुझाव देते हुए कहा है की बदलते औद्योगिक ,व्यावसायिक और कृषि कार्य का विद्युतीकरण के बाद देश और राज्य के अंदर भूमि से बेतहाशा जल का दोहन किया जा रहा है और अपव्यय भी किया जा रहा है। पृथ्वी से जल का आवश्यकता अनुसार दोहन तो ठीक है लेकिन उसे उपयोग में आने के बाद उस जल को जिस तरह से नालियों में बहा दिया जाता है जो की पुनः पृथ्वी के अंदर नहीं जा पाता है और दूसरे तरफ देशभर में और खास कर बिहार में जितने जलाशय, तालाब, आहार और पोखर थे। जिस प्रकार से उनका अतिक्रमण कर लिया गया है जिसमे वर्षा का जल संचय होता था और जिससे भूगर्भ जल स्तर बना रहता था आज ऐसी परिस्थितियों के कारण जल संकट गहराता चला जा रहा है। जहां नगरों में पहले 40 से 60 फीट पर और गांव में पहले 15 से 20 फीट पर पानी मिल जाता था आज परिस्थिति यह हो गई है कि कई नगरों में 400 से लेकर 1000 फीट तक बोर करने के बाद भी पानी नहीं मिल रहे हैं यदि यह स्थिति रही तो जिस प्रकार से आज प्रतिदिन सभी नगरों में और गांव में बोरिंग हो रहे हैं और जल नहीं मिल रहा है। उस स्थिति में लोगों के लिए पानी के अभाव में जीना मुश्किल हो जाएगा सरकार की एक योजना हर घर नल योजना लोगों को पेयजल घर तक पहुंचाने की योजना अपने आप में एक जन सुविधा से जुड़ी हुई अच्छी योजना कहीं जा सकती है लेकिन प्रायः देखने को मिल रहा है कि खराब गुणवता के पाइप एवं सामाग्री लगाए जाने के कारण और देखरेख के अभाव में जल की बबार्दी ज्यादा हो रही है। जिस प्रकार से सरकार ने स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाकर प्रत्येक घर में शौचालय बनाने के लिए अनुदान देने का काम किया। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक घरों में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग यानी सोख्ता का निर्माण आवश्यक रूप से कराए लोगो को प्रोत्साहन राशि दे।

ताकि प्रत्येक घर में उपयोग होने के बाद जल उसी घर के अंदर जमीन के अंदर उसका पुनः संग्रहण हो जाए और जितने भी देश और राज्य में जो तालाब आहार पोखर नाला नदी का अतिक्रमण किया गया है उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराकर चाहे उस अतिक्रमण पर व्यक्तिगत लोगों का कब्जा हो या सार्वजनिक रूप से कोई निर्माण किया गया हो उन सारे निर्माण को हटाकर के पुनः उसे उसके स्वरूप में सफाई कर और उसमें जल संरक्षण का कार्य का प्रोत्साहन किया जाना आवश्यक है।

## आवर्तन में छात्रों द्वारा प्रस्तुत कठपुतली नृत्य से झूमा सीयूएसबी

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) का ओपन एयर ऑडिटोरियम सांस्कृतिक कार्यक्रम "आवर्तन" में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक प्रस्तुतियों से झूम उठा है ।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय के हेरिटेज क्लब ने एनआईडीएम के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया है।

इस कार्यक्रम को हेरिटेज क्लब की अध्यक्ष डॉ. अमृता श्रीवास्तव कार्यक्रम समन्वयक ने क्लब के सदस्य डॉ. सुजीत कुमार और डॉ. प्रियरंजन के सहयोग से आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता सिंह ने डीएसडब्ल्यू प्रो. पवन कुमार मिश्रा की उपस्थिति में किया गया है। आयोजन की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई, इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पौधा और शॉल देकर सम्मानित किया गया है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने संबोधन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु हेरीटेज क्लब की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजन करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वह जिस भी क्षेत्र में अपना करियर चुने उसमें पूरी मेहनत से कम करें जैसा उन्होंने इस विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई के दौरान किया है ।आगे बॉलीवुड हिंदी फिल्मों के गीतों को शास्त्रीय संगीत के राग पर जुगलबंदी के तौर पर प्रस्तुत किया गया जिससे विश्वविद्यालय संगीतमय हो उठा और उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं। विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने बड़ा मनमोहक कठपुतली नृत्य बड़े ही सामंजस्य के साथ प्रस्तुत किया गया है। कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति पर लोग आनंदित हो उठे। बिहार के पावन छठ पर्व पर विश्वविद्यालय के एक छात्र ने कविता प्रस्तुत की गई है। कविता का सार था कि छठ पूजा में घर आना क्यों जरूरी है।

इस कविता पर सभी लोग भाव - विभोर दिखे। वहीं सीयूएसबी के ही अन्य छात्र द्वारा "रियलिटी डांस" प्रस्तुत किया गया है।

राम की शक्ति पूजा पर कथक गुरु शालिना चतुर्वेदी जी अतिथि कलाकार के रूप में आमंत्रित थीं। अपनी प्रस्तुति से पहले उन्होंने बताया कि वे कथक के माध्यम से सभी छात्रों को भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। अपने कथक योग पहल के माध्यम से उन्होंने अपने कई छात्रों की शारीरिक और मानसिक बीमारी को ठीक किया है। उसके बाद शालीना ने अपने ग्रुप के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी जिसने कार्यक्रम में जान डाल दी है। इसके बाद रुद्राक्षी ग्रुप द्वारा लोक नृत्य के अंतर्गत राजस्थानी नृत्य का प्रदर्शन किया है। प्रस्तुति के बाद शालीना एवं रुद्राक्षी ग्रुप को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया है।

## अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सहदेब बाउरी बने जीबीएम कॉलेज के प्रोफेसर इन्चार्ज

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के असोसिएट प्रोफेसर-सह-अध्यक्ष डॉ सहदेब बाउरी को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा दिनांक 30 अप्रैल, 2024 को जारी की गयी अधिसूचना के आधार पर कॉलेज के प्रोफेसर इन्चार्ज के रूप में कार्यभार संभालने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रधानाचार्य प्रो (डॉ) जावैद अशरफ की विगत 30 अप्रैल को हुई सेवानिवृत्ति के उपरांत डॉ सहदेब बाउरी को प्रोफेसर इन्चार्ज बनाये जाने पर कॉलेज के



शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। प्रधानाचार्य कक्ष में कॉलेज के प्रोफेसर्स डॉ अफशाँ सुरैया, डॉ नूतन कुमारी, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ पूजा राय, डॉ प्रियंका कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी ने प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान करके किया है। सभी ने डॉ बाउरी के नेतृत्व में कॉलेज के कुशल संचालन एवं समग्र विकास हेतु आशा जतायी। वहीं डॉ सहदेब बाउरी ने कॉलेज के शैक्षणिक तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में प्रगति हेतु सभी सहकर्मियों से निष्ठा, पारस्परिक सहयोग एवं कॉलेज प्रबंधन के प्रति समर्पण भाव रखकर कार्य करते रहने के लिए अनुरोध किया है। कहा कि बतौर प्रभारी प्रधानाचार्य वे महाविद्यालय की पूर्व गरिमा को यथावत बनाये रखने के लिए कृतसंकल्प हैं, और कॉलेज में अनुशासन बनाये रखने की हर संभव कोशिश करेंगे। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ ने भी डॉ बाउरी को मिली इस नयी जिम्मेदारी हेतु हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं है। कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि डॉ सहदेब बाउरी ने गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में 20 दिसंबर, 2005 को अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था तथा कॉलेज के विकास में बर्सर के रूप में भी उनकी अहम भूमिका रही है।

## नाबालिक लड़कियों के साथ दो लड़कों ने किया योन शोषण वीडियो वायरल करने की दे रहा धमकी

बगहा। बगहा में नाबालिक लड़कियों के साथ पड़ोस के दो लड़कों ने यौन शोषण किया एवं उनका वीडियो बनाया। अब लड़के वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। मामले में पीड़िता लड़की की मां ने पटखौली थाने में आवेदन देकर न्याया की गुहार लगाई है। पटखौली थाने को दिए आवेदन में पीड़िता की मां का कहना है कि वह अपने दो बेटियों रहती है। दिन के समय वह मेहनत मजदूरी करने चिमनी या पास के सरेह में चली जाती है। ऐसे में पड़ोस के दो लड़कों ने उनकी दोनों बेटियों को बाहला फुला कर नशा खिलाकर उसके दोनो बेटियो का यौन शोषण किया एवं उसका वीडियो भी बनाया ।अब दोनों लड़के उसकी बेटियों को ब्लैकमेल कर उनका लगातार शोषण कर रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि 29 अप्रैल को वह दोपहर अपने घर पहुंची तो देखा कि उनकी दोनों बेटियां रो रही है। जिसके बाद पूछताछ करने पर दोनों लड़कियों ने घटना की जानकारी दी। घटना के संबंध में जब वह लड़कों के घर पूछताछ के लिए पहुंची तो लड़कों ने उनके साथ गाली गलौज की एवं वीडियो वायरल करने की भी धमकी दे डाली।

## राज्य और केंद्रीय टीम द्वारा किया जा रहा है राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग

मोतिहारी ।टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में राज्य एवं केंद्रीय टीम के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखंडो में चल रहें ।मेडिकल कैंप में यक्ष्मा रोगियों की पोर्टेबल एक्स रे मशीन से हो रहें जाँच का निरिक्षण किया जा रहा है ।चाय दिल्ली के अहेली बासु ने कहा की पोर्टेबल एक्स रे मशीन से अब टीबी मरीजों की जाँच बेहद कम समय में आसानी से हो जा रही है ।उन्होंने बताया की इस मशीन से एक दिन में ही सैकड़ों लोगों की जाँच की जा रही है। जिससे टीबी मरीजों की खोज आसानी से हो रही है। इस संबंध में वर्ल्ड विजन इंडिया के जिला प्रतिनिधि रामजनम सिँह ने बताया की जिले के 27 प्रखंडो के पीएचसी स्तर पर एवं अनुमण्डलीय अस्पतालो में मेडिकल कैंप लगाकर यक्ष्मा रोगियों की पहचान की जा रहीं है ताकि टीबी मरीजों का समय पर पहचान एवं इलाज कर इसके प्रसार को खत्म किया जा सकें। उन्होंने बताया की अल्ट्रा पोर्टेबल डिजीटल एक्सरे मशीन से टीबी की एक्टिव केस की फाइंडिंग की जा रहीं है जिससे टीबी मरीजों की पहचान बेहद कम समय में हो रही है ।उन्होंने बताया की वर्ष 2019 में जिले में टीबी मरीजों की संख्या 4092 थीं,2020 में 5118, 2021 में 6141, 2022 में 7094, वहीं 2023 में टीबी मरीजों की संख्या बढ़कर 8531तक पहुंच गई है, जिनमें पुरुष 5103, महिलाए 3427, बच्चे 787 है, वहीं एमडीआर के 176 मामले है। उन्होंने बताया की टीबी एक संचारी रोग है जिसमें सावधानी पूर्वक पूरी दवा का कोर्स करना जरूरी होता है। उन्होंने बताया की जिले के सभी सरकारी अस्पताल में टीबी की मुफ्त जाँच एवं दवाए उपलब्ध है।

केसरिया प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग एवं वर्ल्ड विजन इंडिया संस्था के सहयोग से कैम्प का आयोजन कर टीबी के संदिग्ध मरीजों का स्क्रेनिंग अल्ट्रा पोर्टेबल डिजटल एक्सरे मशीन से किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्चना ने बताया की हेल्थ कैम्प में लगभग 116 रोगियों का पोर्टेबल मशीन से एक्सरे किया गया जिसमें से 18 टीबी के रोगी पाये गये, उन्होंने बताया की मरीजों का बलगम संग्रह कर नेट टेस्टिंग के लिये भेजा गया है, बलगम जांच में पोजेटिव पाये जाने पर उन सभी रोगियों को टीबी की मेडिसिन चलाया जायेगा ।अमरजीत प्रभाकर, स्टेट लीड चाय पटना ने बताया की टीबी से बचाव के लिए सावधानी जरूरी है, टीबी के लक्षण होने पर बलगम की जांच कराएं। एक्स-रे कराएं। चिकित्सक द्वारा पुष्टि करने पर सावधानी बरतें।

## पीसीसी सड़क ढलाई में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 15 महादलित बस्ती कतालपुर मे पीसीसी सड़क की ढलाई कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों द्वारा बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। हाल ही मे बने इस सड़क का विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद के द्वारा बनवाया गया है ।इस सड़क का लम्बाई लगभग 850 फीट है।

जिसका टेंडर लगभग दस लाख रुपया बताया जा रहा है ।इस सड़क के ढलाई के सन्दर्भ में गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की पीसीसी ढलाई डेढ़ से दो इंच तक ही किया गया है ।जिससे कई जगह



दरारें भी आ गया है। आपको बताते चले कि सड़क पीसीसी ढलाई सरकारी मानक मापदंड के अनुसार छः इंच होना चाहिए ।इस सड़क के सन्दर्भ में ग्रामीणो द्वारा एक शिकायत पत्र कार्यपालन पदाधिकारी मशरक को दिया गया है ।इस आवेदन के आलोक में सुधीर कुमार सिंह ने कार्यपालक पदाधिकारी मशरक से बात चीत किया गया तो कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल अवश्य किया जाएगा। आपको बताते चले कि पीसीसी सड़क ढलाई कार्य में अनियमितता सिर्फ महा दलित बस्ती कतालपुर में ही नहीं है बल्कि ऐसे पूर्व में कई सड़क की ढलाई हैं जिसे जांच करने पर अनियमितता सामने आ सकता है।

## एकमा में लगी भीषण आग रेल व सड़क मार्ग घंटों रहा बाधित

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा-पछुआ ब्यार व सूरज की तपती धूप एवं असामाजिक लोगों द्वारा कही न कही किसी न किसी रूप में आए दिन एकमा सहित विभिन्न जगहों पर आग लगने की घटना हो रही है । जिससे लोगों में दहशत हाथ व्याप्त है । जहां बृहस्पतिवार के दिन एकमा चंवर के काली स्थान से पश्चिम अचानक आग लग गई देखते-देखते में आग पूरे चंवर में फैल गई । थोड़ी ही देरी में आग रेलवे लाइन पश्चिमी रेलवे फाटक सहित छपरा सिवान मुख मार्ग सड़क तक जा पहुंची । जहां पूरा एकमा धुआं धुआं हो गया । लोगों में सांस की दिक्कत बढ़ने से बेचैनी



बढ़ गई । छपरा सिवान मुख्य मार्ग भी घंटों बाधित हो गया । जहां स्थानीय लोगों का सहयोग व फायर ब्रिगेड के गाड़ियां मौके पर पहुंचकर घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया । लेकिन नगर पंचायत द्वारा बाजार के कचरा सड़क के किनारे आए दिन फेंकने से कचरा का इतना अंबार लगी हुई थी। कि आग बुझाने का नाम नहीं ले रहा था ।

## सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार ने घोषित किया अपना घरेलू कैलेंडर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार (रजि ०) ने सत्र 2024 -25 के लिए अपना खेल कैलेंडर आज पटना के मुसल्लमपुर स्थित राज पैलेस में संघ के पदाधिकारियों ने जारी किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया की सत्र की शुरूआत खिलाड़ियों के अभ्यास मैच को बढ़ाने के लिए बिहार कप का आयोजन 10 से 12 मई को होगा। इसी प्रतियोगिता के आधार पर चयनित होकर बिहार की सीनियर सॉफ्ट टेनिस टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। उन्होंने



बताया की सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार 30 जून से 31 जुलाई तक टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजित करने जा रही है। जिसमें नए बच्चों को उनके प्रतिभा के अनुसार अलग-अलग स्कूलों में जाकर चयन किया जाएगा । उसके बाद उन्हें असिस्टेंट कैम्प में बुलाया जाएगा। इसके बाद उनको विशेष प्रशिक्षण देकर उन खिलाड़ीयों को तैयार किया जाएगा। यह कार्यक्रम कई चरणों में आयोजित की जाएगी । इस काम में पिछले वर्ष लर्न टू ट्रेन प्रोग्राम के तहत कोच तैयार किया गया था। उनकी मदद इस वर्ष ली जाएगी। इसके बाद अगस्त में अंपायर को भी प्रशिक्षण देकर और सक्षम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया की सितंबर माह में बिहार राज्य का राज्य स्तरीय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में मिनी, सब जूनियर, जूनियर व सीनियर स्तर के बालक बालिका व पुरुष व महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन मोतिहारी, (पूर्वी चंपारण) में किया जाएगा ।इसके बाद बिहार के स्कूली टीमों का एक इंटर स्कूल प्रतियोगिता अक्टूबर माह में आयोजित कि जाएगी। नवंबर में सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन, बिहार का अपना प्रीमियर लीग आयोजित करेगा। महासचिव ने कहा की हम सभी जानते हैं की इन दिनों खेलों की लोकप्रियता प्रीमियर लीग के जरिए ही बढ़ रही है जैसा कि क्रिकेट, कबड्डी आदि में होता रहा है । दिसंबर माह में सॉफ्ट टेनिस का रैंकिंग प्रतियोगिता सासाराम (रोहतास) जिला में आयोजित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 11000 वोल्ट विद्युत आपूर्ति 6 घंटा रहा बाधित

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर-मुंगेर मुख्यमार्ग पर उदयपुर गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के करण बने बड़े गड्ढे में हाईवा फंस गया। हाईवे को उसे गड्ढे से निकालने के क्रम मे ग्यारह हजार वोल्टेज के पोल से टकराने से विद्युत आपूर्ति छः घंटे तक बंद रहा।ग इधर इलाके में गर्मी की तपीश बढने से रात्री के तीन बजे से गांव के लोग त्राहिमाम नजर आए। ग्रामीणों को रात जगा करनी पड गई। यह घटना रविवार की रात्रि में हुई जो कि दूसरे दिन के आठ बजे तक जारी रहा। इधर कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु कुमार भूषण के अथक प्रयास से समस्या पर काबू पा लिया गया। इस दौरान विद्युत आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल योजना नही मिल पाया।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के बिहपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मड़वा गांव वार्ड नंबर 6 के संजय चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी अर्चना देवी के एक बड़ा हादसा घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महिला अपने परिवार के साथ महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए अपने घर से निकली थी, लेकिन ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में उसका एक पैर फिसल जाने से वह अनियंत्रित होकर ट्रेन के नीचे गिर पड़ी और वह कुछ दूर तक ट्रेन में फंसी रहने के कारण व घसीटी चली गई, इस घटना में महिला यात्री अर्चना देवी काफी चोटिल होने के साथ गम्भीर रूप से घायल हो गई हैं, वही स्टेशन पर मौजूद परिजनों, सुरक्षा कर्मियों व अन्य यात्रियों ने महिला को किसी तरह ट्रेन के नीचे से बाहर निकल कर गम्भीर हालत में त्वरित इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला की स्थिति काफी नाजुक थी। वही मौके पर पहुंचे रेल प्रशासन और परिजनों द्वारा अनुमंडल अस्पताल नवगछिया ले जाया गया। जहां मौजूद चिकिसक द्वारा उसे जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है।

### लूट की योजना बना रहे दो शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे : डीएसपी

भागलपुर। जिले के सभी थाना क्षेत्र इलाके में वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, स्वांस मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर छापेमारी व वाहन चेकिंग सहित जगह जगह सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भागलपुर पुलिस को सूचना मिली कि लैलख मलमखा स्टेशन के पास स्टेशन से लैलख गाँव जाने वाली रोड में कुछ व्यक्तियों द्वारा हथियार के बल पर राहगिरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लूट की योजना बना रहे अपराधी परदेशी निषाद उर्फ परदेशी महलदार को 2 जिंदा कारतूस के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा 2 अन्य अपराधी मौके से भागने में सफल रहा है। वही गिरफ्तार अपराधी परदेशी निषाद उर्फ परदेशी महलदार की निशानदेही पर मुकेश निषाद के घर पर छापेमारी कर 1 देशी कट्टा एवं 1 धारदार गड़ासा बरामद किया गया है, जिससे पुलिस टीम द्वारा जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जा रही हैं।

### लोगों का स्वांस लेना हुआ मुहाल : शिक्षक

भागलपुर। टीएनबी कॉलेज के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर वन विभाग द्वारा लगाये गये दर्जनों वृक्ष प्लांट के समीप आसपास इलाके का कूड़ा कचड़ा रखकर आग लगा दिया जाता है। इस मामले को लेकर नाथनगर जैन मंदिर रोड में रहनेवाले एक शिक्षक ने लिखित आवेदन देकर नगर निगम प्रशासन से अवगत कराते हुए ठोस पहल किये जाने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा है कि आये दिन इस तरह से कूड़े में आग लगायी जा रही है लेकिन, निगम प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम उठाने में विलंब क्यों करती हैं, जल्द मामले पर कोई सार्थक पहल शुरू करें। वही कूड़े में आग लगाने के बाद पूरे क्षेत्र में धुआं फैल जाता है, जिसे लेकर इलाके में रहनेवाले लोगों का कहना है कि यहां पर कई-कई दिन तक कूड़ा कचड़ा का निगम द्वारा उठाव नही किया जाता है, और निगम के लोगों द्वारा कूड़ा उठाव किये जाने के बजाय उसमें आग लगा दी जाती है। ऐसे में वायु प्रदूषण के तहत कई गम्भीर बीमारी का खतरा होने की संभावना अधिक बढ़ जाती हैं। कूड़े कचड़े में लगे आग की वजह से निकलने वाली जहरीला धुंआ के कारण आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी है।

# आखिर एनएच 80 पर लगातार क्यों घटित हो रही है सड़क दुर्घटना : ग्रामीण

प्रात : किरण ईशु राज



भागलपुर। इन दिनों जिले भर में सड़क दुर्घटना का लगातार कहर जारी है। खास तौर पर जिले के पश्चिम क्षेत्र के गंगा की तट से घिरे एनएच 80 पर सड़क हादसे के घटित होने की लगातार सूचना सामने आ रही है। पीछले 24 घंटे के भीतर उक्त सड़क मार्ग पर अबतक 3 बड़े हादसे घटित होने की जानकारी सामने आई हैं। जिसमें कुल मिलाकर अबतक चार मौतें हो चुकी है। घटना को लेकर वर्तमान समय में यह आंकड़ा पुर साल भर में मृतकों की संख्या 39 तक पार हो चूकी है। वहीं विगत बुधवार की दोपहर पिरपैंती के कटूवा पहाड़ के समीप फोर लेन मुख्य सड़क मार्ग पर एक दिल को दहला देने वाली सड़क दुर्घटना घटित हुई है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक हाईवा ट्रक व फॉर्च्यूनर गाड़ी के बीच सीधी जबरदस्त टक्कर हुई है, जिसमे तीन लोग जख्मी होने की बात निकल कर सामने आई हैं। इस हादसे के शिकार हुए गाड़ी मालिक डॉ. आदित्य कुमार सिंह के साथ उनके 20 वर्षीय पूत्र शक्ति सिंह जो मूल रूप पीरपैंती के रेहनेवाला बताया जा रहा है। जबकि घायलों की सूची में 40 बर्षीय जीतू पहाड़िया, 22 बर्षीय रिशु राय भी शामिल है। वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त गाड़ी कटवा मोड़ के समीप तेजी से आ रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रही हाईवा से उसकी जोरदार सीधी टक्कर हो गई है, इस घटना में फॉर्च्यूनर के परकच्चे उड़ गए और उसपर सवार तीनों लोगों को गंभीर रूप से जख्मी हो व घायल हो गए हैं। वही इस घटना में डॉ. आदित्य का दाहिना पैर टूट गया है जबकि उसके साथ सवार दो अन्य लोगों को भी शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोट आई है। वही हाईवा चालक मौके से फरार होने में सफल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी की गाड़ी कुछ दूर पीछे तक चली गई थी, हालांकि गाड़ी की एयरबैग टेक्नोलॉजी ठीक होने के वजह से किसी के हताहत नही हुई हैं। वही उन्होंने कहा कि गाड़ी के एयरबैग सिस्टम के कारण गनीमत रही कि किसी को ज्यादा कोई छती नहीं पहुंची है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पीरपैंती थाने की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को त्वरित इलाज के लिए प्राथमिक स्वस्थ केंद्र पीएचसी में भर्ती कराया है, जहां चिकित्सकों द्वारा शिवशक्ति सिंह की हालत गम्भीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च स्तरीय इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

घटित हो रही घटनाओं को लेकर गौर करने वाली बात यह है कि आखिर एनएच 80 पर लगातार इतनी तेज रफ्तार में सड़क दुर्घटनाएं क्यों बढ़ रही है? ये सवाल लोगों के जहन में उभरता हुआ दिख रहा है।वही मामले को लेकर जानकारों की माने तो विगत लम्बे समय से चल रही घोरघाट से लेकर मिर्जा चौकी तक एनएच 80 फॉरलाइन हाईवे मुख्य सड़क निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से चल रही है, और सड़क के एक ही हिस्से में दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही होती चल रही है, इसी क्रम में वाहनों की रफ्तार तेज होने कारण आपस में टक्कर हो जाती है, और लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। वहीं इस मामले को लेकर पथ निर्माण परिवहन विभाग के पदाधिकारियों की टीम इस पर लगातार विचार विमर्श करने में लगी हुई दिख रही है, जबकि अधीक्षण अभियंता की माने तो ओवरलोड ट्रक भी हादसे का मुख्य कारण रहा है, जिस पर रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई किये जाने की बात कही जा रही है। बावजूद इसके धरातल पर कोई कार्य उतरता नही दिख रहा है, अब देखने वाली बात है कि इन हादसों पर लगाम लगाने की दिशा में जिला प्रशासन की कौन सी अचूक उपाय रणनीति तैयार करती हैं। इन सवालों को लेकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना दिख रहा है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेगी मैथिली ठाकुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। लोकसभा आम निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने एवं मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत लगातार कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी 8 मई 2024 को बिहार राज्य स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर का आगमन मुंगेर में होने जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए आगामी 8 मई को 28 – मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 166 – जमालपुर विधान सभा क्षेत्र के रामपुर कॉलोनी स्थित पानी टंकी मैदान में मैथिली ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की भी सहभागिता रहेगी। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने मुंगेर जिला सहित स्थानीय मतदाताओं से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

## नाम वापसी के अंतिम दिन कोई भी प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स शाखा हवेली खड़गपुर निर्वाचन अधिकारी किशोर अग्रवाल ने बताया कि नाम वापसी के अंतिम दिन कोई भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद से दो और सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार ने अपना उम्मीदवारी वापस नहीं लिया है । चुनाव 04 मई को निर्धारित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स शाखा के लिए अध्यक्ष और सचिव पदके लिए चुनाव के लिए मंगलवार के दिन निर्वाचन पदाधिकारी किशोर अग्रवाल और सहायक चुनाव अधिकारी अरुण कुमार साह के कक्ष में अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया था अध्यक्ष पद के लिए संजीव कुमार साह एवं अंजनी कुमार ठाकुर इस में शामिल हैं।

जबकि सचिव पद के लिए सुरेश कुमार बाजोरिया व नीरज कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया है। मतदान की तारीख 04 मई को निर्धारित किया गया है। बता दे की मुंगेर चैंबर ऑफ कॉमर्स शाखा हवेली खड़गपुर के कुल मतदाता 114 इन प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला करेंगे।

## अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी ने मनाया मजदूर दिवस

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर ।अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी ने 1 मई बुधवार को जिला कार्यालय चितोलोढीया देवघर में मजदूर दिवस जोर दार ढंग से मनाया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पंडित ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मजदूर दिवस के इस मौके पर सैकड़ों कार्यकताओं सहित मजदूरों ने सहभागीता निभाया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पंडित ने कहा कि हमारी पार्टी मजदूरों को सम्पूर्ण अधिकार दिलाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए हमेशा से तैयार रहती हैं। उन्होंने कहा कि गोड्डा संसदीय सीट से पार्टी के कर्मठ एवम जुझारू नेता बृजकिशोर पंडित को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। जल्द ही नेता बृजकिशोर पंडित अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर अधिकाधिक मतों से जीत प्राप्त करने के लिए आस्वस्त किये। इस मौके पर पार्टी के उम्मीदवार बृजकिशोर पंडित ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र के आम जनों मजदूरों, किसानो, महिलाओं और युवा वर्ग का भारी समर्थन को देखते हुए सभी को मजदूर दिवस की हार्दिक बधाई दिये। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी किशोर पंडित ने घोषणा किया कि अगामी 10 मई 2024 को पार्टी के तरफ से मैं गोड्डा लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करुंगा। मजदूर दिवस के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राम जी संथाल परगना प्रभारी, चंद्रकान्ता मंडल जिला अध्यक्ष ,दिलीप कुमार तिवारी जिला सचिव ,रंजीत मंडल जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अनीश राज महानगर अध्यक्ष, शिवनाथ सिंह महानगर सचिव, नरेश तुरी जिला अधिवक्ता प्रकोष्ठ,अंजनी कुमार जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, महेन्द्र रवानी सरॉवा प्रखण्ड अध्यक्ष, बीरेंद्र कुमार जिला छात्र अध्यक्ष प्रकोष्ठ, श्री कृष्ण दुबे संजय सिंह यदि उपस्थित थे।

## बिहार के 40 में 40 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत निश्चित: रीता राज

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। मुंगेर संसदीय सीट से जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को विजयश्री दिलाने को लेकर मंगलवार को मुंगेर टाउन में बिहार प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई बैठक के मुख्य अतिथि और राज्य महिला आयोग की सदस्य श्वेता विश्वास तथा विशिष्ट अतिथि बिहार प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव नूतन पासवान थी। बैठक की अध्यक्षता जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रीता राज तथा मंच संचालन मुंगेर जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पूनम कुमारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्वेता विश्वास ने कहा कि जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुंगेर के निवर्तमान सांसद ललन सिंह कार्यकताओं के सम्मान के प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस बार उन्हें रिकॉर्ड मतों से जीताकर कर हम सभी कार्यकताओं को दिल्ली भेजने का कार्य करना चाहिए । विशिष्ट अतिथि नूतन पासवान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा मुंगेर संसदीय क्षेत्र में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र का चहुमुखी विकास हुआ है। इस बार ललन सिंह रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेंगे, विरोधी दल कहीं चुनाव में ठीक नहीं पाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बिहार प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रीता राज ने कहा कि बिहार के 40 में 40 सीटों पर एनडीए गठबंधन उम्मीदवार की जीत निश्चित है। जदयू महिला प्रकोष्ठ के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मुंगेर संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को रिकार्ड मतों से जीतने के लिए अपनी ओर से कडी मेहनत कर रहे हैं । उन्होंने बैठक में उपस्थित तमाम कार्यकताओं से अपील किया की डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा ललन सिंह के द्वारा किए गए विकास कार्यो से अवगत कराए और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने का अपील करें ।

## महिला की हत्या वारदात को ससुरल पक्ष के लोगों ने दिया अंजाम

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, दरअसल विगत 29 अप्रैल 2024 को सन्हौला थाना क्षेत्र के रहने वाले इंद्र कुमार के द्वारा बाईपास थाने में हत्या मामले को लेकर एक लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें थाना पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई को लेकर सीनियर एसपी आनंद कुमार के निर्देश पर डीएसपी विधि व्यवस्था के नेतृत्व में विशेष टीम गठित का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा तकनीकी रूप जांच अनुसंधान के क्रम में लड़की के ससुराल ग्राम कोयली कुटाह इलाके में पुलिस टीम ने पूछताछ शुरू की, जिसमें ससुराल वालों द्वारा विवाहिता की हत्या कर उसके शव को साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मृतिका के शव को छिपाने की साजिश को लेकर पुलिस टीम ने स्थानीय दुखन मंडल के पुत्र गांधी उर्फ रणधीर कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पूरे घटना मामले को लेकर डीएसपी विधि व्यवस्था कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में डीएसपी विधि व्यवस्था चंद्र भूषण ने जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि लड़की के भाई द्वारा लिखित फर्द बयान के आधार पर पुलिस टीम उसके ससुराल इलाके में पहुंची और लड़की के ससुराल वालों और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ जांच अनुसंधान शुरू की। जहां पुलिस टीम को कांड के उद्वेदन में लड़की की हत्या कर उसके शव को छुपाने की बात सामने आई है। वही मामले को लेकर पुलिस टीम ने गम्भीरता से लेते हुए 36 घंटे के भीतर पिस्ता सुखा बैहार स्थित जोगिया नहर के पास से लापता मृतिका के शव को बरामद करने में सफल रही है। आरोपी द्वारा मृतिका के शव को लगभग क्षत विक्षत कर दिया गया था। जिसको लेकर फोरेंसिक टीम जांच में भेज दिया गया है। वहीं डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त गांधी मंडल ने पूरे मामले में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है और उसने मामले को लेकर यह बताया कि विगत 28 अप्रैल की रात उक्त लड़की की हत्या की गई थी। जिसमे वह भी शामिल था, और 7 से 8 अपने सहयोगी लोगों के मदद से शव को नहर के पास गाड़ दिया गया था। वही महिला के हत्या के कारण को लेकर पुलिस ने गांधी मंडल उर्फ रणधीर से पूछताछ कर रही है, जल्द ही मामले में कई अनसुलझे राज सामने की बात कही गई है।

## मजदूर दिवस के मौके पर निकाला पैदल मार्च

### मौजूदा सरकार से देश भर में मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतू रखी मांग : महासचिव

प्रात : किरण संवाददाता




भागलपुर। देशभर में बड़े धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया है। शहरी व ग्रामीण इलाके विकास में मजदूरों का काफी योगदान रहता है, जिसको लेकर सभी बड़े बड़े औधोगिक संस्थाओं व प्रतिष्ठानों में एक मई के दिन मजदूरों के लिए एक दिवसीय अवकाश घोषित रहता है। कई सरकार मजदूरों को इस देश का अभिन्न अंग बताते हुए दिखती तो है लेकिन वास्तविकता यह है कि यह वर्ग हमेशा पिछड़े पायदान पर हमेशा बने दिखते चले आ रहे हैं। वही मजदूर को लेकर भागलपुर के कई इलाकों में मजदूर संघ के द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया है। कहीं कार्यक्रम तो कहीं सरकार की नीतियों के खिलाफ पैदल मार्च भी देखने को मिल रही हैं। वही दूसरी तरफ एक्ट 2 के बैनर तले तमाम मजदूर वर्ग के लोगों ने एकत्रित होकर मजदूर दिवस के अवसर पर पैदल मार्च निकाला है। इस मौके पर एक्ट 2 के महासचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि मजदूर काफी मेहनत करते हैं और यही उनके गुजर बसर के साथ अपने परिवार के लोगों जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन है, बावजूद इसके इस देश में मजदूरों पर तरफ तरह के जुल्म ढाया जाता है, वही उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष इसी संकल्प के साथ वे प्रति वर्ष लोग शहर के कई चौक चौराहों में मजदूर मार्च के रूप निकलते हैं। मजदूर मार्च कचहरी चौक से घंटाघर चौक होते हुए स्टेशन चौक पर पहुंच कर एक सभा के साथ समाप्त हुई है। इस दौरान उन्होंने कहा की मजदूर के लिए इस देश में एक विशेष रूप में भागीदारी सुनिश्चित हो उसको लेकर मौजूदा सरकार से मांग करते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और गरीब मजदूर अपने दैनिक कमाई से गुजारा करने में भी जब दो पहर का गुजारा कर रहे हैं, जबकि उन्होंने वर्तमान मोदी सरकार को अपने निशाने पर लेते हुए कहा कि 10 साल के कार्यकाल में मजदूरों के लिए इस तरह की कोई विकास योजना नहीं देखने को मिली है, केन्द्र की सरकार मजदूर विरोधी है। इस मौके पर मुकेश मुक्त सहित एक्ट 2 के कई सदस्य के अलावा दर्जनों मजदूर वर्ग के लोग मौजूद थे।

## हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत दिनों करीब 1 बजे दोपहर में नवगछिया थाना अंतर्गत इजरा बहियार में सूरज कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता गणेश सिंह साकिन दोनिया टोला पकरा थाना नवगछिया जिला भागलपुर को गोली मारकर हत्या कर देने की सूचना मिली थी। तत्काल पुलिस अधीक्षक, नवगछिया एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, एवं शव का अन्य परीक्षण जांच के बाद परिजन को सुपुर्द किया गया था।

इस संबंध में मृतक की बहन सोनी सोनाली के लिखित आवेदन के आधार पर 2 नामजद एवं अन्य अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध नवगछिया थाना कांड दर्ज किया गया था। वही हत्या मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक, नवगछिया के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी।

गठित टीम द्वारा महज 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार सिंह उम्र करीब 53 वर्ष पिता स्व. गौरी शंकर प्रसाद सिंह साकिन पकना वार्ड नं.11 थाना नवगछिया जिला भागलपुर को जीरो माईल नवगछिया से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में बताया कि मृतक सूरज कुमार एवं इनकी पुत्री के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, इस रिश्ते से ये नराज चल रहे थे और इनके सामाजिक प्रतिष्ठा का हनन हो रहा था। इसी कारण 1.5 लाख रूपाये की सुपारी देकर हत्या करा दिये जाने की बात स्वीकार कर बताया गया है।

वही पुलिस टीम द्वारा मृतक सूरज कुमार की प्रेमिका से भी पूछताछ की गई, तो इन्होंने अपने एवं सूरज के बीच प्रेम प्रसंग की बात स्वीकार की, साथ ही उन्होंने बतायी कि इस बात को लेकर इनके परिजन के द्वारा हत्या करने की धमकी दी जा रही थी। वहीं मृतक सूरज कुमार का भी काफी लम्बे समय से अपराधिक इतिहास रहा है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर एसपी नवगछिया कार्यालय बेस में एक प्रेसवार्ता कर एसपी पुरन झा ने जानकारी साझा कर दी है। वही उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्या मामले के अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## प्रेम प्रसंग में हुई थी सूरज की हत्या : एसपी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। विगत दिनों करीब 1 बजे दोपहर में नवगछिया थाना अंतर्गत इजरा बहियार में सूरज कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता गणेश सिंह साकिन दोनिया टोला पकरा थाना नवगछिया जिला भागलपुर को गोली मारकर हत्या कर देने की सूचना मिली थी। तत्काल पुलिस अधीक्षक, नवगछिया एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, एवं शव का अन्य परीक्षण जांच के बाद परिजन को सुपुर्द किया गया था। इस संबंध में मृतक की बहन सोनी सोनाली के लिखित आवेदन के आधार पर 2 नामजद एवं अन्य अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध नवगछिया थाना कांड दर्ज किया गया था। वही हत्या मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक, नवगछिया के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। गठित टीम द्वारा महज 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार सिंह उम्र करीब 53 वर्ष पिता स्व. गौरी शंकर प्रसाद सिंह साकिन पकना वार्ड नं.11 थाना नवगछिया जिला भागलपुर को जीरो माईल नवगछिया से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में बताया कि मृतक सूरज कुमार एवं इनकी पुत्री के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, इस रिश्ते से ये नराज चल रहे थे और इनके सामाजिक प्रतिष्ठा का हनन हो रहा था। इसी कारण 1.5 लाख रूपाये की सुपारी देकर हत्या करा दिये जाने की बात स्वीकार कर बताया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा मृतक सूरज कुमार की प्रेमिका से भी पूछताछ की गई, तो इन्होंने अपने एवं सूरज के बीच प्रेम प्रसंग की बात स्वीकार की, साथ ही उन्होंने बतायी कि इस बात को लेकर इनके परिजन के द्वारा हत्या करने की धमकी दी जा रही थी। वहीं मृतक सूरज कुमार का भी काफी लम्बे समय से अपराधिक इतिहास रहा है। उक्त आशय की जानकारी को लेकर एसपी नवगछिया कार्यालय बेस में एक प्रेसवार्ता कर एसपी पुरन झा ने जानकारी साझा कर दी है।

## देर रात्रि लगी भीषण आग में ग्रामीण का हुआ लाखों का हुआ नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। लोदीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तहबलपुर गांव में पुरूषोत्तम कुमार के मवेशी रखने वाले बासा में अचानक भीषण आग लगने की सूचना सामने आई है। घटना को लेकर ग्रामीण ने बताया कि देर रात आग लगने के क्रम में जब एक गैंस सिलेंडर ब्लास्ट हुआ तब हमलोग जगे और पता चला की भीषण आगजनी हुई है।आग इतनी भयावह थी कि गौशाला में बंधी तीन गाय, दो गाय का बछड़ा, चार बकरी और गौशाला में रखे लाखों के अन्य समान जल कर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है।आग की लपटों से बगल के उत्तम मंडल का घर भी उनकी चपेट में आ गया और उनका भी लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं पीड़ित ग्रामीणों ने कहा कि लोदीपुर थाना और अग्निशमन विभाग तीन घंटे विलम्ब से पहुंची है। जबकि अग्निशमन विभाग के कर्मी अजय कुमार ने कहा कि हमें जैसे ही सूचना मिली हमलोग दो दमकल टीम की गाड़ी लेकर पहुंच गए हैं। बहरहाल पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने में सफल रही है, अभी स्थिति समान्य है। वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गांव में अचानक आग लगने की घटना किसी को पता नही चली थी, इलाके में सभी लोग अपने घरों में सोये हुए चल रहे थे, गैस सिलेंडर ब्लास्ट करने की आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले तो आग की लपटें काफी तेज लपटें धधक रही थी जिसे देखते ही स्थानीय लोगों ने आनन फानन में आग बुझाने की कवायद में जुट गये थे। लेकिन तबतक सब कुछ जलकर राख हो गया था। आग की लपटों को देख लोगों की रूह कांप उठी थी, किसी तरह अपनी सूझबूझ के साथ लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे थे इसी बीच अग्नि शमन विभाग की गाड़ी घण्टों बाद पहुंची जिनके सहयोग से आग पर काबू पाने में सफल रहे थें। वही आग अर्ध रात्रि में लगने की वजह के कारणों का पता नही चल पाया है। वही मामले को लेकर लोदीपुर थाना पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। वही घटना को लेकर अग्नि पीड़ित सुजित कुमार ने बताया कि घर में सो रहे थे, तभी करीब एक बजे के करीब एक जोरदार धमाका हुआ जिसकी आवाज सुनकर घर से बाहर निकल कर देखा तो आग की तेज लपटें गाय बथान से निकल रही हैं, जिसे लेकर काफी सोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे थे। वही इस आग की लपटों से पड़ोसी उत्तम मंडल के घर मे भी आग लग गई।

## शॉर्ट सर्किट से बहियार में लगी आग, बोरिंग सहित अन्य सामान जलकर हुई खाक

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। गोराडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत सियारगढ़ गांव के बहियार में विगत बुधवार की सुबह अचानक आग लगने की सूचना सामने आई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि तेज लू भरी हवा के कारण अचानक विधुत तार में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई है। इस अगलगि कि घटना में स्थानीय सियारगढ़ के किसान नरेश मंडल का पटवन हेतू लगे बोरिंग मोटर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है, साथ ही जिस मकान में बोरिंग मोटर लगा हुआ था वह मकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। अगलगि की घटना से उसके मकान के भीतर रखे पानी पटवन पाईप, समरसेबुल स्टार्टर, बिजली मिटर के अलावा अन्य सामान भी जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है। वही घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीण सह प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज लू भरी हवा के कारण शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई।

गांव से करीब दस खेत की दुरी पर बोरिंग लगा हुआ था वही घटना को लेकर सूचना मिलते ही अन्य किसानो के द्वारा मौके पर पहुंच आग बुझाने की कवायद की ग्रामीणों द्वारा अपने फसल बचाव को लेकर आनन-फानन में किसी तरह आग पर काबू पाया गया था, लेकिन तबतक किसान नरेश मंडल का समरसेबुल बोरिंग मोटर पूरी तरह से जल चुका था। इस घटना में किसान नरेश मंडल का लाखो का नुकसान हो गया है। वही किसान नरेश मंडल की आर्थिक स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। वही सरकार द्वारा अग्नि आपदा के तहत राहत हेतू मुआवजे की आस में इर्दगिर्द भटक रहे हैं। अब देखने वाली बात है कि अग्नि पीड़ित किसान को सरकार द्वारा पारित सहायता हेतू मुआवजा राशि मिल पाती हैं या नही इन सवालों को लेकर आम किसानों के बीच चर्चा का माहौल बना दिख रहा हैं।

# पीसीबी ने ड्रॉफ्ट शेड्यूल में भारत के सभी मैच लाहौर में रखे



**लाहौर, एजेंसी।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जो शेड्यूल तैयार कर रही है उसमें भारत को पूरे टूर्नामेंट के लिए एक ही शहर में रोका जा सकता है। पीसीबी वह हरसंभव प्रयास कर रही है, जिससे 17 साल में पहली बार भारतीय टीम का पाकिस्तान दौरा संभव हो सके। दो सप्ताह के टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी पर विचार कर रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफो समझता है कि भारत के सभी मैच लाहौर में सकते हैं क्योंकि यहीं पर फ़ाइनल भी खेला जाना है।

भारत को एक ही शहर में रोकने से सुरक्षा संबंधी चिंता को कम किया जा सकता है। लाहौर में होने से वाघा बॉर्डर भी पास पड़ेगा, जिससे कि भारतीय फ़ैंस के लिए भी वहां जाना आसान होगा। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने एक ड्राफ़्ट बनाकर आईसीसी को भेज दिया है। ड्राफ़्ट पर पर चर्चा होनी बाक़ी है और सबसे अहम मुद्दा यही होगा कि क्या भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी या नहीं।

2008 में हुए एशिया कप के बाद से भारतीय टीम ने पाकिस्तान में नहीं खेला है। उसी साल हुए मुंबई हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध लगातार ख़राब ही होते रहे हैं। पिछले साल जब पाकिस्तान ने एशिया कप की मेज़बानी की थी, तो उन्हें मजबूरी में हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था। भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे और इसमें पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हुआ मैच भी शामिल था। पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में अपने लिए पाकिस्तान ने भी हाइब्रिड मॉडल की मांग की थी, लेकिन इस पर कभी गंभीर चर्चा हुई ही नहीं। पांच अलग-अलग मैदानों में पाकिस्तान ने अपने मैच खेले थे और ग्रुप चरण से बाहर हुए थे। चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी या नहीं, इसका फैसला बीसीसीआई की बजाय भारत सरकार के हाथों में है।

मंगलवार की शाम को कराची में नक़वी ने उम्मीद जताई है कि इस टूर्नामेंट के लिए सभी आठ टीमें पाकिस्तान आएंगी। 1996 विश्व कप में भारत और श्रीलंका के साथ संयुक्त मेज़बानी करने के बाद यह पहला आईसीसी इवेंट होगा, जिसकी पाकिस्तान मेज़बानी करता नजर आएगा। 2008 में ही पाकिस्तान इसे होस्ट करने वाला था, लेकिन टूर्नामेंट स्थगित कर दिया गया था और फिर इसे सुरक्षा कारणों से साउथ अफ़्रीका स्थानांतरित कर दिया गया था।

## साद बिन जफर पहली बार कनाडा की टी20 विश्व कप टीम की कप्तानी करेंगे

**ओंटारियो, एजेंसी।** कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतर्राष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी।



कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा।

**टीम** – साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)।

**रिर्जव** – तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

## पाकिस्तान ने आयरलैंड-इंग्लैंड टी20 सीरीज के लिए टीम का एलान किया, क्या यही खिलाड़ी खेलेंगे विश्व कप?

**कराची, एजेंसी।** आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम से बाहर कर दिया। वहीं, हारिस रऊफ की टी20 टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की टीम में पूर्व क्रिकेटर्स मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज शामिल हैं। पाकिस्तान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम का एलान नहीं किया है, लेकिन गुरुवार को पीसीबी के चयनकर्ता ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने सभी टीमों को अपने संभावित-15 बताने के लिए एक मई की तारीख दी थी। हालांकि, समय बीत जाने के बावजूद पाकिस्तान टीम सामने नहीं आई। ऐसा कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने आईसीसी को टीम भेज दी है, लेकिन उसे सार्वजनिक करने का फैसला नहीं लिया है। इसके उलट पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। ऐसा माना जा रहा है कि यही टीम टी20 विश्व कप में भी खेलती दिखाई पड़ेगी। 25 मई के बाद कोई भी टीम आईसीसी की इजाजत के बिना अपने 15 में बदलाव नहीं कर सकेगी।



### हारिस रऊफ की पाकिस्तान टीम में वापसी

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम से बाहर कर दिया। वहीं, हारिस रऊफ की टी20 टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की टीम में मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद तय की जाएगी। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 10 मई से होने जा रही है।

# मार्श ने फ्रेजर-मैकगर्क को टी20 विश्व कप टीम में नहीं चुने जाने पर कहा, हमने सभी आधारों को कवर कर लिया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवनियुक्त टी20 कप्तान मिशेल मार्श ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क को 15 सदस्यीय टी20 विश्व कप टीम से बाहर करने का कारण स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम में ÷सभी आधार शामिल हैं, और मौजूदा सलामी बल्लेबाज; ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर ने पिछले 18 महीनों में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे वे मेगा इवेंट के लिए पसंदीदा विकल्प बन गए हैं।

2021 टी20 विश्व कप चैंपियन ने बुधवार को 20 ओवर के प्रदर्शन के लिए अपनी टीम का अनावरण किया, और 15 खिलाड़ियों के समूह से फ्रेजर-मैकगर्क और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ की अनुपस्थिति सबसे बड़े आश्चर्य में से एक थी। फ्रेजर-मैकगर्क मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार फॉर्म में हैं और अब तक तीन अर्धशतक बना चुके हैं। कई लोगों का मानना है कि दाएं हाथ के खिलाड़ी ने 1 जून से शुरू होने वाले कैरेबियन और यूएसए में टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने के लिए अपनी क्षमताओं का पर्याप्त प्रदर्शन किया है। मार्श ने ऑस्ट्रेलियाई रेडियो स्टेशन पर कहा, जेकी एक उत्कृष्ट प्रतिभा है। मुझे लगता है कि आप जानते हैं कि वह आईपीएल में जिस तरह से खेल रहा है, उसने तहलका मचा दिया है, वे सभी उससे प्यार करते हैं और निश्चित रूप से, दिल्ली टीम उसकी कंपनी का आनंद ले रही है और वह



टीम में जो कुछ भी लाता है उसका आनंद ले रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह जहां भी खेलेगा, उसका भविष्य बहुत बड़ा होगा।

फ्रेजर-मैकगर्क ने अब तक आईपीएल 2024 में 259 रन बनाए हैं, जिसमें 22 वर्षीय खिलाड़ी ने डीसी के लिए छह पारियों में से 23 मौकों पर बॉउंड्री को पार किया है और इस आयोजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में छठे स्थान पर हैं।

लेकिन हमें लगता है कि हमने अपनी टीम के सभी आधारों को कवर कर लिया है। हेडी और डेविड वार्नर न केवल लंबे समय तक बल्कि इस (टी20) विश्व कप की तैयारी में पिछले 18 महीनों में हमारे लिए शानदार रहे हैं। हम वास्तव में सहज हैं कि हमें उम्मीद है कि हमें (टी20) विश्व कप में आगे ले जाने के लिए सही 15 खिलाड़ी मिल गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें उम्मीद है कि फ्रेजर-मैकगर्क विश्व कप के तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद वाली टीम के लिए जोर देंगे, मार्श ने कहा, ओह, हाँ, इसमें कोई संदेह नहीं है। वह बहुत तेजी से सामने आया है। इसमें बड़ी मात्रा में प्रतिभा है जिसे कम उम्र से ही पहचान लिया गया है। हमने इस साल बिग बैश में इसकी झलक देखी और आप जानते हैं कि आईपीएल एक कठिन टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा, आप एक कदम पीछे नहीं हट सकते और वह निश्चित रूप से इसी तरह अपना क्रिकेट खेलते हैं। उनका भविष्य रोमांचक है।

## रिंकू के परिवार का सपना टूटा

### पिता बोले- हम मिठाई-पटाखे लेकर आए थे, बेटे ने बताया उसका सिलेक्शन नहीं हुआ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई के सिलेक्टर्स ने मंगलवार को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज रिंकू सिंह सिलेक्शन के मजबूत दावेदार थे लेकिन उनको जगह नहीं मिली। इससे रिंकू के परिवार वाले बहुत निराश हैं। उनके पिता खानचंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- हम मिठाई और पटाखे लेकर आए थे। हमें पूरी उम्मीद थी कि बेटा वर्ल्ड कप खेलेगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मिठाई-पटाखे रखे रह गए। रिंकू को 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। वे रिजर्व प्लेयर शामिल किया गए है। यानी मुख्य स्क्वॉड का कोई खिलाड़ी अगर खिलाड़ी चोटिल होता है तो रिंकू को जगह मिल सकती है।

### रिंकू ने मां को फोन कर कहा– मैं सिलेक्ट नहीं हुआ

खानचंद्र ने कहा, उम्मीदें तो बहुत थी और इसलिए थोड़ा दुख भी है। हम जश्न मना रहे थे, क्योंकि हमने सोचा था कि रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में होगा। उसका दिल तो टूटा है। उसने अपनी मां से बात की और बताया कि उसका नाम 11 या 15 में नहीं है। यह भी बताया कि वो रिजर्व के तौर पर वेस्टइंडीज-अमेरिका जा रहा है।

## आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। बुधवार को उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है।एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है। कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक बार फिर उसी जगह पर दर्द है। उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं थे, लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग-11 में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे।

**आईपीएल- 2024**

# पंजाब किंग्स की टीम पहुंची धर्मशाला, गगल हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत



**धर्मशाला, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 5 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ होने वाले मैच के लिए पंजाब किंग्स की टीम गुरुवार दोपहर बाद गगल एयरपोर्ट पर पहुंची। पंजाब की टीम ने चेन्नई से विशेष विमान से गगल हवाई अड्डे पर लैंड किया । यहां पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रशंसकों में खिलाड़ियों के साथ सेल्फी व फोटो खिंचवाने के लिए होड़ लगी रही। यहां से खिलाड़ी सीधे कंडी स्थित रेडीसन ब्लू होटल रवाना हुए। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स की टीम शुक्रवार को धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब और चेन्नई के बीच रविवार को आईपीएल का मैच खेला जाएगा। चेन्नई की टीम शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे धर्मशाला पहुंचेगी। इसके अलावा छह 6 को आरसीबी की टीम एक बजे गगल हवाई अड्डे पर उतरेगी।

### यह है पंजाब किंग्स की टीम

शिखर धवन (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, रिले रोसौव, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, ऋषि धवन, विधाथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, प्रिंस चौधरी, विश्वनाथ सिंह, नाथन एलिस, अथर्व तायदे, तनय त्यागराजन, लियाम लिविंगस्टोन, सिकंदर रजा, क्रिस वोक्स, हरप्रीत सिंह भाटिया और सैम कुरेन।

### चेन्नई सुपर किंग की टीम

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिशेल, मोइन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जाडेजा, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुस्तफिजुर रहमान, मथीशा पथिराना, समीर रिज़वी, शार्दुल ठाकुर, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, आरएस हैंगरगेकर, महेश थीक्षाना, निशांत सिंधु, अरवेल्ली अवनीश और रिचर्ड ग्लीसन।

उधर, धर्मशाला में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच की टिकटों की ऑफलाइन बिक्री शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग के बीच होने वाले मैच की टिकटों की ऑफलाइन बिक्री गुरुवार से शुरू हो गई। इसके लिए पंजाब किंग्स इलेवन फ्रैंचाइजी की ओर से स्टेडियम के बाहर बॉक्स ऑफिस पर टिकटों की बिक्री की गई। यह काउंटर सुबह 11:00 बजे खुला। यहां पहले आओ पहले पाओ के आधार पर टिकटें दी गईं।

**एफआईएच प्रो लीग**

## सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

### भारतीय महिला टीम :

गोलकीपर-सविता, बिछू देवी खारीबाम

डिफेंडर- निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

मिडफील्डर- सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड** – मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

# चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे, पदक पक्का



**अस्ताना, एजेंसी।** भारतीय युवा मुक्केबाज आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में आत्मविश्वास से भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का कर लिया।

आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराव शकरबॉय के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ भारत को बेहतरीन शुरुआत दी। उनकी जीत के बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने जीत हासिल की, जिन्होंने ईरान के मिरहमादी बाबाहेदरी पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस बीच, जतिन ने 57 किग्रा वर्ग में अपना अभियान उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त किया। यूथ सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने युवा क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आज उतरेंगे। मंगलवार देर रात जुगनू (86 किग्रा), तम्मना (50 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने जीत हासिल कर अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार को आठ अंडर-22 मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा) और ध्रुव सिंह। पुरुष वर्ग में (80 किग्रा) जबकि महिला वर्ग में गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) अपनी चुनौती रखेंगी। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमशः 6 और 7 मई को खेला जाएगा।

## दीपक चाहर की चोट पर सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दिया अपडेट

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट के बारे में अपडेट दिया और कहा कि 31 वर्षीय खिलाड़ी अच्छे नहीं दिखते। बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले के दौरान चाहर गेंदबाजी करते समय चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

उन्हें दूसरी पारी का पहला ओवर दिया गया। दूसरी डिलीवरी के तुरंत बाद सीएसके के गेंदबाज ने कप्तान रुतुताज गायकवाड़ से बात की और अपने स्पेल में सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। चाहर के स्पेल की बाकी चार गेंदें पूरी करने के लिए शार्दुल ठाकुर को बुलाया गया। मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि चाहर की चोट बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सीएसके टीम प्रबंधन अधिक सकारात्मक रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि तुषार देशपांडे इस समय फ्लू से पीड़ित हैं जिसके कारण उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया है। फ्लेमिंग ने कहा, दीपक चाहर अच्छे नहीं दिखते। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। इसलिए हम और सकारात्मक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फिजियो और डॉक्टर देखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### वास्तु दोष हटाने के नाम पर बार-बार रेप, आरोपी को गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी।** गुजरात में एक 42 साल की महिला के साथ फेसबुक पर बने उसके एक दोस्त ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने वास्तु दोष हटाने के नाम पर बार-बार महिला का रेप किया। उसने उसकी अश्लील तस्वीरें भी अपने फोन में खींच ली, जिसे वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल करता रहा और अपनी हवस की आग मिटाता रहा। पुलिस ने 44 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह खुद को वास्तु एक्सपर्ट बताया था। उसकी पहचान राहुल पांड्या के रूप में हुई है। यह सूरत का मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी की बातचीत साल 2021 में फेसबुक पर शुरू हुई थी। दोनों के बीच धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। एक दिन महिला ने आरोपी राहुल पांड्या को अपनी आर्थिक समस्याओं के बारे में बताया। इस पर राहुल ने कहा कि उसे वास्तु शास्त्र की जानकारी है और वह उसकी सारी समस्याओं को दूर कर सकता है। महिला ने उस पर भरोसा कर लिया और उसे अपने घर बुलाया। राहुल पांड्या महिला के घर पहुंचा और उसे बताया कि बाथरूम और बेडरूम वास्तु के हिसाब से सही जगह पर नहीं है। फिर उसने कहा कि वास्तु दोष हटाने के लिए अनुष्ठान करना होगा। उसने महिला को बेडरूम के दरवाजे के पास खड़ा होने को कहा और दोष हटाने के लिए उसके माथे पर किस करने की कोशिश करने लगा। इसपर महिला ने आपत्ति जताई।

### बॉबी देओल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने पिता धर्मेंद्र को दिया!

**मुंबई, एजेंसी।** कामयाबी का पूरा मज़ा लेते हुए, द ग्रेट इंडियन कपिल शो अपने लॉन्च के बाद से ही हर हफ़्ते कामयाबी के झंडे गाड़ रहा है। नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो आगामी शनिवार को अपने अगले एपिसोड में बॉलीवुड की सबसे मशहूर देओल भाईयों की जोड़ी (सनी और बॉबी देओल) को ला रहा है। इस एपिसोड में, देओल बंधु पुरानी यादों से लेकर अपनी आज की कामयाबियों के लिए शुक्रिया करने तक, दर्शकों से सब कुछ शेयर करते हैं, लेकिन सबसे मीठे होते हैं वो पल, जब बॉबी देओल अपने पिता धर्मेंद्र जी के बारे में एक दिल छू लेने वाली कहानी बताते हैं। कामयाबी के शानदार साल और एनिमल में अबरार के रूप में अपने शानदार अभिनय से ज़बरदस्त सराहना हासिल करने के बाद, बॉबी देओल सातवें आसमान पर हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि असल में ऐसी एक क्या बात हुई जिसने उनके दिल को छू लिया ? बॉबी एनिमल की ज़बरदस्त कामयाबी के बाद अपने महान पिता से हुई बातचीत के बारे में बताते हैं, जहाँ दिग्गज आइकन खुद को अपने बेटे की प्रशंसा करने से नहीं रोक पाये। इस घटना के बारे में बॉबी देओल कहते हैं, हर बेटा अपने पिता की आंखों में वह खुशी देखना चाहता है और मैंने हमेशा अपने पिता का बहुत सम्मान किया है... मैं एक हफ़्ते बाद घर लौटा था और पिताजी इंस्टाग्राम पर स्क्रॉल कर रहे थे, उन्होंने मुझे रोका और बोले बॉब, लोग तुम्हारे दीवाने हो गये हैं।

### आधी मुंबई बनेगी एकनाथ शिंदे - उद्धव की गवाह, पहली बार कांग्रेस को वोट देंगे ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की छह लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबलों के लिए तलवारें खिंच गई हैं, जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) तीन सीट पर आमने-सामने होंगी। मुंबई की दो सीट पर चिर प्रतिद्वंद्वियों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा आमने-सामने होंगी। मुंबई के छह निर्वाचन क्षेत्रों में मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम शामिल हैं। ये महाराष्ट्र की उन 13 सीट में शामिल हैं, जिन पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में शिवसेना और शिवसेना (यूबीटी) के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) आमने-सामने होंगी। मुंबई दक्षिण में, उद्धव ठाकरे की पार्टी के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत का मुकाबला शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। जाधव मुंबई के भायखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

# दिल्ली में बारिश का अलर्ट, लोगों को भीषण गर्मी से मिलेगी निजात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को मई के पहले हफ्ते भीषण गर्मी का अहसास नहीं होगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, तीन मई तक दिल्ली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इस दौरान 35 से 45 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तेज हवा और हल्के बादलों की आवाजाही के कारण दिल्ली-एनसीआर में तापमान सामान्य के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने 4 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और रात में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

दिल्ली का अधिकतम तापमान बुधवार को गिरकर 33.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य



से पांच डिग्री कम है। आईएमडी ने यह जानकारी दी है। वहीं, न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से तीन डिग्री कम था। वैज्ञानिक और क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि दो मई के बाद राजधानी में तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। तीन से छह मई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे, बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम कार्यालय ने गुरुवार को आसमान साफ रहने और दिन के दौरान 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली में आंधी आने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में एक मई को अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रहा था जबकि 2022 में 43.5, 2021 में 40, 2020 में 38.8 और 2019 में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई का अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। इस बार मई की गर्मी लोगों को कुछ ज्यादा ही झुलसाएगी। वहीं दिल्ली-एनसीआर में चार से छह मई के बीच बारिश, आंधी तूफान की संभावना है।

## ए.एम.बी. कार्यक्रम ने मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ाया: अमीशा

### अनीमिया को हराने की अमीशा की सफल यात्रा



**भोपाल, एजेंसी** मध्यप्रदेश के देवास जिले में युवाओं के सेहत और स्वास्थ्य के स्तर में में धीरे-धीरे सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। इस परिवर्तन की साक्षी है जिले की एक होनहार छात्रा अमीशा जो अनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। अमीशा की कहानी उसकी आयु की कई अन्य लड़कियों के साथ शुरू हुई, जिनके बीच अनीमिया एक अदृश्य बीमारी की तरह अपनी जड़ें जमाता जा रहा था 7 अनीमिया के लक्षण शरीर के थके रहने, पीला पड़ने, ध्यान लगाने की क्षमता में कमी के रूप में प्रकट होते हैं। अनीमिया ने अमीशा के जीवन पर गहरा असर डाला, और उनके सपनों एवं महत्वाकांक्षाओं के मार्ग को धूमिल कर दिया। लेकिन इन कठिनाइयों के बीच ए.एम.बी. कार्यक्रम आशा की एक किरण बनकर उभरा है । मध्य प्रदेश सरकार के नेतृत्व में संचालित और न्यूट्रिशन इंटरनेशनल द्वारा समर्थित अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का उद्देश्य अनीमिया से बचाव एवं रोकथाम है। अमीशा के लिए अनीमिया से लड़ने का मतलब आयरन और फोलिक एसिड (आईएफए) की नियमित खुराक लेना था। यह एक आसान लेकिन दमदार तरीका है जिससे उसकी ऊर्जा और एकाग्रता को बढ़ाया जा सकता है । अमीशा पहले साप्ताहिक आई.एफ.ए. का सेवन करने के लिए इच्छुक नहीं थी।

## बंगाल की आसनसोल सीट पर कभी वामपंथियों का बोलबाला, 2019 में भाजपा जीती

**आसनसोल, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान किया जाना है। पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा पूरा जोर लगा रही है कि 2019 से बेहतर प्रदर्शन कर सके। उधर, ममता बनर्जी की टीम की पूरी कोशिश है कि वह अपने गढ़ में भाजपा को बुरी तरह हराए। इस बार लोकसभा चुनाव में आसनसोल पश्चिम बंगाल की हॉट सीटों में एक है। इसका इतिहास काफी रोचक है। यह सीट कभी माकपा का गढ़ हुआ करती थी। अब इस सीट पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच वर्चस्व की जंग चल रही है। 2019 में भाजपा जरूर जीती लेकिन, 2022 उपचुनाव में टीएमसी बाजी मार गई। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है। आसनसोल लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। बाबुल सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद सीपीआई के इस किले में टीएमसी ने 2022 के उपचुनाव में सेंध लगाई। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा इस सीट पर विजयी हुए। टीएमसी ने एक बार फिर उन पर



दांव लगाया है। वहीं उप-चुनाव में सीट गंवाने वाली भाजपा ने जीत पक्की करने के लिए भाजपा नेता एसएस आहलूवालिया को मैदान में उतारा है। दोनों दल दावा कर रहे कि वे इस बार रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज करेंगे।

एसएस आहलूवालिया 2014 के आम चुनाव में दार्जलिंग और 2019 के चुनाव में बर्दवान-दुर्गापुर सीट से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि असानसोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात सीटें आती हैं। इसमें से पांडवेश्वर, रानीगंज, जमूरिया, आसनसोल उत्तर, बारबानी पर तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है। वहीं दो सीटें कुल्टी व आसनसोल दक्षिण पर भाजपा का कब्जा है।

उधर, आसनसोल से चुनाव लड़ रहे शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि जनता मुझे रिकॉर्ड बहुमत से संसद पहुंचाएगी। मेरी जीत का पिछला रिकॉर्ड भी इस बार टूट जाएगा। आसनसोल संसदीय क्षेत्र से लगातार पिछड़ रही तृणमूल की जीत का सपना शत्रुघ्न सिन्हा ने ही साकार किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने विजेता बनने के लिए काफी मेहनत की थी। हालांकि भाजपा ने यहां बाजी मार ली थी।

## ट्रेन में पैसेंजर को हुई पानी की समस्या तो सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय सरकार द्वारा रेलवे में मिलने वाली व्यवस्थाओं को लेकर बड़े बड़े दावे करने के बीच सोशल मीडिया ङ्क पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक व्यक्ति ने ट्रेन के स्टाफ द्वारा पानी नहीं देने का वीडियो पोस्ट किया है।

बता दें कि अभिनव सिंह नाम के ङ्क यूजर ने एक ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि भारतीय रेलवे में पानी के लिए संघर्ष वास्तविक है। मैं अकेला नहीं था, 5 और लोगों को पानी चाहिए था। मैं दरवाजा तोड़ने वाला था फिर एक ने आकर मुझे बोतल लाके दिया!!

सिंह ने अपने ट्वीट में एक वीडियो और एक फोटो भी शेयर की। एक वीडियो में उन्हें एक रेलवे कर्मचारी से पानी मांगते हुए देखा जा सकता है, जो सिंह को पानी देने के लिए मना करता हुआ दिखाई दे रहा है। दूसरी तस्वीर में दो लोग पानी की बोतलें पकड़े हुए हैं।

ट्वीट शेयर होने के बाद से ही काफी वायरल हो गया है। इस पोस्ट को अब तक 69 हजार से अधिक बार देखा जा चुका है। इस ट्वीट को अब तक लगभग 300 लाइक्स मिल चुके हैं। लोगों ने शेयर पर प्रतिक्रिया





देते हुए तरह-तरह के कमेंट भी पोस्ट किए हैं।

**भारतीय रेलवे से जुड़ी इस पोस्ट पर एक्स यूजर्स ने क्या कहा?त्न** एक एक्स उपयोगकर्ता ने ट्वीट कर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, यह कैसी सेवा है? पूरी तरह से सेवा डाउनग्रेड हो गई है।

दूसरे यूजर ने लिखा, वंदे भारत में उन्होंने 1 लीटर से 500 मिलीलीटर की बोतलें शुरू कीं। पूछने पर, मैं भाग्यशाली था कि मुझे एक और बोतल मिल गई, लेकिन सह-यात्रियों में से एक को दूसरी बोतल के लिए भुगतान करने के लिए कहा गया। कोई व्यवस्था नहीं है।

तीसरे यूजर ने लिखा, वास्तव में ये बुरा व्यवहार है और मैंने अपने ?10 भी खो दिए जब उस आदमी ने मुझसे कहा कि चेंज नहीं है अभी ला के देता हूं (मेरे पास चेंज नहीं है, थोड़ी देर में लाऊंगा) लेकिन वो दोबारा आया ही नहीं।



## मेक्सिको की खाड़ी में मिला दुनिया का सबसे गहरा ताम जा ब्लू होल, नहीं जा सका है कोई गोताखोर व सबमरीन

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको में दुनिया सबसे गहरा ब्लू होल मिला है। यह मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के चेतुमल खाड़ी में है। इसका नाम है 'ताम जा ब्लू होल'। अभी तक वैज्ञानिक इसकी गहराई नाप नहीं पाए हैं लेकिन शुरुआती गणना के अनुसार ये करीब 1,380 फीट गहरा है और समुद्र के नीचे की सतह में है। इससे पहले सबसे गहरे गड्ढे का रिकॉर्ड दक्षिणी चीन सागर में मौजूद ड्रैगन होल के नाम था। यह 990 फीट गहरा था। जबकि, ताम जा ब्लू होल चीन के गड्ढे से 390 फीट ज्यादा गहरा है। पिछले वर्ष छह दिसंबर को गोताखोरों ने इस गड्ढे को ढूंढ निकाला था। इस संबंध में बीते 29 अप्रैल को फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई नापने के लिए कंडक्टिविटी, टेंपरेचर एंड डेप्थ प्रोफाइलर (सीटीडी) तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे समंदर के नीचे की सतह का रियल टाइम डेटा मिलता है। जिससे पता चलता है कि यह दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल है। जिसकी तलहटी तक अभी कोई गोताखोर या सबमरीन जा नहीं पाई है। सीटीडी प्रोफाइलर से यह भी पता चला है कि 1,312 फीट की गहराई में इस गड्ढे से कई गुफाएं और सुरंगें भी निकलती हैं। जो आपस में जुड़ी हुई हैं।

## राफा में नरसंहार रोकने की कोशिश; नेतन्याहू को मनाने में जुटा अमेरिका, हमास भी अड़ा

**राफा, एजेंसी।** दक्षिण गाजा के शहर राफा में नरसंहार का खतरा लगातार मंडरा रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू किसी भी कीमत पर हमास के खिलाफ जंग नहीं छोड़ने की बात दोहरा चुके हैं। उन्होंने अब राफा में ऑपरेशन शुरू करने की बात कही है। राफा में गाजा से भाग आए 10 लाख शरणार्थी हैं। नेतन्याहू के ऐलान के बाद अमेरिका समेत पूरी दुनिया को नए नरसंहार का डर है। इसलिए अमेरिका समेत कई देश हमास और इजरायल को मनाने में जुटे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पहले हमास अधिकारियों को अलर्ट किया कि उनके पास डील मानने का अभी भी वक्त है। उधर, बुधवार को ब्लिंकन ने नेतन्याहू से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात का मुख्य मकसद राफा में जंग रोकना है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को इज़रायल में प्रधान मंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की, यह पश्चिम एशिया दौरे पर उनका नवीनतम पड़ाव है। राष्ट्रपति बाइडेन इज़रायल को दक्षिणी गाजा के एक शहर राफा पर हमला करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जहां लाखों फिलिस्तीनियों ने गाजा युद्ध के दौरान शरण ले रखी है। ब्लिंकन और बाइडेन







प्रशासन सिर्फ इजरायल ही नहीं हमास से भी बंधकों को मुक्त करने के लिए नई डील पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं।

**महीनों से चल रही वार्ता:** नई डील में मुख्य बाते हैं- छह सप्ताह का युद्धविराम और कुछ फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अस्थायी युद्धविराम से स्थायी युद्धविराम हो सकेगा। हालांकि अमेरिका की उम्मीदों को तब झटका लगा जब नेतन्याहू ने बंधकों के परिवारवालों से मुलाकात के दौरान कसम खाई कि वे जल्द ही राफा में नया ऑपरेशन शुरू करेंगे। नेतन्याहू के ऐलान से अब नए कत्लेआम का खतरा पैदा हो गया है। युद्धविराम वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। वे अब हमास से कम से कम 33 नागरिकों को मुक्त कराने पर राजी हैं, जिन्हें तत्काल मेडिकल सुविधा की आवश्यकता है।

# मानवाधिकार संगठन का आरोप- सोशल मीडिया पोस्ट के लिए हुई सजा

**दुबई, एजेंसी।**
मुस्लिम देश सऊदी अरब महिला अधिकारों के दमन को लेकर जाना जाता है। हाल के सालों में महिलाओं के लिए कई सुधार किए हैं। फिर भी काफी हद तक यह देश पीछे ही है। दरअसल, यहां एक 29 साल की फिटनेस इंस्ट्रक्टर को उसके कपड़ों और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने को लेकर 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, इंस्ट्रक्टर के बचाव में मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल उतर आया है। उसने सऊदी अरब से महिला को सजा से रिहा किए जाने को कहा है। साथ ही देश की पुरुष को बढ़ावा देने वाली प्रणाली को खत्म करने का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुरोध पर सऊदी अरब के औपचारिक जवाब सामने आने पर लंदन स्थित एमनेस्टी ने मंगलवार को कहा कि मनाहेल अल-ओतैबी को जनवरी में सजा सुनाई गई थी।एमनेस्टी और लंदन स्थित अल-क्यूस्ट का कहना है कि ओतैबी पर



आरोप लगाया गया था कि उसने सोशल मीडिया पर पुरुष संरक्षकता को खत्म करें पोस्ट किया और साथ ही उसके वीडियो सामने आए, जिसमें उसने ढंग के कपड़े नहीं पहने थे। हालांकि, इन सब पर जब एक न्यूज एजेंसी ने सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय मीडिया कार्यालय से जानकारी लेनी चाहिए, तो सवालों का जवाब नहीं दिया गया। वहीं, सऊदी अरब ने संयुक्त राष्ट्र के अधिकार कार्यालय को अपने औपचारिक जवाब में इस बात से इनकार किया कि अल-ओतैबी को सोशल मीडिया पोस्ट के लिए सजा सुनाई गई थी। इसमें कहा गया कि उन्हें आतंकवादी अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसका उनके विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग या उनके सोशल मीडिया पोस्ट से कोई लेना-देना नहीं है।

**ओतैबी की बहन पर भी आरोप:** एमनेस्टी के अनुसार, अल-ओतैबी की बहन फौजिया पर भी इसी तरह के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन 2022 में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद वह सऊदी अरब से भाग गई थी। सऊदी अरब पर एमनेस्टी के प्रचारक बिसान फकीह ने कहा कि ऐसी सजाओं के चलते सऊदी ने हाल के वर्षों में महिला अधिकार सुधारों की योजना के खोखलेपन को उजागर किया है। महिलों की बात को दबाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

सऊदी अरब एक कट्टर इस्लामिक देश है, जो पहले वहाबी विचारधारा का सबसे बड़ा समर्थक था। पर साल 2017 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने महिलाओं की स्थिति में बदलाव लाने का वादा किया और सत्ता में आ गए। हालांकि, सत्ता में आने के बाद उन्होंने पुरुष संरक्षकता कानूनों में कुछ प्रतिबंधों में ढील दी।

## चीन में सड़क धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई

**शेन्ज़ेन (चीन), एजेंसी।** चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में सड़क धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुरुवार को बताया कि सड़क धंसने से नीचे गिरे तीन और वाहनों की तलाश जारी है। चीनी मीडिया ने पहले 24 मौतों की खबर दी थी। इस क्षेत्र में कई दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेस वे पर मेइझोउ शहर के पास सड़क का 18 मीटर लंबा हिस्सा धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने जोरदार आवाज सुनी और सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा देखा, जो धंसा हुआ था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि गुआंगडोंग प्रांत में असामान्य रूप से भारी बारिश हो रही है। पर्ल नदी में बाढ़ आ गई है। गुआंगजौ के कस्बों और गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। एक सरकारी बयान के अनुसार, हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129